ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.06.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 132-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. मोहम्मद ज़ैद — वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

02.	फुरकान कादिर उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
03.	मंजूर अहमद मीर कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.03.2017 को जम्मू और कश्मीर पुलिस ने मुहम्मद रमजान गनी, मुहम्मद रमजान मल्ला का दामाद, निवासी हफ्रू निगीनपुरा त्राल के मकान में हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के दो शीर्ष आतंकवादी के मौजूद होने के बारे में एक सूचना एकत्र की। एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई तथा 42-आरआर, 180 बटालियन, 185 बटालियन, 130 बटालियन सीआरपीएफ और वेस्ट श्रीनगर के सिटी पुलिस कम्पोनेंट की सहायता से नाकेबंदी की गई। दो तलाशी पार्टियां गठित की गई, जिनमें एक का नेतृत्व श्री मोहम्मद ज़ैद-केपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवन्तिपोरा ने और दूसरे का नेतृत्व श्री श्रीराम दिनकर अम्बारकार-आईपीएस, पुलिस अधीक्षक सिटी, वेस्ट श्रीनगर ने किया। जैसे ही परिवार के सदस्य मकान छोड़ने वाले थे, तभी भीतर छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी कर रही पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसकी वजह से वे नागरिक भूतल पर फंस गए। तथापि, आत्मरक्षा में सावधानीपूर्वक/प्रभावी रूप से जवावी गोलीबारी की गई। आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने और परिवार के सदस्यों को बाहर आने देने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया और इसके बाद परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाई गई। एसआई संजीव देव सिंह सं. एआरपी 996974, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल शबीर अहमद सं. 535/आईआर 11वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल कयूम अहमद सं. 835/आईआर 11वीं बाटलियम, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल यशपाल सं. 836/आईआर 11वीं बटालियन, कांस्टेबल विजय कुमार सं. 334/एपी 9वीं बटालियन, कांस्टेबल करण त्रिसल सं. 675/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल मेहराजुद्दीन सं. 652/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल मंजूर अहमद नायक सं. 460/आईआरपी, 11वीं बटालियन, कांस्टेबल मंजूर अहमद सं. 445/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल दिलावर हसन सं. 616/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल जाविद अहमद सं. 1881/ए, फ़ोल महम्मद रमज़ान सं. 54/एडब्ल्यूटी और 08 एसपीओ के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवन्तिपोरा के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी मकान के परिसर में दाखिल हुई और वे 02 अलग अलग दिशाओं से भारी गोलीबारी के चपेट में आ गई। उप पुलिस अधीक्षक फुरकान कादिर-केपीएस, एसआई मोहम्मद मकबूल सं. 2183/एस, एसआई मुसिर असगर सं. ईएक्स के-109363, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद अशरफ सं. 811/एस, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल अब्दुल रशीद सं. 2605/एस, कांस्टेबल रमीज़ युसुफ सं. 2511/एस, कांस्टेबल तबस्सुम अहमद सं. 4404/एस, महराज अहमद सं. 790/एपी 13वीं बटालियन और 06 एसपीओ के साथ पुलिस अधीक्षक सिटी, वेस्ट श्रीनगर के नेतृत्व वाली दूसरी पार्टी ने आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझाए रखा, जबकि इस बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवन्तिपोरा अपनी टीम के साथ सावधानी पूर्वक मकान की तरफ आगे बढे और भूतल पर उस कमरे के दरवाज़े को सफलतापूर्वक खोल दिया, जिसमें परिवार के सदस्य फंसे हुए थे, परिवार के सभी सदस्य पुलिस पार्टी के कवर में मकान से बाहर भागे। इस पुलिस पार्टी ने एक तरफ आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझाए रखा और दूसरी तरफ परिवार के सदस्यों को सुरक्षित गेट से बाहर निकालने में सफल रही। नागरिकों को बाहर निकालने के बाद मकान में छिपे हुए आतंकवादियों को ख़त्म करने के लिए ताकि किसी प्रकार के अतिरिक्त नुकसान को रोका जा सके, 42 आरआर की सहायता से लक्षित मकान के निकट एक आईईडी बिछाने की योजना बनाई गई। तदनुसार, मेजर रेशी 42 आरआर, एसआई संजीव देव सिंह, कांस्टेबल मंजूर अहमद नाइक, कांस्टेबल मंजूर अहमद, कांस्टेबल दिलावर हसन, कांस्टेबल जाविद अहमद और फोल मोहम्मद रमजान को शामिल करते हुए एक टीम ने लक्षित मकान के निकट आईईडी बिछाने की कोशिश की। छिपे हुए आतंकवादियों ने ऊंचाई का लाभ उठाते हुए 42 आरआर के मेजर रेशी पर गोली चलाई, जो कि गंभीर रूप से ज़ख़्मी हो गए। उन्हें टीम के लोगों की सहायता से बाहर निकाला गया। आतंकवादी विभिन्न दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। मध्यरात्रि के आसपास एक और टीम गठित की गई, जिसका नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवन्तिपोरा कर रहे थे और इस दल में कांस्टेबल मंजूर अहमद नाइक, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल शब्बीर अहमद, कांस्टेबल मेहराज-उ-द्दीन, कांस्टेबल जावेद अहमद, कांस्टेबल मंजूर अहमद और सीआरपीएफ के 03 कर्मी शामिल थे। अब गठित टीम को दो अलग-अलग दिशाओं से कवर गोलीबारी दी जा रही थी और वे मकान गिराने के लिए आईईडी बिछाने में सफल हो गए। आईडी बिछाना एक इस ऑपरेशन का महत्वपूर्ण हिस्सा था विशेषकर, कि से तब जब एक अधिकारी ज़ख़्मी हो गया हो। तथापि, कांस्टेबल मंजूर अहमद नाइक और कांस्टेबल मंजूर अहमद ने तीन अलग-अलग मौकों पर ऐसा किया है। मकान को गिराने के बाद 02 पुलिस टीमों अर्थात्, एक टीम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवन्तिपोरा के नेतृत्व में और दूसरी टीम पुलिस अधीक्षक सिटी वेस्ट श्रीनगर के नेतृत्व में दो अलग-अलग दिशाओं से मलबे की तरफ बढ़ने लगी। आगे बढ़ते समय एक आतंकवादी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवन्तिपोरा के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे कांस्टेबल मंजूर अहमद नाइक को गंभीर चोटें आई और कांस्टेबल मंजूर अहमद को हलकी चोटें आई। जवाबी गोलीबारी में एक विदेशी आतंकवादी मारा गया। घायल पुलिस कर्मियों (कांस्टेबल मंजूर अहमद नाइक और कांस्टेबल मंजूर अहमद) अपनी जान की परवाह किये बिना लड़ते रहे, लेकिन बाद में कांस्टेबल मंजूर अहमद नाइक की चोट लगने के कारण मृत्यु हो गई और वे वीरगति को प्राप्त हुए। मलवे की पीछे से एक अन्य आतंकवादी पुलिस पार्टी/सुरक्षा बलों को निशाना बना रहा था। छिपे हुए आतंकवादी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवन्तिपोरा के नेतृत्व वाली पहली पुलिस पार्टी की तरफ अंधाधुंध गोलीबारी करता देख, पुलिस अधीक्षक सिटी वेस्ट के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने आतंकवादी

की तरफ एक हथगोला फेंका। आतंकवादी ने बचने की कोशिश की, लेकिन उसे गोली मार दी गई और इस तरह ऑपरेशन समाप्त हुआ। 02 मारे गए आतंकवादियों की पहचान आकीब अहमद भट उर्फ मौलवी उर्फ जीशान, पुत्र अबू खालिक भट, निवासी हेयना त्राल (एचएम श्रेणी ए++) और हमास, निवासी पकिस्तान (ए++ हेतु अनुशंषित जेईएम) के रूप में हुई। ऑपरेशन के दौरान बरामद हथियार/गोलाबारूद में 02 एके 47 राइफल (क्षतिग्रस्त), 06 एके 47 मैगजीन (क्षतिग्रस्त), 30 एके-47 राउंड शामिल हैं। इस संबंध में त्राल पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और यूएलए (पी) अधिनियम की धारा 16, 18, 19, 20, 38 के तहत प्राथमिकी सं. 10/2017 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मोहम्मद ज़ैद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फुरकान कादिर, उप पुलिस अधीक्षक और मंजूर अहमद मीर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04.03.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 133-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. डॉ. जी. वी. संदीप चक्रवर्ती, आईपीएस
अपर पुलिस अधीक्षक

02. सैयद मुदासिर जाविद गिलानी
उप निरीक्षक

03. जीएच. मोहम्मद
सहायक उपनिरीक्षक

04. फिरोज़ अहमद लोन
सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 01.06.2017 को अपराह्न लगभग 02.45 बजे मीर मोहल्ला नाथिपोरा के सामान्य क्षेत्र में एचएम आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर सोपोर पुलिस ने 22 आरआर और सीआरपीएफ के सहयोग से इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ संपर्क स्थापित हुआ, जो मोहम्मद मकबूल मीर पुत्र अब्दुल खालिक मीर, निवासी-मीर मोहल्ला, नाथिपोरा, सोपोर के मकान में छुपे हुए थे। चूँकि, रात अधिक हो चुकी थी और लक्षित मकान के आसपास के इलाके में रहने वाले लोग अपने अपने घरों में गहरी नींद में सोये हुए थे, इसलिए पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए आम नागरिकों को उनके घरों से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था और यह उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी बन गई थी। तदनुसार पुलिस/सेना/सीआरपीएफ की मिलकर दो संयुक्त टीमें गठित की गई, जिसमें प्रथम टीम में डॉ. जी वी संदीप, आईपीएस, सं. 145796-आईपीएस, एसडीपीओ सोपोर, एसआई सैयद मुदासिर, जाविद गिलानी सं. 7843/एनजीओ, एएसआई जीएच. मोहम्मद सं. 281/एसपीआर, एचसी मंजूर अहमद सं. 270/एसपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल फिरोज अहमद सं. 192/एसपीआर, कांस्टेबल तवसीफ अहमद सं. 451/एसपीआर, कांस्टेबल निर्मल देव सं. 547/एपी 7वीं, कांस्टेबल अरशद अहमद सं. 678/एसपीआर, मो. गुलजार सं. 196/एसपीओ, अब्दुल रशीद सं. 964/एसपीओ, मो. अमीन सं. 391/एसपीओ, गुलजार अहमद सं. 427/एसपीओ और मजनून अहमद सं. 203/एसपीओ द्वितीय टीम में श्री शौकत अहमद-जेकेपीएस सं. 116067-जेकेपीएस उप पुलिस अधीक्षक (ओपीएस) सोपोर, एसआई सजाद अहमद सं. एआरपी-109307, कांस्टेबल दाउद अहमद सं. 09/एसपीआर एवं कांस्टेबल अकील अहमद सं. 46/एसपीआर, कांस्टेबल सिराज अहमद सं. 438/एसपीआर, कांस्टेबल शबीर अहमद सं. 772/एसपीआर, कांस्टेबल मुस्ताक अहमद सं. 449/आईआरपी 13वीं बटालियन, शौकत अहमद सं. 245/एसपीओ, मो. युसूफ सं. 73/एसपीओ, सजाद अहमद सं. 410/एसपीओ, तौसीफ अहमद सं. 289/एसपीओ और जीएच. मोहम्मद सं. 424/एसपीओ शामिल थे। इन टीमों को नाकेबंदी वाले इलाके में फंसे हुए आम

नागरिकों को बाहर निकालने का कार्य सौंपा गया। संयुक्त पार्टियों खासतौर पर अनुशंषित पार्टियों ने उच्चस्तरीय पेशेवर कुशलता, साहस और बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करते हुए सभी फंसे हुए नागरिकों को उनके अपने घरों से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाकेबंदी को लक्षित मकान के निकट और अधिक मजबूत किया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। तलाशी के दौरान छुपे हुए आतंकवादियों को समर्पण करने की चेतावनी दी गई लेकिन बदले में आतंकवादियों ने हथगोले फेंके और बाद में अपने स्वचालित हथियारों से तलाशी कर रही पार्टी पर भारी गोलीबारी की। एडवांस/संयुक्त पार्टियों, जिसमें अनुशंषित पार्टी भी शामिल थी, ने अपना मनोबल नहीं खोया और तत्काल जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप आमने सामने की गोलीबारी शुरू हो गई। चूँकि आतंकवादी मकान में छिपने वाली स्थिति में थे, वे ऑपरेशनल कंपोनेंट पर लगातार अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे और उनकी मंशा बचकर भागने के लिए उपद्रवियों/पत्थरबाजों की सहायता के लिए मुठभेड़ को देर तक चलाने की थी। उनकी रणनीति के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए मुठभेड़ स्थल को जोड़ने वाली सभी सड़कों/गलियों एवं अन्य गलियों को बंद कर दिया गया और दूसरी तरफ डॉ. जी वी. संदीप, आईपीएस (प्रथम टीम) के नेतृत्व में उपरोक्त नाम वाले पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम ने स्वयं लक्षित मकान में घुसने की पहल की। सुनियोजित योजना के अनुसार प्रथम संयुक्त पार्टी रेंग कर लक्षित मकान की ओर आगे बढ़ी जबकि दूसरी संयुक्त टीम ने प्रथम पार्टी को फायरिंग कवर देने के लिए, जब तक कि प्रथम पार्टी लक्षित मकान तक नहीं पहुच जाती, उनके पीछे-पीछे आगे बढ़ी। छुपे हुए आतंकवादियों ने जब यह भांप लिया कि सुरक्षा बल/पुलिस किसी भी समय मकान में घुसने वाले हैं, तो उनमें से एक अपनी योजना के अनुसार, एक मकान के सामने की तरफ कूद गया और उसने पहली संयुक्त पार्टी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी, लेकिन पार्टी, खासतौर पर डॉ. जी वी संदीप - आईपीएस, उप निरक्षक सैयद मुदासिर जाविद गिलानी, सहायक उप निरीक्षक जीएच. मोहम्मद और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल फ़िरोज़ अहमद ने अपनी जान की परवाह किये बिना और उच्च कोटि की हिम्मत, धैर्य और पेशेवर कुशलता का प्रदर्शन करते हुए, अत्यंत निकट से प्रभावी जवाबी गोलीबारी की और आमने-सामने की गोलीबारी में एक आतंकवादी को मौके पर ही मार दिया। इस बीच, एक अन्य आतंकवादी कोई और चारा न देख खिड़की के रास्ते मकान की बायीं ओर कूद गया, जिसे तत्काल ही दूसरी संयुक्त पार्टी द्वारा उलझा लिया गया और इस जवाबी कारवाई में दूसरी पार्टी ख़ासतौर पर श्री शौकत अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोपोर, उप निरीक्षक सजाद अहमद, कांस्टेबल दाउद अहमद और कांस्टेबल अकील अहमद ने स्वयं को गहरे जोखिम में डालकर तथा अदम्य वीरता और पेशेवर कुशलता का प्रदर्शन करते हुए, दूसरे आतंकवादी को भी मौके पर ही मार गिराया। मारे गए आतंकवादियों की बाद में अत्यंत दुर्दांत हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकवादी बशरत अहमद शेख उर्फ़ बाशा पुत्र श्री मोहम्मद रमजान शेख, निवासी-मल्पोरा पंडितन बोमई, सोपोर और एजाज़ अहमद मीर पुत्र अब्दुल कयूम मीर, निवासी-ब्राथ कल्लन सोपोर के रूप में हुई। ऑपरेशन में बरामद किये गए हथियारों/गोलाबारूदों में 02 एके-47 राइफल, 06 एके-47 मैगजीन, 107 एके-47 कारतूस और 02 पाउच शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस स्टेशन बोमई में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत प्राथमिकी संख्या 47/2017 दर्ज की गई है। पूरे ऑपरेशन में डॉ. जी वी संदीप-आईपीएस, उप निरीक्षक सैयद मुदासिर जाविद गिलानी, सहायक उप निरीक्षक जीएच. मोहम्मद और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल फ़िरोज़ अहमद ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई तथा अनुकरणीय बहादुरी और नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन के दो स्थानीय दुर्दांत आतंवादी को बिना किसी नुकसान के मार गिराया गया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री डॉ. जी वी संदीप चक्रवर्ती, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक, सैयद मुदासिर जाविद गिलानी, उपनिरीक्षक, जीएच. मोहम्मद, सहायक उपनिरीक्षक और फ़िरोज़ अहमद लोन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.06.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 134-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक		
	सर्व/श्री	
01.	शहजादा कबीर मट्टू, उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
02.	शेर खान, हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.05.2017 को, एक विश्वसनीय इनपुट प्राप्त होने पर अवंतीपोरा पुलिस द्वारा गांव सैमोह त्राल में 42-आरआर और सीआरपीएफ की 180 बटॉलियन की सहायता से एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया। घेराबंदी करने के बाद, श्री मोहम्मद जैद-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा की गहन निगरानी में दो खोजी दल गठित किए गए, जिनमें से एक का नेतृत्व श्री परवेज अहमद, एसडीपीओ अवंतीपोरा और दूसरे का नेतृत्व श्री शहजादा कबीर मट्टू, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) त्राल कर रहे थे। तलाशी के दौरान, खोजी दलों ने मोहम्मद यूसुफ डार पुत्र जीएच. नबी डार निवासी सैमोह के घर में संदिग्ध गतिविधि देखी। खोजी दलों को देखकर, आतंकवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की। उन्हे भागने से रोकने के लिए खोजी दलों द्वारा लक्षित घर की अच्छी तरह से घेराबंदी कर ली गई। घर के मालिक और उनके परिवार के सदस्यों को घर से बाहर निकल आने के लिए कहा गया। जैसे ही परिवार के सदस्य घर से बाहर निकालने ही वाले थे, घर में छुपे हुए आतंकवादियों ने खोजी दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसके कारण घर के सदस्य भूतल पर फंस गए। आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की गई। पब्लिक एड्रैस सिस्टम के माध्यम से आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए और परिवार के सदस्यों को घर से बाहर आने देने के लिए कहा गया, जिसे आतंकवादियों ने मानने से इंकार कर दिया। घर के अंदर फंसे परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाई गई। पहला संयुक्त खोजी दल जिसमें एसडीपीओ अवंतीपोरा सहित उप निरीक्षक फैसल संख्या 113/एडब्ल्यूटी, हेड कांस्टेबल शेर खान संख्या 395/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल तिलक राज संख्या 1327/ए, कांस्टेबल अब. राशिद संख्या 1423/पीआई, कांस्टेबल इरशाद अहमद संख्या 503/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल शब्बीर अहमद संख्या 666/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल इरशाद अहमद संख्या 679/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल जैल सिंह संख्या 828/आईआर 11वीं बटालियन, फॉलोअर सतपाल संख्या 49/आईआरपी छठी बटालियन और 07 एसपीओ शामिल थे, ने घर में प्रवेश किया और उन पर 02 अलग-अलग दिशाओं से भारी गोलीबारी हुई। दूसरी खोजी दल जिसमें श्री शहजादा कबीर मट्टू-केपीएस, निरीक्षक आदिल राशिद संख्या 7839/एनजीओ, हेड कांस्टेबल दविंदर कुमार संख्या 118/आईआर 20वीं बटालियन, हेड कांस्टेबल अशाक हुसैन संख्या 33/एडब्ल्यूटी, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल रतन लाल संख्या 315/आईआर 11वीं बटालियन, कांस्टेबल जहूर अहमद संख्या 763/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल अब्दुल राशिद संख्या 742/एडब्ल्यूटी, फॉलोअर मोहम्मद रमजान संख्या 43/एफ, फॉलोअर शाहनवाज संख्या 54/एफ और 06 एसपीओ शामिल थे, ने आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझाए रखा। पहला खोजी दल घर की ओर सावधानीपूर्वक आगे बढ़ा और उन्होंने उस कमरे के दरवाजे को सफलतापूर्वक खोल लिया, जिसमें परिवार के सदस्य भूतल पर फंसे हुए थे। परिवार के सभी सदस्य खोजी दल के कवर में घर से बाहर भागे। इस खोजी दल ने एक तरफ आतंकवादियों को गोलीबारी में उलझाया और दूसरी तरफ उन्होंने परिवार के सदस्यों को सुरक्षित दरवाजे से बाहर निकाल लिया। सदस्यों को बाहर निकालने के बाद, स्थिति की फिर से समीक्षा की गई और किसी अतिरिक्त क्षति से बचने के लिए छिपे हुए आतंकवादियों को खत्म करने के लिए 42-आरआर की सहायता से रॉकेट लॉन्चरों/यूबीजीएल को घर के अंदर दागने का निर्णय लिया गया। लक्ष्य पर रॉकेट लॉन्चर/यूबीजीएल दागने के तुरंत बाद, घर में आग लग गई और छिपे हुए आतंकवादियों में से एक घर से बाहर कूद गया और उसने दूसरे खोजी दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना जवाबी गोलीबारी की और आतंकवादी को मार गिराया। चूंकि, छिपा हुआ आतंकवादी अलग-अलग दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था, इसलिए ऑपरेशन का यह चरण अत्यंत कठिन था। एसडीपीओ अवंतीपोरा के नेतृत्व वाले पहले खोजी दल ने घर के अंदर दो हथगोले फैंके और यह देखकर कि खोजी दल सावधानी से लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, आतंकवादी ने भागने की कोशिश की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में उसे मार गिराया गया, जिससे कि ऑपरेशन पूरा हुआ। बाद में मारे गए आतंकवादियों की पहचान, सबजार अहमद भट्ट उर्फ साहब डॉन उर्फ अबू जरार पुत्र जीएच. हसन भट्ट निवासी-रथसौन त्राल (एचएम-ए श्रेणी) और फैजान मुजफ्फर भट्ट उर्फ उमैरा पुत्र मुज्जफर अहमद भट्ट निवासी-त्राल-ई-पायीन (एचएम-बी श्रेणी) के रूप में हुई। इस संबंध में त्राल पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/23, तथा यूएलए(पी) की धारा 16, 18, 20 एवं 38 के तहत मामला एफआईआर संख्या 38/2017 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शहजादा कबीर मट्टू, उप पुलिस अधीक्षक और शेर खान, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.05.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 135-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	परमवीर सिंह बलवाल अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	सैयद जावीद अहमद उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3.	अमजद हुसैन मीर उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	मुनीर अहमद भट्ट हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.01.2017 को, गांव गुलजारपोरा, मोछवा (चाडोरा) में एक आतंकवादी की मौजूदगी होने की सूचना पर कार्रवाई करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बडगाम के नेतृत्व में, श्री परमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक बडगाम, सैयद जावीद अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बडगाम, सहायक निरीक्षक अमजद हुसैन मीर एलओ सीआईयू बडगाम और सीआईयू बडगाम के हेड कांस्टेबल मुनीर अहमद सं. 295/बीडी सहित एसओजी के कार्मिक शीघ्र ही उस गांव में पहुंच गये और उक्त क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। बाद में, पुलिस स्टेशन चाडोरा, 53-आरआर और सीआरपीएफ की 178 बटॉलियन से अतिरिक्त कर्मी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस दलों को आवश्यक जानकारी दी गई और उक्त गांव में घर-घर जाकर तलाशी अभियान शुरू किया गया। जैसे ही पुलिस दल लक्षित घर पर पहुंचे, घर के अंदर मौजूद आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी की और साथ ही पुलिस दलों पर हैंड ग्रेनेड भी फेंका जिससे सैन्य दस्ते को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सके। गोलियों के इस अचानक और भारी बौछार के कारण, सीआईयू बडगाम के सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल होशियार सिंह सं. 623/एपी 13वीं को गंभीर चोटें आई और सबसे पहले, घायल को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। चूंकि, उक्त घर की पूरी तरह घेराबंदी कर ली गई थी और भागने के सभी रास्तों को बंद कर दिया गया था, इसलिए आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया था लेकिन उसने इस पेशकश को नकार दिया। इसी समय, पुलिस दलों ने आस-पास के मकानों से लोगों को तुरंत निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बडगाम ने दो टीमों का गठन किया, जिनमें से एक का नेतृत्व श्री परमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक बडगाम कर रहे थे और उनकी सहायता उप पुलिस अधीक्षक मुनीर अहमद एसडीपीओ चरा-रे-शरीफ, हेड कांस्टेबल मुनीर अहमद और एसओजी के अन्य कार्मिक नामतः सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल होशियार सिंह 13वीं, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल फिरदौस अहमद सं. 522/बीडी, कांस्टेबल सबजार अहमद सं. 729/एपी 13वीं, कांस्टेबल मुहम्मद इलियास सं. 624/एपी 13वीं, मंजूर अहमद सं. 43/एसपीओ, रमीज अहमद सं. 684/एसपीओ, मुहम्मद जाफर सं. 186/एसपीओ, एजाज अहमद गनैई सं. 73/एसपीओ और नजीर अहमद सं. 467/एसपीओ कर रहे थे तथा दूसरे दल का नेतृत्व सैयद जावीद अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बडगाम कर रहे थे, जिनकी सहायता उप निरीक्षक अमजद हुसैन, एलओ सीआईयू बडगाम, उप निरीक्षक मुदासिर शफी सं. 200/पीएयू पुलिस स्टेशन चाडोरा और सीआईयू बडगाम के अन्य एसओजी कार्मिक नामतः इमदाद हुसैन सं. 1103/बीडी, कांस्टेबल दिलीप कुमार सं. 1097/बीडी, कांस्टेबल मोहम्मद शफी सं. 1263/बीडी, अब्दुल राशिद धोबी सं. 406/एसपीओ, मन्जूर अहमद भट्ट सं. 333/एसपीओ, जहूर अहमद डार सं. 368/एसपीओ, अब्दुल राशिद खान सं. 08/एसपीओ, परवेज अख्तर सं. 324/एसपीओ, फारूक अहमद मीर सं. 226/एसपीओ और फिरदौस अहमद सं. 528/एसपीओ कर रहे थे। पहली टीम ने लक्षित घर के पिछवाड़े को नियंत्रण में लिया और दूसरी टीम को सामने की तरफ से घेराबंदी करने की काम सौंपा गया। मुसीबत को भांपते हुये, आतंकवादी ने एक बार फिर से ग्रेनेड फेंके और ऑपरेशन दल की ओर भारी गोलीबारी की ताकि वह अपने लिए भागने का रास्ता बना सके लेकिन, ऑपरेशन दलों ने चतुराई से खुद को तैनात किया था और इसलिए, कोई क्षति नहीं हुई। पीछे/सामने की तरफ से घर में प्रवेश करने का निर्णय लिया गया। दूसरा दल सामने की तरफ से रेंगते हुए खिड़की के नजदीक तक पहुंचा, लेकिन आतंकवादी ने पहली मंजिल का मुख्य द्वार खोल दिया और उसने घेरा तोड़ने की कोशिश में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी ताकि उसके भागने का इंतजाम हो सके। इसी समय सैयद जावीद, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) और उप निरीक्षक अमजद हुसैन अपनी टीम के साथ रेंगने के बाद लक्षित घर तक पहुंच गए और तब तक श्री परमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक बडगाम और हेड कांस्टेबल मुनीर अहमद भी पीछे की ओर से घर में प्रवेश करने में सफल हो गए थे और दोनों दलों ने अपनी जान की परवाह किए बिना गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इस मुठभेड़ के दौरान, आतंकवादी को सफलतापूर्वक मार गिराया गया, जिसकी पहचान बाद में मोहम्मद मुजाफर नाइको उर्फ मुज मौलवी उर्फ मुजम्मिल पुत्र

अब्दुल हामिद उर्फ माजिद निवासी बाघाट, सोपोर (श्रेणी ए ++) के रूप में हुई। घटना स्थल से बरामद हुए हथियारों/गोला-बारूद में 01 चीनी पिस्तौल (क्षतिग्रस्त), पिस्तौल की 02 मैगजीन और पिस्तौल के 03 कारतूस शामिल थे। दिनांक 05-01-2017 को पुलिस स्टेशन चाडोरा में आयुध अधिनियम की धारा 7/25 के तहत मामला एफआईआर सं. 2017 की 01 दर्ज की गई है और जांच शुरू हो गई है। ऑपरेशन को बहुत ही कुशलता से और उक्त क्षेत्र तथा आस-पास के क्षेत्रों के आम नागरिकों के जीवन को कोई नुकसान न पहुंचाते हुए अंजाम दिया गया। केवल उपरोक्त नामित अनुशंसितों की समय पर वीरतापूर्ण कार्रवाई से यह संभव हो पाया था। बंदूक की लड़ाई के दौरान, उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुये असाधारण साहस, उत्साह और सर्वोच्च कोटि की कर्तव्य भावना का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप खूंखार आतंकवादी का खात्मा हुआ। उक्त आंतकवादी सोपोर क्षेत्र में और उसके आसपास विभिन्न जघन्य अपराधों में शामिल था तथा इस जिले के क्षेत्र में पुलिस की टुकड़ियों और सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रच रहा था। उक्त आतंकवादी का मारा जाना आतंकी मॉड्यूलों के लिए एक झटका है, जिससे आतंकवादी हतोहत्साहित हुये एवं उनका मनोबल गिरा है और आम जनता को राहत मिली है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री परमवीर सिंह बलवाल, अपर पुलिस अधीक्षक, सैयद जावीद अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, अमजद हुसैन मीर, उप निरीक्षक और मुनीर अहमद भट्ट, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.01.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 136-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक	
श्री सतीश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16.08.2017 को लगभग 1700 बजे, पुलवामा पुलिस को गांव चंदगाम/बांदरपोरा कारवासा (हाई ग्राउंड) के सामान्य इलाके में आतंकियों की आवाजाही के बारे में एक सूचना मिली, जो कि एक वाहन में जा रहे थे। उन्हे उनके आकाओं द्वारा जिला पुलवामा में एक आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए कहा गया था, जिसमें वायुसेना स्टेशन बेस, अवंतीपोरा (भारतीय वायु सेना के स्ट्रेटेजिक एसेट) एक संभावित लक्ष्य के रूप में था, ताकि आम जनता के मन में डर पैदा किया जा सके और जिले में अमन और शांति को भंग किया जा सके। चूंकि कार्रवाई के लिए समय बहुत कम था, इसलिए सूचना को तुरंत उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशंस), काकापोरा, श्री सतीश कुमार, केपीएस-127950 के साथ साझा किया गया, जिन्हे आतंकियों को निष्क्रिय करने के लिए एक योजना तैयार करने और उसे अंजाम देने का कार्य सौंपा गया था। बड़े कम समय में, श्री सतीश कुमार ने 55 आरआर और सीआरपीएफ की 182/183 बटालियनों के साथ समन्वय से पुलवामा पुलिस के साथ लक्षित क्षेत्र को जाने वाले सभी सड़क रास्तों पर एमवीसीपी ड़ालने का फैसला किया और उन्होंने अपनी टीम के साथ खुद छिपकर इस क्षेत्र में चौकस होने का फैसला किया। चौकसी करते हुए, उन्होने देखा कि, एक सफेद रंग की टवेरा, जिसकी पंजीकरण संख्या जेके13सी-5626 थी, चंदगाम करेवा से बांदीपोरा की ओर आ रही है। उन्होंने वाहन को बंदीपोरा में रोक लिया। अचानक से हुए घटनाक्रम में, अगली सीट पर बैठे, चालक और नागरिक ने तुरंत वाहन के दरवाजे खोल दिए और मौके से भागना शुरू कर दिया। श्री सतीश कुमार ने अपने दो कर्मियों को उन्हें पकड़ने का निदेश दिया। इस बीच उन्होंने सहायक उप निरीक्षक हिलाल अहमद के साथ वाहन की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। वाहन में जा रहे आतंकवादी ने अचानक उन पर ग्रेनेड फेंका, जिसके बाद अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे दोनों घायल हो गए। आतंकवादी वाहन से उतर गया और भागने लगा। ग्रेनेड के धमाके से उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), काकापोरा श्री सतीश कुमार को छर्रे की कई चोटें आईं, लेकिन घायल होने के बावजूद उन्होंने अत्यधिक सूझबूझ, अनुकरणीय साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण का प्रदर्शन करते हुए अपने जीवन की परवाह किए बिना इस तरह की महत्वपूर्ण/घातक स्थिति से निपटा और निडरता से अपने हथियार से लगातार गोली चलाते हुए पास के खेत की ओर आतंकवादी का पीछा किया और उसे पारस्परिक गोलीबारी में उलझा लिया। उन्होंने अकेले ही बंदूक की भीषण लड़ाई के बाद उसका खात्मा कर दिया। मारे गए आतंकवादी की पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा के जिला कमांडर, मोहम्मद आयूब लोन उर्फ हबीतुल्ला श्रेणी "ए +" पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मजीद लोन, निवासी लेलहर काकापोरा जिला-पुलवामा के रूप में हुई। ऑपरेशन के दौरान बरामद किए गए हथियारों/गोला बारूद में 1 एके-47 राइफल, 3 एके मैगजीन और 54 एके कारतूस शामिल हैं।

यह उल्लेखनीय है कि मारा गया आतंकवादी नए युवाओं को उग्रवादी कैडर में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में माहिर था। इसके अलावा, उसने पंचायत सदस्यों को अपने पद से इस्तीफा देने की धमकी देने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी। उसकी मौत आतंकवादी कैडरों, खासतौर पर लश्कर-ए-तैयबा संगठन के लिए एक बड़ा झटका है और दक्षिण कश्मीर में, विशेष रूप से पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों/नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत है। वह निम्नलिखित मामलों में शामिल था:—

- आरपीसी की धारा 307, 148, 149, 336, 332, आईए अधिनियम की धारा 7/27 के तहत पुलवामा पुलिस स्टेशन में मामला एफआईआर संख्या 46/2016
- आरपीसी की धारा 307, 3/4 विस्फोटक अधिनियम के तहत पुलवामा पुलिस स्टेशन में मामला एफआईआर संख्या 190/2016
- आरपीसी की धारा 307, 3/4 विस्फोटक अधिनियम के तहत पुलवामा पुलिस स्टेशन में मामला एफआईआर संख्या 345/2016
- आरपीसी की धारा 302, आईए अधिनियम की धारा 7/27 के तहत पुलवामा पुलिस स्टेशन में मामला एफआईआर संख्या 408/2016
- आरपीसी की धारा 307, 120-बी 3/4 विस्फोटक अधिनियम के तहत पुलवामा पुलिस स्टेशन में मामला एफआईआर संख्या 59/2017

इस ऑपरेशन में श्री सतीश कुमार, उप पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.08.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 137-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक		
	सर्व/श्री	
1.	शौकत अहमद डार उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	इम्तियाज अहमद वानी उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	शौकत-उल-इस्लाम सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	ओमर हुसैन वाडा सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	हनीफ मोहम्मद भट्ट सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	हिलाल अहमद मिसगर कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.09.2017 को लगभग 01.00 बजे, गांव चेक-ब्रैथ में हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोपोर पुलिस ने सेना की 22-आरआर और सीआरपीएफ की 179/92 बटालियन की सहायता से क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और खोज अभियान शुरू किया। खोज अभियान के दौरान, आतंकवादियों का पता चला जो कि, पीरजादा बशीर अहमद पुत्र गनी हसन निवासी चेक-ब्रैथ, सोपोर के घर में छिपे हुए थे। चूंकि तब आधी रात थी, सभी लोग अपने-अपने घरों में गहरी नींद

में थे और अगर उस समय लक्षित घर पर धावा बोला जाता, तो आम नागरिकों के हताहत होने की आशंका थी। आतंकवादियों के इरादों को नाकाम करने और आम नागरिकों के हताहत होने से बचने के लिए पुलिस/सेना की दो संयुक्त टीमें बनाई गईं, जिनमें से पहली टीम में उप निरीक्षक इम्तियाज सं. एआरपी-15601, सहायक उप निरीक्षक अब्दुल अहद 65/एसपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल शौकत-उल-इस्लाम 08/एसपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ओमर हुसैन 738/एसपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद हनीफ 760/एसपीआर, कांस्टेबल हिलाल अहमद 87/एसपीआर, कांस्टेबल मोहम्मद रमजान 582/एसपीआर, मोहम्मद शफी 771/एसपीआर, कांस्टेबल मुश्ताक अहमद 589/एसपीआर, कांस्टेबल लतीफ अहमद 732/बी, अब्दुल लतीफ 18/एसपीओ-एसईसी, मोहम्मद अब्दुल्ला 172/एसपीओ-एडब्ल्यूटी, ऐजाज अहमद 247/एसपीओ, काजी मोहसिन अहमद 217/एसपीओ, मोहम्मद शफी 496/एसपीओ, शौकत अहमद 318/एसपीओ, शब्बीर अहमद 170/एसपीओ, सनमदीप सिंह 264/एसपीओ और निसार अहमद 428/एसपीओ शामिल थे जिसका नेतृत्व श्री शौकत अहमद-जेकेपीएस 116067-जेकेपीएस उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), सोपोर कर रहे थे और दूसरी टीम में उप निरीक्षक इफ्तिखार, हेड कांस्टेबल बिलाल अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल दाऊद अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मुज्जफर अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सैयद आरिफ जिया, कांस्टेबल परवेज अहमद, वसीम अहमद, एसपीओ, जीएच. रसूल एसपीओ, आशिक हुसैन एसपीओ, बिलाल अहमद एसपीओ-बीडी, वसीम अहमद एसपीओ और बशीर अली एसपीओ-एसजीआर शामिल थे, जिसका नेतृत्व श्री विक्रम सिंह-जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), वाडूरा कर रहे थे। दोनों टीमों को लक्षित घर और साथ-साथ आस-पास के घरों से भी सभी आम नागरिकों को निकालने का कार्य सौंपा गया। निकासी की प्रक्रिया के दौरान, छिपे हुए आतंकवादियों ने कई बार संयुक्त टीमों पर गोलीबारी की, ताकि जान को नुकसान पहुंचाया जा सके और निकासी की प्रक्रिया को रोका जा सके, क्योंकि आतंकवादियों का प्रयास था कि आम नागरिकों को ढ़ाल के रूप में इस्तेमाल किया जाए। लेकिन दोनों टीमों ने कड़े प्रयासों के बाद लक्षित घर के साथ-साथ आस-पास के घरों से भी फंसे हुए सभी नागरिकों को बाहर निकाल लिया। यह सुनिश्चित करने के बाद कि लक्षित घर और आस-पास के क्षेत्र में कोई भी आम नागरिक न रह गया हो, छिपे हुए आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने चेतावनी को तुरंत नकार दिया और अपने परिष्कृत हथियारों से पुलिस/सुरक्षा बलों के संयुक्त दलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवाब दिया गया और इस तरह मुठभेड़ शुरू हो गई। आतंकवादी सं. में 02 थे और बलों से लड़ने में अत्यंत दक्ष थे और उनके बेहतर लाइन ऑफ अटैक के अनुसार उन्होंने घर में अलग-थलग पड़ी जगहों पर पोजिशन ले रखी थी और रुक-रुक कर पुलिस/सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर रहे थे और वे ऑपरेशन को लंबे समय तक खींचना चाहते थे ताकि पत्थरबाजों और अन्य उपद्रवी/राष्ट्र विरोधी तत्वों का ध्यान खींचा जा सके, क्योंकि कई मामलों में पत्थरबाजों की पत्थरबाजी से बलों द्वारा की गई घेराबंदी से आतंकवादियों को भागने में मदद मिली थी। समकक्षों के साथ सोच-विचार के बाद यह निर्णय लिया गया कि सुबह होने से पहले लक्षित घर जल्द से जल्द धावा बाले जाए। तदनुसार, श्री शौकत अहमद-जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), सोपोर के नेतृत्व वाली पहली संयुक्त टीम ने खुद ही सामने की ओर से अंतिम हमले के लिए लक्षित घर की ओर बढ़ने की पेशकश ही और श्री विक्रम सिंह-जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), वाडूरा के नेतृत्व में दूसरी टीम ने अंतिम और निर्णायक हमले के लिए घर के पीछे की तरफ जाने का फैसला किया। दोनों टीमों ने बेहतर रणनीति के अनुसार दो अलग-अलग दिशाओं से लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू किया और सेना/सीआरपीएफ के जो अन्य कार्मिक इस कार्य में थे, उन्होंने कवर गोलीबारी प्रदान की। जब छिपे हुए आतंकवादियों को यह अहसास हुआ कि, बल घर में प्रवेश करने वाले हैं, तो एक आतंकवादी कोई और विकल्प न पाकर घर के सामने की ओर से बाहर कूद गया और उसने दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी, लेकिन संयुक्त टीम, विशेष रूप से श्री शौकत अहमद-जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), सोपोर, उप निरीक्षक इम्तियाज, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल शौकत-उल-इस्लाम, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ओमर हुसैन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद हनीफ, कांस्टेबल हिलाल अहमद ने प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया और एक-दूसरे पर गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। इसी तरह दूसरा आतंकवादी पुलिस/सुरक्षा बलों पर लगातार गोलीबारी करते हुए पीछे की ओर से बाहर आ गया लेकिन संयुक्त टीम विशेष रूप से श्री विक्रम सिंह-जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), वाडूरा, उप निरीक्षक इफ्तिखार, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल दाऊद अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मुज्जफर अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद सादिक, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सैयद आरिफ जिया, जो पहले से ही पीछे की ओर पोजीशन लिए हुए थे, ने आतंकवादी को रोक लिया और गोलीबारी में दूसरा आतंकवादी भी मारा गया। मारे गए आतंकवादी परवेज अहमद वानी उर्फ इश्फाक उर्फ बशीर उर्फ मुदासिर पुत्र सोनौल्ला वानी, निवासी-गुलौरा हंदवाड़ा (उत्तरी कश्मीर का हिजबुल मुजाहिद्दीन डिवीजन कमांडर, ए ++ श्रेणी आतंकवादी) और हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन का नईम अहमद नजर पुत्र जीएच. हसन नजर, निवासी ब्रैथ कलां, सोपोर, (बी-श्रेणी) थे। उनके कब्जे से बरामद किए गए हथियारों/गोला-बारूद में 02 एके-47 राइफल, 03 एके-मैगजीन, 90 एके कारतूस, 01 आईएनएसएएस राइफल, 01 आईएनएसएएस मैगजीन, 15 आईएनएसएएस कारतूस, 01 कैरी बैग, 02 टी-शर्ट कॉम्बैट प्रिंट, 02 ट्राउजर कॉम्बैट प्रिंट, 01 पाउच (स्थानीय) और 01 कॉम्बैट लोअर प्रापर शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस स्टेशन, सोपोर में धारा 307/आरपीसी, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत मामला एफआईआर सं. 25812017 दर्ज है और जांच शुरू की गई है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शौकत अहमद डार, उप पुलिस अधीक्षक, इम्तियाज अहमद वानी, उप निरीक्षक, शौकत-उल-इस्लाम, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल, ओमर हुसैन वाडा, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल, हनीफ मोहम्मद भट्ट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल और हिलाल अहमद मिसगर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04.09.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 138-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक		
	सर्व/श्री	
1.	मीर मुर्तजा हुसैन सोहिल उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2.	मीर इश्फाक कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14.02.2017 को पार्र मोहल्ला, हाजिन में कुछ विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी होने, जो कि पास के पुलिस/सेना प्रतिष्ठान पर फिदायीन हमला करने के इरादे से वहां छिपे हुए थे, की एक पुख्ता सूचना के आधार पर, इस सूचना को सेना की 13 आरआर और सीआरपीएफ 45 बटालियन के साथ साझा किया गया। तदनुसार, सावधानीपूर्वक योजना के बाद, श्री शेख जुल्फकार आजाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा की समग्र निगरानी में सुबह लगभग 04:30 बजे एसओजी बांदीपोरा, हाजिन पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम, सेना की 13 आरआर और सीआरपीएफ की 45 बटालियन द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी/खोज अभियान शुरू किया गया। सेना और पुलिस की टीमों द्वारा इलाके की घेराबंदी की गई। पुलिस टीमों का नेतृत्व श्री मीर मुर्तजा हुसैन, उप पुलिस अधीक्षक, पुलिस स्टेशन बांदीपोरा और राशिद अकबर एसडीपीओ सुंबल कर रहे थे। ऑपरेशनल दलों ने अपने सामरिक कौशल का उपयोग किया और खुद को उजागर किए बिना लक्षित क्षेत्र तक पहुंच गए। संदिग्ध क्षेत्र के करीब और मजबूत घेरा बिछाने के लिए प्रारंभ में सेना/पुलिस के दो संयुक्त दल गठित किए गए। श्री शेख जुल्फकार आजाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा, कर्नल विक्रम जीत सिंह सीओ 13 आरआर और सीआरपीएफ की 45 बटालियन के कमांडेंट श्री चेतन प्रकाश की समग्र कमान और देख-रेख में श्री राशिद अकबर एसडीपीओ सुंबल, श्री साकिब घनी-केपीएस और 13 आरआर के मेजर बिशल सिंह थापा की कमान में एक ऑपरेशनल टीम को लक्षित क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से को कवर करते हुए उत्तर से दक्षिण तक घेराबंदी डालने का कार्य सौंपा गया जबकि मीर मुर्तजा हुसैन उप पुलिस अधीक्षक पीसी बांदीपोरा और 31 आरआर के मेजर अमित गौर (13 आरआर के साथ अस्थायी रूप से अटैच और वर्तमान में राज्य से बाहर) की कमान मे दूसरी ऑपरेशनल टीम को संदिग्ध क्षेत्र के पूर्वी हिस्से को कवर करते हुए लक्षित क्षेत्र के उत्तर से दक्षिण तक घेराबंदी डालने का कार्य सौंपा गया। घेराबंदी के दौरान, संयुक्त बल के घटकों अर्थात पुलिस और सेना ने अपने-अपने संचार के वायरलेस सेटों के आदान-प्रदान के माध्यम से बेहतर समन्वय स्थापित किया और इस तरह एक बड़े ही तालमेल/पेशेवर तरीके से कार्य किया। जबकि, सीआरपीएफ की 45 बटालियन टीम और एक अन्य पुलिस दल को कानून और व्यवस्था मोड में सबसे बाहरी घेरा डालने और आस-पास के क्षेत्रों से किसी भी आम नागरिक को लक्षित क्षेत्र की ओर जाने की अनुमति नहीं देने का कार्य सौंपा गया था। जैसे ही घेरा डाला गया, घेराबंद क्षेत्र में छिपे हुए आतंकवादियों ने ऑपरेशनल दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। क्षेत्र के भीतर फंस गए नागरिकों को बाहर निकालना ऑपरेशनल दलों के लिए बड़ा कठिन काम था। इसलिए, इस उद्देश्य के लिए दो टीमों का गठन किया गया। एक टीम श्री राशिद अकबर एसडीपीओ सुंबल, श्री साकिब घनी-केपीएस उप पुलिस अधीक्षक प्रोब. की कमान और नियंत्रण में थी और दूसरी टीम मीर मुर्तजा हुसैन उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) बांदीपोरा की कमान और नियंत्रण में थी। फंसे हुए आम नागरिकों को निकालना इन दलों के लिए एक कठिन चुनौती थी, जिसके लिए राशिद अकबर एसडीपीओ सुंबल और श्री साकिब घनी उप पुलिस अधीक्षक प्रोब. को अपने सहयोगी के साथ तथा मीर मुर्तजा हुसैन सोहिल उप पुलिस अधीक्षक पीसी बांदीपोरा, निरीक्षक महबूब हुसैन संख्या 7176/एनजीओ को अपने सहयोगी कांस्टेबल मुख्तार अहमद संख्या 651/बीपीआर, कांस्टेबल मीर इश्फाक संख्या 38591/पीडब्लू और कांस्टेबल रईस अहमद संख्या 353/बीपीआर के साथ न केवल लक्षित क्षेत्र के समीप जाने के लिए आगे बढ़ना था, जो कि उस क्षेत्र से सटा हुआ था जहाँ से छिपे हुए आतंकवादी लगातार गोलीबारी कर रहे थे, बल्कि इन दलों को सेना के दलों के साथ समन्वय और तालमेल भी बनाए रखना था, जिन्होंने आतंकवादियों को उलझाये रखा और जो कि निकासी टीमों को कवर गोलीबारी प्रदान कर रहे थे। आम नागरिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकाले जाने के बाद तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण था, छिपे हुए आतंकवादियों को निष्क्रिय करना। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए

चुनौती दी गई, लेकिन इसके जवाब में उन्होंने गोलियों की बौछार की और ग्रेनेड फेंका। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा, सीओ 13 आरआर और सीओ सीआरपीएफ, तीसरी बटालियन श्री चेतन प्रकाश की समग्र कमान और निगरानी में एक फिदायीन रोधी (एंटी फिदायीन) दस्ते का गठन किया गया, जिसमें एसडीपीओ सुंबल साकिब घनी उप पुलिस अधीक्षक प्रोब अपने सहयोगी के साथ और 13 आरआर के मेजर बिशाल सिंह थापा अपने सहयोगी के साथ, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) बांदीपोरा अपने सहयोगी के साथ और 31 आरआर के मेजर अमित गौड़ अपने सहयोगी के साथ शामिल थे। इन दोनों ऑपरेशनल टीमों ने लक्षित क्षेत्र पर धावा बोल दिया और इसके बाद हुई पास की लड़ाई में, आतंकवादी ने भागने की कोशिश की। घेराबंदी मजबूत कर दी गई थी और उसके इरादों को नाकाम करने के लिए बीपी वाहनों को सड़क पर तैनात किया गया था। आतंकवादी यह भांपकर कि, वह फंस गया है, उसने गली में पोजिशन ले ली और बलों पर भारी गोलीबारी की जिसके कारण सेना के 03 सैनिकों ने शहादत प्राप्त की और बीएस थापा मेजर 13 आरआर, चेतन कुमार चीता सीओ सीआरपीएफ 45 बटालियन तथा अन्य सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें कि दो खोजी पुलिस पार्टियों, जिसमें एसडीपीओ सुंबल, साकिब गनी उप पुलिस अधीक्षक प्रोब अपने सहयोगी के साथ, 31 आरआर के मेजर अमित गौड़ अपने सहयोगी के साथ और उप पुलिस अधीक्षक(पीसी) बांदीपोरा अपने सहयोगी के साथ शामिल थे, द्वारा बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया और बंदूक की इस लड़ाई में लश्कर-ए-तैयबा का एक विदेशी आतंकवादी अबू हंस निवासी पाकिस्तान मारा गया। ऑपरेशन के दौरान बरामद हुए हथियारों/गोला-बारूद में 1 एक-56 राइफल, 4 एके-56 मैगजीन, 71 एके-56 कारतूस, 1 असुरक्षित ग्रेनेड, 1 पाउच और 4270/-रु भारतीय मुद्रा (क्षतिग्रस्त) शमिल है। पुलिस स्टेशन हाजिन में आरपीसी की धारा 302, 307, 148, 149, 427, 353, 332, 336, 3/4 विस्फोटक उप अधिनियम, 7/27 आईए अधिनियम के तहत मामला एफआईआर संख्या 06/2017 दर्ज है और जांच शुरू की गई है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मीर मुर्तजा हुसैन सोहिल, उप पुलिस अधीक्षक और मीर इश्फाक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.02.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 139-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	जुबैर अहमद खान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	अफरात हुसैन उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	मसरूर अली वानी उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	मंजूर अहमद लोन हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	जहूर अहमद लोन कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 16.06.2017 को लगभग 0600 बजे, अनंतनाग पुलिस को मोहम्मद शफी मलिक पुत्र जीएच हसन मलिक निवासी-मोहल्ला ईद गाह अर्वानी के घर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन खूंखार आतंकवादियों की मौजूदगी होने के संबंध एक विश्वसनीय इनपुट प्राप्त हुआ। अनंतनाग पुलिस द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई और सीआरपीएफ की 90वीं बटालियन और प्रथम आरआर के

सैनिक भी इसमें शामिल किये गये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनंतनाग की समग्र कमान में संयुक्त टुकड़ी शीघ्र ही लक्षित स्थल की ओर चल पड़ी और ऑपरेशन शुरू किया गया। ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए, ऑपरेशन के संचालन के लिए 02 टीमें गठित की गईं जिनमें उप निरीक्षक ऋषि कुमार 141/पीएयू, उप निरीक्षक मसरूर अली एआरपी-109301, हेड कांस्टेबल मंजूर अहमद 599/ए, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल दुष्यंत राज 549/आईआरपी, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सुरिंदर रैना 1201/ए, कांस्टेबल जहूर अहमद 1796/ए, कांस्टेबल बिलाल अहमद 643/आईआरपी, कांस्टेबल फरीद अहमद 1399/ए, कांस्टेबल एजाज अहमद 1871/ए, कांस्टेबल मंज़ूर अहमद 381/एडब्ल्यूटी, एसपीओ मोहम्मद इकबाल 1337/एसपीओ, शब्बीर अहमद 798/एसपीओ, अब्दुल माजिद 1210/एसपीओ, लतीफ अहमद 421/एसपीओ, रियाज अहमद एसपीओ, शब्बीर अहमद एसपीओ, मोहम्मद लतीफ एसपीओ, बशीर अहमद 943/एसपीओ और एसपीओ जाहिद अहमद 365/एसपीओ शामिल थे और जिनका नेतृत्व श्री अफरत हुसैन, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) अनंतनाग और श्री जीएच मोहम्मद, उप पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीगुफवारा कर रहे थे। जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तो घर में छिपे आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया और बदले में तलाशी दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की। चूंकि घुप्प अंधेरे को देखते हुए समानांतर क्षति की संभावना थी, इसलिए इस जोखिम से बचने के लिए हर संभव सावधानी बरती गई। यह सुनिश्चित करना कठिन था कि आतंकवादी जिंदा हैं, मर गए हैं या अंधेरे में भाग गए हैं। दूसरे दिन के शुरूआती घंटों में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनंतनाग, पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन अनंतनाग ने लक्षित घर में घुसने के लिए एक रणनीति तैयार की, जिसके लिए श्री जुबैर अहमद खान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनंतनाग और एसपी, ऑपरेशन अनंतनाग की देखरेख में उपर्युक्त दो टीमें अपनी जान को जोखिम में डालकर उस क्षेत्र की ओर बढ़े, जहां से आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी। पुलिस की गतिविधि को देखकर आतंकवादियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका एडवांस पार्टी द्वारा प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया और इससे बंदूक की भीषण लड़ाई शुरू हो गई, जिसका अंत तीन खूंखार आतंकवादियों के खात्मे के साथ हुआ, जिनकी पहचान बाद में जुनैद अहमद मट्टू उर्फ अबू हमजा पुत्र मंजूर अहमद मट्टू निवासी-खुडवानी खामू (श्रेणी ए), नासिर अहमद वानी पुत्र मोहम्मद अहसान वानी निवासी-हेफ शिरमल शोपियां (श्रेणी सी) और आदिल मुश्ताक रेशी पुत्र मुश्ताक अहमद रेशी निवासी-फ्रस्टाबल पंपोर (श्रेणी सी) के रूप में हुई। आतंकवादियों से बरामद हथियारों/गोला बारूद में 02 एके राइफल (क्षतिग्रस्त) और 03 एके मैगजीन (01 क्षतिग्रस्त) शामिल है। इसके लिए, बिजबेहरा पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307, यूएलए (पी) और 7/27 आयुध अधिनियम के तहत मामला एफआईआर संख्या 76/2017 दर्ज है और जांच शुरू की गई है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री जुबैर अहमद खान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अफरात हुसैन, उप पुलिस अधीक्षक, मसरूर अली वानी, उप निरीक्षक, मंजूर अहमद लोन, हेड कांस्टेबल और जहूर अहमद लोन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.06.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 140-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. संजीव देव सिंह
   उप निरीक्षक

2. अरफत अहमद राथर
   हेड कांस्टेबल

3. फारूक अहमद खान
   सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.08.2017 को, अवंतीपोरा पुलिस को गांव गुलाब बाग त्राल में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक विश्वसनीय इनपुट मिला। तदनुसार, अवंतीपोरा पुलिस, 42-आरआर और सीआरपीएफ की 180 बटालियन द्वारा संयुक्त रूप से गाँव की घेराबंदी की गई। तुरंत, श्री मोहम्मद जैद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा की गहन निगरानी में 02 संयुक्त खोजी दलों का गठन किया

गया जिनमें से एक श्री एजाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) पंपोर की कमान में था और दूसरा श्री शाजादा कबीर मट्टू, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) त्राल की कमान में थे। खोज अभियान के दौरान, संयुक्त खोजी दलों द्वारा कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी गई और आतंकवादियों ने यह समझकर कि उनकी घेराबंदी कर ली गई है, खोजी दलों पर गोलीबारी की और एक नाले के रास्ते भागने का प्रयास किया। संयुक्त खोजी दल पहले ही बेहतर पोजीशन में थे और उन्होंने आतंकवादियों पर जवाबी गोलीबारी की। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे कि उन्होंने नकार दिया। आतंकवादियों ने पास के एक नाले के रास्ते मुठभेड़ स्थल से भागने की कोशिश की लेकिन पहले खोजी दल जिसमें, श्री एजाज अहमद, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) पंपोर के साथ हेड कांस्टेबल अराफात 488/एस, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल फारूक अहमद 819/आईआर 11वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल जाविद इकबाल 189/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल साजिद सलाम 809/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल मोहम्मद अबास मल्ला 558/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल निसार अहमद 513/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल जाविद अहमद 6631 एडब्ल्यूटी, एसपीओ जहूर अहमद डार 99/एसपीओ, एसपीओ लतीफ अहमद सोफी 503/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद अशरफ 319/एसपीओ, एसपीओ रेयाज अहमद खान 357/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद अशरफ शान 114/एसपीओ, एसपीओ अमरपाल सिंह 326/एसपीओ, एसपीओ रविंदर सिंह 218/एसपीओ और एसपीओ सजाद हुसैन सं. 311/एसपीओ शामिल थे, ने उनकी इस गतिविधि को देखा लिया और आतंकवादियों पर गोलीबारी कर दी जिससे वे नाले में फंस गए। इस बीच आतंकवादियों ने नाले के बीच में रेत के ऊंचे प्राकृतिक ढ़ेर के पीछे पोजीशन ले ली और खोजी दल की ओर लगातार गोलीबारी करते रहे। इसी समय दूसरे खोजी दल, जिसमें श्री शाजादा कबीर मट्टू, उप पुलिस अधीक्षक पीसी त्राल के साथ उप निरीक्षक संजीव देव सिंह एआरपी 996974, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल खुर्शीद अहमद 526/एडब्ल्यूटी, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सतीश्वर सिंह 115/एपी 5वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल गजेनफुर अहमद 695/एपी 5वीं बटॉलियन, कांस्टेबल परवेज अहमद 784/एडब्ल्यूटी, कांस्टेबल शौकत अहमद 714/एडब्ल्यूटी, एसपीओ खुर्शीद अहमद डार 111/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद रफीक रैना 743/एसपीओ, एसपीओ फैयाज अहमद 304/एसपीओ, एसपीओ इरशाद अहमद शेख 168/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद मकबूल भट्ट 277/एसपीओ, एसपीओ एजाज अहमद 41/एसपीओ, एसपीओ उमर फारूक 64/एसपीओ और एसपीओ इकलील अहमद 53/एसपीओ शामिल थे, ने आतंकवादियों को उलझाने के लिए नाले को पार किया जो कि भागने का इंतजाम कर रहे थे और वे तुरंत नाले में घुस गए और चतुराई से नाले को पार करने के लिए एवं नाले के दूसरी तरफ से भागते हुए आतंकवादियों को कवर करने के लिए आगे बढ़े। इसी बीच, उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) पंपोर ने भी अपने सहयोगी जोड़ीदार के साथ नाले को पार किया और नाले के किनारे पेड़ों की आड़ में आतंकवादियों के करीब पहुंच गए। आतंकवादियों ने देखा कि संयुक्त खोजी दल ऊंचाई वाली सतह पर उनको कवर कर रहे हैं और उनकी ओर बढ़ रहे हैं, तो उन्होंने अपनी पोजीशन बदल ली और भागने के लिए किनारे के पास पहुंचने की कोशिश की, लेकिन पहला खोजी दल, जिसमें श्री एजाज अहमद के साथ हेड कांस्टेबल अराफात, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल फारूक अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल जावीद इकबाल शामिल थे, अपनी जान की परवाह किए बिना उनके बहुत करीब पहुंच गए और सावधानीपूर्वक आगे बढ़े तथा उन्होंने एक आतंकवादी पर उस समय गोलीबारी की कि जब वह नाले में बहते पानी को पार कर रहा था, जिसके परिणामस्वरूप वह मारा गया। अन्य आतंकवादियों ने नाले में उखड़े हुए पेड़ के पीछे कवर लिया और दल की ओर ग्रेनेड फेंका जो धमाके के साथ फट गया लेकिन सौभाग्य से कोई नुकसान नहीं हुआ। अन्य आतंकवादी भागने की फिराक में संयुक्त खोजी दलों पर अंधाधुध गोलीबारी कर रहे थे। दूसरा खोजी दल, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) त्राल अपने सहयोगी जोड़ीदार के साथ शामिल थे, ने आगे बढ़ने का फैसला लिया और उप निरीक्षक संजीव देव सिंह और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल खुर्शीद अहमद के समय गंवाए बिना आतंकवादी पर गोलियां दागीं और उसे मार गिराया। तीसरे आतंकवादी ने दूसरे खोजी दल पर अंधाधुध गोलीबारी की और इस स्थिति का फायदा उठाकर पहला खोजी दल, जिसमें उप पुलिस अधीक्षक (पीसी) पंपोर, श्री एजाज अहमद अपने सहयोगी जोड़ीदार के साथ शामिल थे, आतंकवादी के सामने आ गया और कुछ ही क्षणों में उनका सफाया कर दिया, जिससे मुठभेड़ खत्म हुई। मारे गए आतंकवादियों की पहचान मोहम्मद इशाक भट्ट पुत्र अब्दुल सलाम भट्ट निवासी-बटागुंड त्राल (श्रेणी-ए), जाहिद अहमद भट्ट पुत्र अब्दुल राशिद भट्ट निवासी-नौडल त्राल (श्रेणी-बी) और मोहम्मद अशरफ डार पुत्र जीएच. मोहि-उ-द्दीन डार निवासी-बाघी त्रिच पुलवामा (श्रेणी-बी) के रूप में हुई, जो विगत में हिजबुल मुजाहिद्दीन/लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध अंसार गजवत-उल-हिंद (जाकिर मूसा ग्रुप) से संबंधित थे। ऑपरेशन के दौरान बरामद हथियारों/गोला-बारूद में 2 एके-47 राइफल (1 क्षतिग्रस्त), 4 एके मैगजीन (1 क्षतिग्रस्त), 105 एके-कारतूस, 1 पिस्तौल 9 मिमी, 1 पिस्तौल मैगजीन, 2 पिस्तौल कारतूस, 2 पाउच और 1 केनवास बेल्ट शामिल थी। त्राल पुलिस स्टेशन में आरपीसी की धारा 307, 7/27 आयुध अधिनियम, यूएलए(पी) अधिनियम की धारा 16, 18, 20 और 38 के तहत मामला एफआईआर संख्या 57/2017 दर्ज है और जांच शुरू की गई है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री संजीव देव सिंह, उप निरीक्षक, अरफत अहमद राथर, हेड कांस्टेबल और फारूक अहमद खान, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.08.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 141-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	शफत मोहम्मद नजर उप पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	निसार अहमद भट्ट निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
3.	साकित कौल सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.10.2017 को, शोपियां पुलिस को गांव गट्टीपोरा केलर में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक विश्वसनीय इनपुट प्राप्त हुआ। तुरंत ही शोपियां/पुलवामा पुलिस ने 44 आरआर, 10 गढ़वाल और सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन की सहायता से उक्त गांव का संयुक्त सीएएसओ शुरू किया गया। ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए आतंकवादियों के स्थान/छिपने की जगह की पहचान करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां की संयुक्त निगरानी में दो पुलिस/सुरक्षा बल टीमें गठित की गईं। गठित की गई टीमें उस स्थान का पता लगाने से सफल रहीं, जहां पर आतंकवादी छिपे हुए थे। पहला दल जिसमें शोपियां की पुलिस पार्टी और 10 गढ़वाल, 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन की छोटी क्यूआरटी शामिल थे, को उत्तर-पूर्वी तथा दक्षिण-पूर्वी तरफ से लक्षित घर की घेराबंदी करने को कहा गया और दूसरे पुलिस दल को उत्तर-पूर्वी तथा दक्षिण-पूर्वी तरफ से संदिग्ध घर की घेराबंदी करने को कहा गया। दलों ने तैयार की गई योजना के अनुसार खुद को पोजीशन कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां, जो कि घेराबंदी दलों के समग्र प्रभारी थे, ने पुलवामा/शोपियां पुलिस की छोटी टीमों का गठन किया। एक टीम में निरीक्षक निसार अहमद सं. एआरपी-046110, उप निरीक्षक ताशी ग्यालसन सं. ईएक्सके-055608 और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मंजूर अहमद सं. 318/पीएल और अन्य शामिल थे और दूसरी टीम में श्री शफत मोहम्मद नजर उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), केल्लर, श्री आशिक हुसैन उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), शोपियां, श्री वजाहत हुसैन उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), जैनपोरा, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल साकित कौल सं. 393/आईआर 18वीं और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल अली मोहम्मद सं. 387/आईआर 14वीं बटॉलियन शामिल थे, जिन्हे आस-पास के मकानों से निवासियों को बाहर निकालना था क्योंकि यह एक घना इलाका था। सबसे पहले दोनों टीमों ने बहुत चतुराई और समझदारी से निवासियों को आस-पास के घरों/बागों से बाहर निकाला और आस-पास के सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई अतिरिक्त क्षति न हो। छिपे हुए तीन आतंकियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया जिसे कि उन्होंने अस्वीकार कर दिया और ऑपरेशनल दलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका प्रभावी ढ़ंग से जवाब दिया गया। ऑपरेशन के कमांडर ने लक्षित घर के लिए भेदन दल (इंटरवेंशन पार्टी) की योजना बनाई। भेदन दल ने सभी सावधानियां बरतने के बाद अंदर घुसने की प्रक्रिया शुरू की; हालाँकि, जब दल संदिग्ध घर के पास पहुँचा, तो उसे अली मोहम्मद निवासी गट्टीपोरा के घर के अंदर पोजीशन लिए हुए आतंकवादियों की भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा। छिपे हुए आतंकवादियों ने आगे बढ़ रहे दलों पर ग्रेनेड फेंके और गोलियां दागीं, जिसमें भेदन दल चमत्कारिक तरीके से बच गए। एक चतुर चाल के रूप में भेदन दल पीछे हट गया और बदले में दूसरी तरफ से घर में घुस गया। इस प्रारंभिक चरण में, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां ने दो छोटे दलों का गठन किया, एक दल में श्री शफत मोहम्मद नजर उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), केल्लर, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), शोपियां, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल साकित कौल सं. 393/आईआर 18वीं और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल अली मोहम्मद सं. 387/आईआर 14वीं बटॉलियन सहित शोपियां पुलिस के पर्याप्त नफरी और 10 गढ़वाल, 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के क्यूआरटी शामिल थे। दूसरे दल में श्री वजाहत हुसैन उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), जैनपोरा, निरीक्षक निसार अहमद सं. एआरपी-046110, उप निरीक्षक ताशी ग्यालसन सं. ईएक्सके-055608 और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मंजूर अहमद सं. 318/पीएल सहित पुलवामा जिले के पुलिस कार्मिक तथा 10 गढ़वाल, 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन की छोटी क्यूआरटी शामिल थे। पहले दल ने दक्षिण-पूर्व की ओर से घर में प्रवेश करने का निर्णय लिया और दूसरे दल ने दक्षिण-पश्चिम की ओर से लक्षित घर में प्रवेश करने का निर्णय लिया। लेकिन छिपे हुए आतंकवादियों ने एक खिड़की से ग्रनेड फेंके, परन्तु इससे कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि दल चतुराई से आगे बढ़ रहे थे और वे लक्षित घर की उस खिड़की के पास पंहुच गए, जहां से आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंके थे/गोलीबारी की। तब आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने और भागने के प्रयास में घर के मुख्य दरवाजे के माध्यम से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उसी समय श्री शफत मोहम्मद नजर उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), केल्लर, श्री आशिक हुसैन उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), शोपियां, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल साकित कौल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल अली मोहम्मद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद इम्तियाज सं. 657/एसपीएन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल तारिक अहमद, कांस्टेबल कासिर अहमद सं. 383/आईआरपी 18वीं, कांस्टेबल जाहिद इकबाल सं.

199/आईआर दूसरी, कांस्टेबल मेहराज-उद-दीन सं. 627/एसपीएन, एसपीओ परवेज अहमद सं. 204/एसपीएन, एसपीओ बशीर अहमद सं. 391/एसपीएन, एल/एसपीओ मारूफा सं. 131/एसपीएन, एसपीओ गुफ्तार अहमद सं. 298/एसपीएन, एसपीओ जहांगीर अहमद सं. 58/एसपीएन, एसपीओ ओपेंदर सिंह सं. 132/एसपीएन, एसपीओ मोहम्मद यासीन सं. 149/एसपीएन ने अन्य सुरक्षा बल कार्मिकों के साथ लक्षित घर के समीप पहुंचने के बाद अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना गोलीबारी का प्रभावी ढ़ंग से जवाब दिया और दो आतंकवादियों को मार गिराया तथा एक अन्य आतंकवादी जो कि भागने के लिए, लक्षित घर के एक दूसरे हिस्से में छिप गया था, ने घेराबंदी को तोड़ने के लिए दक्षिण-पश्चिमी ओर की खिड़कियों से दूसरे दल पर अंधाधुध गोलीबारी शुरू कर दी लेकिन दल, जिसमें श्री वजाहत हुसैन उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन), जैनपोरा, निरीक्षक निसार अहमद, उप निरीक्षक ताशी ग्यालसन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मंजूर अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल गुरनाम सिंह सं. 2439/जे, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल चंदर सिंह सं. 822/आईआर 11वीं, कांस्टेबल नजीर अहमद कोहली सं. 1046/पीएल, कांस्टेबल मुस्लिम इकबाल सं. 988/पीएल, कांस्टेबल इम्तियाज अहमद सं. 916/पीएल, एसपीओ सोहन कुमार सं. 17/पीयूएल, एसपीओ अल्ताफ हुसैन सं. 07/पीयूएल, एसपीओ अब्दुल हामिद सं. 285/पीयूएल, एसपीओ फिरदौस अहमद सं. 95/पीयूएल, एसपीओ मुख्तार अहमद सं. 223/पीयूएल, एसपीओ तनवीर अहमद 05/पीयूल और 10 गढ़वाल, 44 आरआर और सीआरपीएफ की 14वीं बटालियन के अन्य सुरक्षा बल कार्मिक शामिल थे, पहले से ही घर के दक्षिण-पश्चिमी तरफ पोजीशन ली हुई थी और उन्होंने बहादुरी से गोलीबारी का जवाब दिया और एक-दूसरे पर गोलीबारी में तीसरे आतंकवादी को भी मार गिराया। मारे गए आतंकवादी प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिद्दी संगठन से संबंद्ध थे, जिनकी पहचान बाद में जाहिद अहमद मीर उर्फ उबैद पुत्र शमीम अहमद मीर निवासी गनोवपोरा बालपोरा (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां द्वारा दिनांक 28/07/2017 की सं. सीएस/एम-I/17/6230-33 के मार्फत "ए+" श्रेणी के लिए अनुशंसित "ए" श्रेणी), इरफान अब्दुल्ला गनी पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला निवासी हैफ जैनपोरा (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां द्वारा दिनांक 28/07/2017 की सं. सीएस/एम-I/17/6230-33 के मार्फत "बी" श्रेणी के लिए अनुशंसित "सी" श्रेणी) और आसिफ अहमद पॉल पुत्र बशीर अहमद पॉल निवासी कथोहल्लन शोपियां (आरपीएचक्यू के दिनांक 28/07/2017 के पत्र सं. सीएस/80/2017/5709-11 के मार्फत "सी" श्रेणी के लिए अनुशंसित) के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों से 01 आइएनएसएएस राइफल, 02 एके-47 राइफल, 52 आइएनएसएएस कारतूस, 119 एके-47 कारतूस, 04 एके-47 मैगजीन, 01 आइएनएसएएस मैगजीन, 01 चीनी ग्रेनेड, 03 कॉम्बैट पाउच, 03 स्लिंग, 02 एके-47 ब्रोकन केस, 01 आइएनएसएएस दागा गया केस, 02 कॉम्बैट यूनिफॉर्म, 01 माला, 03 बेल्ट, 01 रूमाल, 01 कॉम्बैट ट्राउजर, 01 कॉम्बैट क्लॉथ पीस, 01 हेयर बैंड, 01 हैंड ग्लव्स, 02 मेडिसिन बॉक्स, 01 नेल कटर, 01 कैंची, 01 टिशू पेपर और 01 टूथ ब्रश बरामद हुआ। इस संबंध में, केल्लर पुलिस स्टेशन में धारा 307, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत मामला सं. 59/2017 दर्ज है और जांच शुरू कर दी गई है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री शफत मोहम्मद नजर, उप पुलिस अधीक्षक, निसार अहमद भट्ट, निरीक्षक और साकित कौल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.10.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 142-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जीएच. मोहम्मद भट,
उप पुलिस अधीक्षक

02. इश्फाक अहमद कसाना,
सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल

.03 योग राज
सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14.12.2016 को लगभग 0630 बजे, गांव बेवूरा श्रीगुफवारा में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर 3 आरआर और 116 बटालियन सीआरपीएफ के सहयोग से अनंतनाग पुलिस ने उक्त गांव में एक ज्वांईट ऑपरेशन

शुरू किया। स्थिति का विश्लेषण करने के पश्चात, उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) संगम ने सैन्य दलों को हौसला रखने और मजबूती से घेराबंदी बनाए रखने के लिए सतर्क किया। पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) अनंतनाग के पर्यवेक्षण में ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए उप पुलिस अधीक्षक पीसी संगम की कमान में पुलिस/सीआरपीएफ/सेना की एक टीम मजबूती से घेराबंदी डालने हेतु गठित की गई। लक्षित घर में प्रवेश करने के लिए श्री जीएच. मोहम्मद, उप पुलिस अधीक्षक पीसी संगम, निरीक्षक तनवीर अहमद सं.7554/एनजीओ, उप निरीक्षक रियाज अहमद सं. 118/पीएल, हेड कांस्टेबल मोहम्मद याकूब सं. 140/ए, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल योग राज सं. 559/आईआरपी, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल इश्फाक अहमद सं. 537/ए, कांस्टेबल तारीक अहमद, 445/आईआरपी, कांस्टेबल परवेज अहमद सं. 1669/ए, एसपीओ जतिन्द्र सिंह सं. 554/एसपीओ, एसपीओ फयाज़ अहमद सं.151/एसपीओ, एसपीओ फारूख अहमद सं.518/एसपीओ, एसपीओ मेसार हुसैन सं.1279/एसपीओ और एसपीओ आशिक हुसैन सं.772/एसपीओ को शामिल करके पुलिस दल गठित किया गया। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने इंकार कर दिया और बदले में उन्होंने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें पुलिस दल बाल-बाल बचा। पुलिस दल द्वारा गोलीबारी का प्रभावशाली ढंग से जवाब दिया गया और आतंकवादियों को पीछे धकेल दिया गया। अत्याधुनिक हथियार से लैस सुप्रशिक्षित आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी करने के बाद पुलिस दल पर ग्रेनेड फैंक कर घेराबंदी को तोड़ने का प्रयास किया। तथापि, पुलिस दल ने अपनी जान की परवाह किए बिना सेना के दो जवानों की सहायता से वीरतापूर्वक जवाबी कार्रवाई की, जिसमें हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकी संगठन का एक कुख्यात आतंकवादी मारा गया। बाद में, उस आतंकवादी की पहचान बासित रसूल डार उर्फ समीर पुत्र गुलाम रसूल डार निवासी-मरहमा मागरे पोरा के रूप में की गई, जिसे हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकी संगठन की "ख" श्रेणी के अंतर्गत शामिल करने की सिफारिश की गई थी। इस ऑपरेशन के दौरान बरामद शस्त्र/गोलाबारूद में 1 एके47 राइफल, 2 एके47 मैगजीन, 11 राउंड, 1 ग्रेनेड और 1 पाउच शामिल हैं। पुलिस स्टेशन श्रीगुफवारा में आयुध अधिनियम की धारा 307, 7/27 के तहत मामला एफआईआर सं. 68/2016 दर्ज है और इसकी जांच चल रही है। यह उल्लेख किया जाता है कि मारा गया आतंकवादी दिनांक 21.10.2016 से जिला अनंतनाग में सक्रिय था और उसे दक्षिण कश्मीर विशेषकर जिला अनंतनाग के लिए बड़ा खतरा समझा जाता था, क्योंकि वह सुरक्षा बलों पर आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए योजना बना रहा था। कथित आतंकवादी अनंतनाग, बीजबेहरा नगरों में हिजबुल मुजाहीदीन बेस को पुनर्गठित करने के लिए युवाओं को आतंकवादी रैंकों पर भर्ती करने के लिए प्रेरित करने की क्षमता रखता था। इस प्रकार, उसका मारा जाना जम्मू और कश्मीर पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता थी।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री जीएच. मोहम्मद भट, उप पुलिस अधीक्षक, इश्फाक अहमद कसाना, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल और योग राज, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.12.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 143-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	गाजेनफर सैयद, निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
02.	मंजूर अहमद मीर, हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.03.2017 को, विश्वसनीय सूत्रों से एक विशेष सूचना प्राप्त हुई, कि हिजबुल मुजाहिद्दीन के प्रतिबंधित आतंकी संगठन के आतंकवादी नामतः मुश्ताक अहमद सीर पुत्र शेरदिल सीर निवासी मालनगाम ने निकटवर्ती पुलिस/सैन्य प्रतिष्ठान पर आतंकी हमला करने के इरादे से अवैध हथियारों/गोलाबारूद के साथ बांदीपोरा नगर में प्रवेश किया है। यह सूचना सेना की 14 आरआर और सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन के साथ साझा की गई। तदनुसार, सावधानीपूर्ण योजना तैयार करने के पश्चात, अपर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय और निरीक्षक गाजेनफर सैयद ईएक्सके-906032 के साथ एसएसपी बांदीपोरा के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण में बांदीपोरा पुलिस, सेना की 14 आरआर और सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन द्वारा बीडीओ ऑफिस बांदीपोरा के नजदीक संयुक्त नाका लगाया गया।

श्री शेख जुल्फिकार आजाद, एसएसपी बांदीपोरा की संपूर्ण कमान एवं पर्यवेक्षण में श्री दाऊद अयूब, अपर पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बांदीपोरा, कांस्टेबल नाजीर अहमद 320/बीपीआर, कांस्टेबल बिलाल अहमद 909/बीपीआर और सेना की 14 आरआर के मेजर के नियंत्रण में एक ऑपरेशन टीम को लक्षित क्षेत्र के पूर्व से दक्षिण की ओर घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया, जबकि गाजेनफर सैयद ईएक्सके-906032, एसएचओ पुलिस स्टेशन बांदीपोरा और उनके साथी हेड कांस्टेबल मंजूर अहमद मीर 137/बीपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल इरशाद अहमद 548/आईआरपी 8वीं बटालियन, कांस्टेबल सजाद अहमद 351/आईआरपी 8वीं बटालियन, कांस्टेबल रईस अहमद 353/बीपीआर, कांस्टेबल मोहम्मद याकूब 594/आईआरपी 8वीं बटालियन, एसपीओ उमर फारूख 72/एसपीओ, एसपीओ शम्स-उद्-दीन 271/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद अकबर 100/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद आमीन 204/एसपीओ, एसपीओ खुर्शीद अहमद 289/एसपीओ और एसपीओ गाजी मोहि-उद्-दीन 380/एसपीओ के नियंत्रण वाली दूसरी ऑपरेशन टीम को लक्षित क्षेत्र पश्चिम से दक्षिण की ओर घेराबंदी करने का काम सौंपा गया। इस घेराबंदी के दौरान, संयुक्त बल घटकों अर्थात् पुलिस और सेना ने अपने-अपने संचार वायरलेस सेटों के पारस्परिक आदान-प्रदान के माध्यम से गहन समन्वय स्थापित किया और इस प्रकार, बड़े संगठित और पेशेवर ढंग से कार्रवाई की। जबकि, सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन वाली टीम और अन्य पुलिस दल को इन निर्देशों के साथ कानून और व्यवस्था बनाए रखने के ढंग से बाहरी घेराबंदी करने का काम सौंपा गया कि आस-पास के क्षेत्रों से किसी भी नागरिक को लक्षित स्थल की ओर जाने की अनुमति न दी जाए ताकि ऑपरेशन चलाने के दौरान अनियंत्रित भीड़ से मुख्य लक्षित क्षेत्र बाधित न हो सके। नाके के दौरान, गुलशन चौक, बांदीपोरा से कूईलमुकाम बांदीपोरा की ओर जाते हुए एक सूमो वाहन को बीडीओ कार्यालय बांदीपोरा के नजदीक नाका दल द्वारा तालाशी के लिए रोका गया। इस वाहन में सवार आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी गई, परन्तु वह गोलियों की बौछार करते हुए जवाबी हमला करने लगा, जिसके परिणामस्वरूप सेना की 14 आरआर के मेजर जानी को चोटें लग गई। मुठभेड़ स्थल से नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालना ऑपरेशन दलों के लिए बड़ा भारी काम था। आतंकवादी ने भागने का प्रयास किया, घेराबंदी को सुदृढ़ किया गया और उसकी गतिविधि को विफल करने के लिए सड़क पर बीपी वाहन तैनात कर दिये गये। उपर्युक्त आतंकवादी ने स्वयं को घिरा हुआ जानकर गली में पोजिशन ले ली और सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। संयुक्त बलों द्वारा गोलीबारी का प्रभावशाली ढंग से जवाब दिया गया और निरंतर चलने वाली बंदूक की लड़ाई में हिजबुल मुजाहिद्दीन के प्रतिबंधित आतंकी संगठन का एक स्थानीय आतंकवादी नामत: मुश्ताक अहमद सीर पुत्र शेरदिल सीर निवासी मालंगगाम मारा गया। मृत आतंकवादी "क" श्रेणी का आतंकवादी था। ऑपरेशन के दौरान बरामद हथियार/गोलाबारूद में 01 चाइनीज पिस्तौल, 01 चाइनीज मैगजीन, 10 पिस्तौल राउंड, 02 कारतूस और 01 चाइनीज ग्रेनेड शामिल हैं। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन बांदीपोरा में भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 307,7/27 के तहत मामला एफआईआर सं.24/2017 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री गाजेनफर सैयद, निरीक्षक और मंजूर अहमद मीर, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 09.03.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 144-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	सैयद जहीर अब्बास जाफरी, उप पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	स्व. इम्तियाज अहमद, कांस्टेबल	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
03.	मोहम्मद याकूब जेहरा, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25/26.08.2017 की मध्यवर्ती रात्रि के दौरान, एसओजी कैंप पुलवामा पर आत्मघाती/फिदायीन हमला करने के लिए 03 विदेशी आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करने और ग्रेनेड फेंकने के पश्चात डीपीएल पुलवामा परिसर में घुस गये थे। आतंकवादियों को एक

पुलिस कांस्टेबल नामतः इम्तियाज अहमद 963/पीएल द्वारा रोका गया, जो एसओजी कैंप पुलवामा में ड्यूटी देने के लिए अपने आवासीय क्वार्टर (ब्लॉक सी) से निकल रहे थे। उक्त कांस्टेबल ने कुछ बंदूकधारी व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि देखी, जो तेजी से एसओजी कैंप की ओर जा रहे थे। जब कांस्टेबल द्वारा उनको रूकने के लिए कहा गया, तो उन्होंने उस कांस्टेबल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और वह घायल हो गया। चूंकि, राजपत्रित आवासीय ब्लॉक फैमिली क्वार्टरों के समीप स्थित है, अतः गोलिबारी की आवाज सुनकर श्री जहीर अब्बास जाफरी, उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा तुरंत हरकत में आ गए और उन्होंने श्री मोहम्मद असलम, एसएसपी पुलवामा और श्री चंदन कोहली-आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलवामा को भी सूचित किया। अधिकारीगण ज्यादा समय गवाए बिना अपने अनुरक्षक के साथ मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गए। उप-पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा अपने अनुरक्षक नामतः हेड कांस्टेबल आशीष पंडिता 975/पीएल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल जहांगीर अहमद दर्जी 760/पीएल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सन्नी भट 580/आईआर 11वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल जावेद अहमद 587/पीएल और कांस्टेबल मोहम्मद याकूब 566/पीएल के साथ तत्काल घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। कांस्टेबल इम्तियाज अहमद सं. 963/पीएल द्वारा जवाबी गोलीबारी करने और अपने साथी के साथ उप-पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा के पहुंचने के कारण ये बंदूकधारी व्यक्ति (फिदायीन) डीपीएल पुलवामा के आवासीय ब्लॉकों में घुस गए। कांस्टेबल इम्तियाज अहमद 963/पीएल घायल होने के बावजूद अपनी अंतिम सांस तक लगातार लड़ते रहे और फिदायीनों को एसओजी कैंप के नजदीक नहीं आने दिया। आंतकवादियों (फिदायीन) ने कांस्टेबल के नजदीक कुछ यूबीजीएल भी फेंके, जिसके कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके सिर में गोली के छर्रे लग गए। उक्त कांस्टेबल चोटों के कारण लंबे समय तक जीवित नहीं रह सके और बाद में मृत्यु को प्राप्त/शहीद हो गए। उप-पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा ने उप निरीक्षक अमजद हुसैन ईएक्सके-109479 और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल शहनवाज अहमद 446/पीएल, कांस्टेबल हिलाल अहमद ताली 1028/पीएल, कांस्टेबल मोहम्मद मकबूल लोन 1494/पीएल, फोल जगजीत सिंह एफ-35 आईआर 12वीं बटालियन, एसपीओ अली मोहम्मद 396/एसपीओ, एसपीओ हमीदुल्लाह मलिक 575/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद युनीस 170/एसपीओ, एसपीओ तौसीफ अली 107/एसपीओ, एसपीओ शौकत अहमद 155/एसपीओ, एसपीओ मोहम्मद युसुफ 431/एसपीओ, एसपीओ गुलाम नबी 63/एसपीओ, एसपीओ अब्दुल करीम जंगली 1315/एसपीओ (बीएलए), एसपीओ तारीक अहमद 387/एसपीओ और एसपीओ शौकत अहमद 50/एसपीओ की अगुवाई में एसओजी कैंप पुलवामा के एक सैन्य दल का नेतृत्व किया और 182 बटालियन सीआरपीएफ की सहायता से तत्काल उस क्षेत्र की घेराबंदी की तथा आतंकवादियों (फिदायीन) को आवासीय क्वार्टरों के बरामदे में रोकने का हर संभव प्रयास किया। प्रत्येक फिदायीन ने अलग-अलग आवासीय ब्लॉकों सी/डी/ई पर कब्जा कर लिया, लगातार अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी तथा उन्होंने तीन अलग-अलग दिशाओं से ग्रेनेड एवं यूबीजीएल फेंके। चूंकि, आवासीय ब्लॉक अर्थात् सी, डी और ई की एसओजी पुलवामा और सीआरपीएफ 182 बटालियन द्वारा घेराबंदी की गई थी, अतः शेष आवासीय ब्लॉकों की तलाशी ली गई और श्री जहीर अब्बास जाफरी, उप-पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) पुलवामा द्वारा उन ब्लॉकों की सुरक्षा बढ़ा दी गई। आतंकवादियों (फिदायीन) द्वारा जबरन कब्जा किए गए क्वार्टरों से लोगों को निकालना एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि वे उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा की अगुवाई वाले बचाव टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी और ग्रेनेडों से हमला कर रहे थे, जिसमें उनका साथी गोली लगने से घायल हो गया। उप निरीक्षक अहमद हुसैन ईएक्सके 109479 के नेतृत्व वाले एसओजी पुलवामा की क्यूआरटी द्वारा प्रदान की गई कवर गोलीबारी में श्री देवेन्द्र सिंह, उप-पुलिस अधीक्षक डीएआर, डीपीएल पुलवामा और एएसआई करनैल सिंह 59/पीएल के सहयोग से भीषण हमले में भी बचाव कार्य को उप पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा द्वारा सफल बनाया गया। बचाव टीम ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना एक क्वार्टर जो ब्लॉक "सी" के शीर्ष पर स्थित था तथा जिसमें 02 एसपीओ नामतः मोहम्मद युसुफ हाजम 54/एसपीओ, मोहम्मद रफीक हाजम 327/एसपीओ और एक नर्सिंग अर्दली नामतः अमरजीत सिंह सं.003019/पीएमएस रह रहे थे, को छोड़कर 30 क्वार्टरों से परिवारों को निकाला। अमरजीत सिंह और उप-पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा के बीच फोन पर संपर्क बना रहा तथा यह पता चला कि ब्लॉक "सी" में कथित एसपीओ खाली हाथ आतंकवादियों (फिदायीन) के साथ लड़े हैं और उन्होंने अपनी ओर से अधिकतम रूकावट पैदा की थी। इन एसपीओ को आतंकवादियों द्वारा गोली मार दी गई और उनको शहादत प्राप्त हुई। कॉल जारी थी और कथित नर्सिंग अर्दली को निकालने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए गए, परंतु अचानक ही अमरजीत की ओर से कॉल काट दी गई और यह समझा गया कि उनको भी शहादत प्राप्त हो गई। लगभग 1100 बजे, परिवारों को बाहर निकालने की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूरी हो गई थी, यद्यपि उप-पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा का एक सहायक नामतः कांस्टेबल मोहम्मद याकूब गंभीर रूप से घायल हो गया, फिर भी उप-पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन पुलवामा ने अपना धैर्य नहीं खोया और अपनी टीम के साथ सतर्क बने रहे तथा अपनी जान की परवाह किए बिना बचाव प्रक्रिया को बहादुरी से पूरा किया। घिरे हुए आतंकवादियों (फिदायीन) को मार गिराने के लिए, 182, 183 बटालियन सीआरपीएफ और 55आरआर के सहयोग से घेराबंदी को सुदृढ़ किया गया तथा डटकर जवाबी कार्रवाई की गई। ब्लॉक "डी" में छिपा हुआ एक आतंकवादी (फिदायीन) अचानक सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बाहर आ गया। इस घटना में उप-पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, पुलवामा बाल-बाल बच गए। कथित फिदायीन को आवासीय ब्लॉक "डी" के प्रवेश द्वार पर मार दिया गया। शेष आतंकवादी (फिदायीन) कुछ विशिष्ट लक्ष्यों पर गोलीबारी करते रहे और आवासीय परिसरों के आस-पास किसी गतिविधि (यदि दिखाई देती) पर गोलीबारी करते थे। अपनी टीम के साथ उप-पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) पुलवामा अपनी जान की परवाह किए बिना सतर्क बने रहे और उन्होंने इस प्रकार की महत्वपूर्ण परिस्थिति का सामना किया/प्रभावशाली ढंग से जवाबी कार्रवाई की। यह मुठभेड़ चुनौतीपूर्ण थी और लगभग 20 घंटों तक चली तथा जब आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी रूक गई, तो एसएसपी, पुलवामा की देखरेख में 55 आरआर

(सेना), 182 बटालियन और 183 बटालियन सीआरपीएफ तथा पुलिस की एक संयुक्त टीम गठित की गई। तलाशी के दौरान, दो अतिरिक्त आतंकवादियों के शव भी बरामद हुए, जिनकी बाद में अबू दाऊद, निवासी-पाकिस्तान, अबिरसाद, निवासी-पाकिस्तान और अबू बकर, निवासी-पाकिस्तान के रूप में पहचान की गई। ऑपरेशन के दौरान बरामद शस्त्रों/गोलाबारूद में यूबीजीएल के साथ 1 एके47 राइफल (क्षतिग्रस्त), 2 एके56 राइफल (क्षतिग्रस्त), 10 एके मैगजीन (4 क्षतिग्रस्त), 80 एके राउंड, 1 वेपन साइट और 3 बॉडी पाउच शामिल हैं। पुलिस स्टेशन पुलवामा में आरपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 16, 18, 20 के अंतर्गत मामला एफआईआर सं. 282/2017 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री सैयद जहीर अब्बास जाफरी, उप पुलिस अधीक्षक, स्व. इम्तियाज अहमद, कांस्टेबल और मोहम्मद याकूब जेहरा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.08.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 145-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते है:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री निसार अहमद डार,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.07.2017 को, अनंतनाग पुलिस को बुलबुल नौगाम-दियालगाम क्षेत्र में 02 से 03 आतंकवादियों के एक वाहन में घूमने के संबंध में विशेष सूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, 19आरआर/40 बटालियन सीआरपीएफ के साथ पुलिस अनंतनाग द्वारा बुलबुल नौगाम-वानीहामा रोड पर वाटरगाम में एक संयुक्त नाका लगाया गया। स्थिति का विश्लेषण करने के पश्चात, उप-पुलिस अधीक्षक, ऑपरेशन अनंतनाग ने सैन्य दलों को हौसला बनाए रखने एवं नाके को मजबूती से नियंत्रण में रखने के लिए सतर्क किया। इस ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए एसएसपी, अनंतनाग ने पूरे ऑपरेशन का कार्यभार ले लिया और पुलिस/सीआरपीएफ/सेना की संयुक्त टीमें गठित की। उप निरीक्षक मसरूर अली सं.एआरपी-109301, हेड कांस्टेबल मोहम्मद इकबाल सं.411/बी, हेड कांस्टेबल निसार अहमद सं.2258/एस, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मुदासिर अहमद सं.245/एएचजेएस, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मुजफ्फर अहमद सं.186/आईआरपी, कांस्टेबल शैलेन्द्र कुमार सं.297/जे, कांस्टेबल विक्की रैना सं.394/आईआरपी, एसपीओ जाविद अहमद सं.1204/एसपीओ, एसपीओ लतीफ अहमद सं.982/एसपीओ, एसपीओ जुल्फिकार नबी सं.1136/एसपीओ, एसपीओ लतीफ अहमद सं.644/एसपीओ, एसपीओ अब्दुल रहमान सं.702/एसपीओ, एसपीओ जहूर अहमद सं.02/एसपीओ और एसपीओ मोहम्मद अल्ताफ सं.389/एसपीओ के सहयोग से श्री अफरात हुसैन, उप-पुलिस अधीक्षक, पीसी अनंतनाग के पुलिस दल ने बुलबुल नौगाम-वानीहामा रोड पर वाटरगाम में मजबूत नाका लगाया। इसी बीच, एक वाहन (सफेद रंग की मारूति) सामने की ओर से नाका दल की तरफ आया, जिसको रोकने का संकेत दिया गया। तथापि, वाहन में सवार व्यक्तियों ने उस स्थान से बच निकलने के लिए नाका दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की। सतर्क नाका दल ने प्रभावशाली ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिसके फलस्वरूप 3 आतंकवादी मारे गए, जिनकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा के शौकत अहमद लौहार उर्फ अबु जिब्रान पुत्र-अब्दुल रहमान लौहार, निवासी-नई बस्ती अरवानी जो "क" श्रेणी के लिए अनुशंसित "ग" श्रेणी का आतंकवादी था, मुदासिर अहमद हाजम उर्फ अबु साद पुत्र गुल मोहम्मद हाजम, निवासी-दांवटपोरा कोकरनाग (ग-श्रेणी) और रईस अहमद भट उर्फ नासिर पुत्र नाजिर अहमद, निवासी-हाकूरा क्षेत्र पीर पोरा पेहरू अनंतनाग के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों के पास से बरामद शस्त्र/गोलाबारूद में 01 एके-47 राइफल (सं.22149) (क्षतिग्रस्त), 02 एके-47 मैगजीन (01 क्षतिग्रस्त), 01 एसएलआर (बैरेल बाउडलराईज्ड), 03 एसएलआर मैगजीन, एसएलआर के 38 जिंदा कारतूस, मैगजीन (खाली) के साथ 01 पिस्तौल (चीन निर्मित), 01 जिंदा ग्रेनेड, 02 पाउच, 01 मारूति (800) सं. जेके02एम-3240, 03 मोबाइल (सैमसंग जे1, लावा मैजिक, सैमसंग-जे7) (मुदासिर उर्फ अबु साद से), 03 मोबाइल (नोकिया-1280, लावा, सैमसंग-ब्लैक) (शौकत उर्फ जिब्रान से), 01 मोबाइल (सैमसंग-ब्लैक) (रईस उर्फ नासिर से) और 01 एटीएम कार्ड सं. 5152280472030066 (रईस उर्फ नासिर से) शामिल हैं तथा पुलिस स्टेशन अनंतनाग में धारा 307, 7/27 आयुध अधिनियम के तहत मामला एफआईआर सं.167/2017 दर्ज है।

मारे गए आतंकवादियों को शांति-व्यवस्था, विशेषकर एसकेआर क्षेत्र में रेलवे ट्रैक सहित राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मुख्य नगरों के लिए संभावित खतरा माना जाता था। वे सुरक्षा बल/पुलिस कार्मिकों की हत्या के अतिरिक्त एसकेआर में हथियार छिनने की हुई अनेकों घटनाओं में भी शामिल थे।

इस ऑपरेशन में श्री निसार अहमद डार, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.07.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 146-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	रियाज अहमद लंगू, निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	रमीस अहमद भट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13 नवम्बर, 2017 को, देर रात्रि के दौरान कुलगाम पुलिस को कुंड काजीगुंड, कुलगाम क्षेत्र में लश्कर-ए-तैयबा/हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकी संगठनों से संबंध रखने वाले आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई, जो उस क्षेत्र में विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्ग ए-1 पर संवेदनशील कार्रवाई करने के लिए कोई षड्यंत्र बना रहे थे। पुलिस, 9 आरआर, 10वीं सिख, 18वीं बटालियन सीआरपीएफ और 163वीं बटालियन सीआरपीएफ के संयुक्त सैन्य बल उस क्षेत्र की ओर चल दिए और आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए संयुक्त रणनीति तैयार की गई। पुलिस/सेना/सीआरपीएफ के संयुक्त दलों, जिनमें श्री श्रीधर पाटिल, आईपीएस, एसपी, कुलगाम के साथ अपर पुलिस अधीक्षक कुलगाम, श्री एजाज जारगर और श्री ऐजाज अहमद मलिक, उप-पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) मंझगाम, उप-पुलिस अधीक्षक, बुरान-उल-हक, (सीआई) यूनिट के निरीक्षक रियाज अहमद और मंझगाम/कुलगाम/हातीपोरा से पुलिस दल शामिल थे, ने अपने संबंधित ऑपरेशनल अधिकारियों की अगुवाई में प्रारंभिक घेराबंदी की और बचाव के सभी मार्गों को अवरुद्ध किया। शुरूआत में, आम नागरिकों को बचाकर निकालने के प्रयास किए गए और गांव के बुजुर्गों के माध्यम से आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का संदेश पहुंचाया गया, जिससे उन्होंने इंकार कर दिया और इसके विपरीत हताहत करने के इरादे से सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। पुलिस अधिकारियों द्वारा पूरे क्षेत्र को संवेदनशील बना दिया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी आम नागरिक आतंकवादियों के जाल में न फंस सके अथवा बंदी न बन सके, जिसे कि वे मानव ढाल के रूप में प्रयोग करें। आतंकवादियों पर नियंत्रण करने के लिए निरीक्षक रियाज अहमद सं.7173/एनजीओ अपने साथी सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल फिदा हुसैन सं.718/केजीएम और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल रमीश अहमद सं.393/केजीएम के साथ लक्ष्य क्षेत्र के नजदीक गए परंतु आतंकवादियों ने पुलिस दल पर एक ग्रेनेड फैंका और उसके बाद भारी गोलाबारी की तथा घने जंगलों का फायदा उठाकर उस स्थान से बच निकलने का प्रयास किया। दूसरी ओर, हेड कांस्टेबल आजाद अहमद ईएक्सके-021654, हेड कांस्टेबल पदम देव 44/आईआरपी 18वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद अब्बास 6941 केजीएम, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल निसार मकबूल 215/आईआर 11वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मियां हामिद 537/केजीएम, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल एजाज अहमद ईएक्सके-982181, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल अब्दुल क्यूम ईएक्सके-012394, कांस्टेबल शकूर अहमद 1083/केजीएम, कांस्टेबल बिलाल अहमद 929/केजीएम, कांस्टेबल गुलाम मोहम्मद ईएक्सके-126204, एसपीओ शाबिर अहमद पैरी 52/के, एसपीओ आर्शिद अहमद गनी 322/के, एसपीओ इम्तियाज अहमद 386/के, एसपीओ मिठन सिंह 289/के, एसपीओ मोहम्मद अमीन लोन 205/के, एसपीओ खुर्शीद अहमद वानी 361/के, एसपीओ फारूख अहमद 437/के, एसपीओ शौकत हुसैन 01/सीआईके, एसपीओ अब्दुल राशिद 02/एसपीओ-एसजीआर, एसपीओ मोहम्मद अयूब 04/के, एसपीओ वज़ीर अहमद 93/के, एसपीओ मोहम्मद रफीक 98/के ने आतंकवादियों के पद चिह्नों का पीछा किया और उन्हें नजदीकी बंदूक की लड़ाई में उलझा दिया। अधिकारी ने टीम लीडर के रूप में अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया और ऑपरेशनल टीम का कुशल ढंग से

संचालन किया। अंधेरा और घने अखरोट के पेड़ों से घिरा जंगल ऑपरेशन को अंजाम देने में ऑपरेशनल टीम के लिए बड़ी बाधा थी। तथापि, निरीक्षक रिजाय अहमद और उनके सहायक ने आतंकवादियों की गतिविधि का अनुसरण किया और कठिन प्रयासों के पश्चात वे आतंकवादियों के नजदीक पहुंचने में सफल हो गए तथा एक खुले क्षेत्र में उनसे संपर्क स्थापित किया गया। उक्त अधिकारी और उनकी अपनी टीम के साथियों ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादी के साथ लड़ाई की जिसके परिणामस्वरूप भीषण गोलीबारी हुई, जो हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकी संगठन के आतंकवादी को मार गिराने तक जारी रही। इस आतंकवादी की पहचान मुजामिल मंजूर डार पुत्र मंजूर अहमद डार निवासी-बदरू (क श्रेणी) के रूप में की गई। उसके पास से बरामद शस्त्र/गोलाबारूद में 1 कारबाइन एसएएफ-1990, रजि. 15208475, 1 मैगजीन कारबाइन और 7 जिंदा राउंड शामिल हैं। बंदूक की लड़ाई के दौरान, कांस्टेबल फिदा हुसैन (निरीक्षक रियाज अहमद के सहायक) को चोट लगने के अतिरिक्त 10 सिख रेजीमेंट के एक सैनिक को शहादत भी प्राप्त हुई। अगली सुबह, तलाशी अभियान दोबारा शुरू किया गया और लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन के एक आतंकवादी नामतः शमसूल विकार उर्फ प्यारा निवासी लारम गांजीपोरा (ख श्रेणी), जो 13/14-11-2017 की मध्यवर्ती रात्रि के दौरान घेराबंदी से बचकर भाग गया था, को चक बदवानी में हेड कांस्टेबल पदम देव एआरपी-835757, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल निसार मकबूल सं.215/आईआर 11वीं बटालियन, कांस्टेबल शकूर अहमद 1083/केजीएम ईएक्सके-145447 और कांस्टेबल बिलाल अहमद सं.929/केजीएम ईएक्सके-11204, एसपीओ अब्दुल राशिद हाजम सं.02/एसपीओ, एसपीओ अयूब कादिर वागे सं.04/के, एकपीओ वज़ीर अहमद सं.93/के, रफीक अहमद मलिक सं.98/के वाले सतर्क तलाशी दल द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया, जिन्होंने उसे जवाबी हमला करने और उस स्थान से बच निकलने का एक भी मौका नहीं दिया। गिरफ्तार आतंकवादी के पास से बरामद शस्त्र/गोलाबारूद में 1 एके47 राइफल (क्षतिग्रस्त), राउंड से भरी हुई 1 मैगजीन एके47, 9 जिंदा राउंड के साथ 1 मैगजीन एके47, 1 जिंदा हैंड ग्रेनेड और 1 कंबल शामिल हैं। जंगल में छिपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान दोबारा शुरू किया गया और आतंकवादियों से दोबारा संपर्क स्थापित किया गया, जिसके फलस्वरूप हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकी संगठन का एक और आतंकवादी नामतः अट्टा मोहम्मद मलिक (ग-श्रेणी) गिरफ्तार किया जा सका, जो गंभीर रूप से घायल था और उसे उपचार के लिए एसडीएच काजीगुंड में शिफ्ट कर दिया गया। उसके पास से एक चीनी पिस्तौल क्र.सं.010032, पिस्तौल की 1 मैगजीन और 9 एमएम के 3 जिंदा राउंड बरामद हुए। इसके अतिरिक्त, आपसी लड़ाई में फंसा हुआ हिजबुल मुजाहिद्दीन का एक ओवर ग्राउंड वर्कर उस स्थान से बच निकला।

दोनों मामलों (एफआईआर सं. 313/2017 और सं. 314/2017) की जांच के दौरान गिरफ्तार आतंकवादी शमसूल विकार उर्फ प्यारा की निशानदेही पर बरामद किये गये शस्त्र/गोलाबारूद तथा अन्य सामग्रियों में एके राइफल की 3 मैगजीन (खाली), एके47 के 122 जिंदा राउंड, कारबाइन का 1 जिंदा राउंड, 1 पाउच (काले रंग का), थाइलैंड निर्मित 1 कलाई घड़ी, चमड़े के 1 जोड़ी दस्ताने, 1 कलाई घड़ी (ग्रे), सैमसंग का 1 चार्जर (सफेद रंग का), काले रंग का 1 मास्क, 1 पुल थ्रू, 1 छोटी चाबी, सफेद रंग का प्लास्टिक का 1 डिब्बा (खाली), 1 टेप रोल (आधा इस्तेमाल किया गया), 1 टूथब्रश, 1 लाल पैन, 1 नेल कटर, 05 टेबलेट मैडिसन (टेब. सिनारेस्ट), 1 टेबलेट ट्रमाडेल, 1 ऑइंटमेंट नियोस्प्रिन (नियोमाइसिन) (इस्तेमाल की गई) और मल्टी कलर का 1 बैग (काला, लाल, सफेद) शामिल हैं। इस ऑपरेशन में अधिकारियों/कार्मिकों (उपर्युक्त) की भूमिका सभी प्रकार से वीरतापूर्ण थी।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री रियाज अहमद लंगू, निरीक्षक और रमीस अहमद भट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.11.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 147-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. जतिंदर सिंह गड्डी,
सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल

02. मोहम्मद शफी भट,
सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल

03. परवेज अहमद
सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 06.11.2017 को, लगभग 1630 बजे, एसएसपी, पुलवामा को गांव अगलार कांडी, पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के तीन (03) आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई, जिसे उप निरीक्षक अमजद हुसैन सं. ईएक्सके-109479 द्वारा विस्तार में स्पष्ट कर यह पुष्टि की गई कि ये आतंकवादी गुलाम हसन लोन के पुत्र शीराज अहमद लोन और मंजूर अहमद लोन के संयुक्त आवासीय मकान में छिपे हुए हैं। इस सूचना को 44 आरआर, 182/183 बटालियन सीआरपीएफ के साथ साझा किया गया और उस मोहल्ले की संयुक्त घेराबंदी करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात, एसएसपी पुलवामा, अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा, उप निरीक्षक अमजद हुसैन अपने अनुरक्षक कार्मिकों और पुलिस घटक पुलवामा के एसओजी दल के साथ गांव अगलार कांडी, राजपोरा की ओर गए। लक्षित स्थान पर पहुंचने के बाद, अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा की प्रत्यक्ष कमान में पुलिस पुलवामा, सेना की 44 आरआर और सीआरपीएफ की 182,183 बटालियन द्वारा संयुक्त घेराबंदी की गई। घेराबंदी करने/उसको सुदृढ़ बनाने के पश्चात, हेड कांस्टेबल शाह फैजल 427/पीएल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद याकूब 478/पीएल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल निसार अहमद 255/पीएल, कांस्टेबल इरशाद अहमद 743/पीएल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद शफी 1326/पीएल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल परवेज अहमद 1306/पीएल और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल जतिन्दर सिंह 278/आईआर के सहयोग से उप निरीक्षक अमजद हुसैन के पर्यवेक्षण में आतंकवादियों की तलाशी के प्रयास शुरू किए गए। इसी बीच, उपर्युक्त संयुक्त आवासीय मकान में छिपे आतंकवादियों ने नजदीक आते पुलिस दलों को देखते ही घेराबंदी से बच निकलने के लिए उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। परंतु, सैन्य दलों ने बुद्धिमानी से तत्काल पोजीशन ले ली और आत्म-सुरक्षा में जवाबी गोलीबारी की, जिसने आतंकवादियों को स्वयं को बचने के लिए मजबूर कर दिया और उनके बचने के प्रयास को विफल कर दिया और इस प्रकार फिर भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। बाद में गोलीबारी का मजबूती से मुकाबला करने के लिए 04 टीमें गठित की गई। पश्चिमी छोर से गोलीबारी का जवाब देने के लिए हेड कांस्टेबल शाह फैजल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद याकूब, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल निसार अहमद, कांस्टेबल इरशाद अहमद और कांस्टेबल बैनर्जी रैना 450/पीएल तथा सेना/सीआरपीएफ के दल वाली एक टीम का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा द्वारा किया गया। दक्षिणी छोर से गोलीबारी का जवाब देने के लिए कांस्टेबल गुलाम कादिर 1628/पीएल, कांस्टेबल मंजूर अहमद 1057/पीएल, कांस्टेबल मेहराज-उद-दीन 1469/पीएल, कांस्टेबल जाविद नाजिर 1484/पीएल और सेना एवं सीआरपीएफ के सहयोगी दल वाली दूसरी टीम का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) काकापोरा श्री सतीश कुमार केपीएस-127950 द्वारा किया गया। पूर्वी छोर से गोलीबारी का जवाब देने के लिए सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद शफी, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल परवेज अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल जतिंदर सिंह, कांस्टेबल दानिश अल्लाही 993/पीएल, फोल शाबिर अहमद 05-एफ, एसपीओ बशरात अहमद 242/एसपीओ-एसजीआर, एसपीओ मुख्तार अहमद 248/एसपीओ, एसपीओ अब्दुल करीम 677/एसपीओ-एसजीआर, एसपीओ जहीर अब्बास 14/एसपीओ-जेडपीएचक्यू, एसपीओ गुलाम नबी 591/एसपीओ वाले तीसरे दल का नेतृत्व उप निरीक्षक अमजद हुसैन द्वारा किया गया। इसी क्रम में उत्तरी छोर से हेड कांस्टेबल मोहम्मद अमीन सं.230/आईआर 11वीं बटालियन, हेड कांस्टेबल लतीफ अहमद 814/पीएल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल यशपाल सिंह 292/आईआर पहली बटालियन, फोल सुनाउल्लाह एफ-43/एपी 8वीं बटालियन और सीआरपीएफ एवं सेना के सहयोगी दल वाली टीम का नेतृत्व निरीक्षक पंकज शर्मा सं.एआरपी-046140 आई/सी ईएसयू पुलवामा द्वारा किया गया। जब ऑपरेशन शुरू हुआ तो उप-पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, पुलवामा श्री जहीर अब्बास जाफरी - केपीएस के पर्यवेक्षण में एसपीओ नामतः एसपीओ जावेद अहमद 13/एसपीओ, एसपीओ मंजूर अहमद 172/एसपीओ, एसपीओ रियाज अहमद 212/एसपीओ, एसपीओ जोती सिंह 344/एसपीओ, एसपीओ इम्तियाज अहमद 117/एसपीओ, एसपीओ इश्फाक अहमद 210/एसपीओ, एसपीओ बशीर अहमद 533/एसपीओ, एसपीओ रईस अहमद 20/एसपीओ, एसपीओ रियाज अहमद 114/एसपीओ द्वारा आतंकवादियों की गतिविधि को रोकने के लिए सभी प्रकार के प्रयास किए गए। लक्षित क्षेत्र में रोशनी करने के पश्चात, लक्षित मकान में उपस्थित आम नागरिकों को एक-एक करके बाहर निकाला गया। इस कार्य को आई/सी पीसी पुलवामा उप निरीक्षक अमजद हुसैन ईएक्सके-109479 के साथ सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद शफी 1326/पीएल, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल परवेज अहमद 1306/पीएल और सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल जतिंदर सिंह/आईआर 11वीं बटालियन ने गोलियों की बौछार के बीच व्यक्तिगत तौर पर पूरा किया है। आम नागरिकों को बचाने का कार्य निरीक्षक पंकज शर्मा सं.एआरपी-046140 के साथ उनकी उपर्युक्त टीम द्वारा प्रदान की गई कवर गोलीबारी की सहायता से संभव हो पाया। तत्पश्चात, आतंकवादियों को अपने हथियार डाल देने का अवसर दिया गया, परंतु उन्होंने इसे अनदेखा कर दिया और वे सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे लगे। उप-पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पुलवामा, उप पुलिस अधीक्षक डीएआर-डीपीएल, पुलवामा और एसएचओ राजपोरा के साथ-साथ उनके दलों ने आपस में गहन समन्वय बनाए रखा तथा सभी आम नागरिकों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। भयंकर बंदूक की लड़ाई के दौरान, एक घिरे हुए आतंकवादी ने सैन्य दलों पर लगातार गोलीबारी करते हुए पूर्वी छोर से भागने का प्रयास किया, जिसमें उप निरीक्षक अमजद हुसैन सं.ईएक्सके-109479 बाल-बाल बच गये। तथापि, उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के कारण वह आतंकवादी मारा गया और उसकी पहचान ताल्हा राशिद (श्रेणीबद्ध आतंकवादी) निवासी-पाकिस्तान के रूप में की गई। आतंकवादियों के विरुद्ध लड़ाई अन्य सभी आतंकवादियों के मारे जाने तक जारी रही और जब आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी बंद हो

गई, तो उप निरीक्षक अमजद हुसैन सं.ईएक्सके-109479 सहित पुलवामा पुलिस/सेना/सीआरपीएफ के अधिकारियों/कार्मिकों का संयुक्त तलाशी दल गठित किया गया। तलाशी के दौरान दो और शव बरामद हुए और बाद में सभी तीनों आतंकवादियों की पहचान महमूद भाई निवासी पाकिस्तान, ताल्हा राशिद निवासी-पाकिस्तान और वशीम अहमद गनी (सभी श्रेणीबद्ध आतंकवादी) पुत्र मोहम्मद अकरम गनी-निवासी द्रुबगाम पुलवामा के रूप में की गई। ऑपरेशन के दौरान बरामद किये गये शस्त्र/गोलाबारूद का ब्यौरा जब्ती मेमो में दर्शाया गया है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री जतिंदर सिंह गड्डी, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल, मोहम्मद शफी भट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल और परवेज अहमद, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.11.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 148-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	मुबाशिर रसूल, उप पुलिस अधीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
02.	मोहम्मद अशरफ बाबा, सहायक उप-निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
03.	मोहम्मद रमीज भट सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
04.	सजाद अहमद भट सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
05.	तारीक अहमद भट सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
06.	मोहम्मद जबर मीर सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
07.	मकबूल हुसैन सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)
08.	हिदायतउल्लाह खान कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.11.2017 को गांव चंदरगीर हाजिन में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में एक विशिष्ट सूचना पर कार्य करते हुए पुलिस बांदीपोरा, 13 आरआर और 45वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई और इस प्रकार कार्रवाई की गई। पुलिस दल का नेतृत्व शेख जुल्फकार आजाद-जेकेपीएस, एसएसपी बांदीपोरा के साथ-साथ श्री मुबाशिर रसूल-जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक पीसी हाजिन, श्री साकिब गनी-जेकेपीएस (उप पुलिस अधीक्षक प्रोब.), एसएचओ पीएस हाजिन द्वारा किया गया, जिनकी सहायता एएसआई मोहम्मद अशरफ बाबा 278/आईआरपी 6वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद रमीज 189/बीपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सजाद अहमद भट 351/आईआरपी 8वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल तारीक अहमद भट 733/बीपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद जबर मीर 593/आईआरपी 8वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मकबूल हुसैन 469/आईआरबी 8वीं बटालियन और कांस्टेबल हिदायतउल्लाह खान 485/आईआरपी 8वीं बटालियन द्वारा की गई। ऑपरेशन के दौरान, उक्त क्षेत्र की घेराबंदी की गई और आतंकवादियों की मौजूदगी का पता लगाया गया। कार्रवाई के दौरान तलाशी दल अचानक ही उस एक घर से आ रही गोलियों की बौछार में फंस गया, जो घेराबंदी और तलाशी के स्कैनर में था। इससे आम नागरिकों में उथल-पुथल मच गई और सामान्य

लोगों को सुरक्षित स्थान पर बचाकर ले जाना अत्यधिक जरूरी हो गया। चूंकि, बहुत रात हो गई थी, अतः किसी अतिरिक्त क्षति से बचने के लिए रात के दौरान ऑपरेशन रोक दिया गया। अगली सुबह 0430 बजे आतंकवादियों ने घेराबंदी तोड़कर भागने का प्रयास किया। ऑपरेशन के प्रमुख एसएसपी बांदीपोरा ने अनुभव का प्रदर्शन और सामरिक रणनीतियों का प्रयोग करते हुए तत्काल दो छोटी समर्पित टीमें गठित की, जिसमें एक का नेतृत्व स्वयं उनके द्वारा तथा दूसरी टीम का नेतृत्व श्री अजाद रसूल मीर अपर पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा ईएक्सके-901930 द्वारा श्री मीर मुर्तजा हुसैन उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, शेख ताहिर अमीन-जेकेपीएस-125759 एसडीपीओ संबल के साथ-साथ उनके सहयोगियों की सहायता से किया गया। इस प्रकार से गठित की गई टीमों को दो अलग-अलग दिशाओं से आतंकवादी के बिल्कुल नजदीक पहुंचने का निदेश दिया गया। सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान खूंखार आतंकवादी लगातार अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे और उन्होंने ग्रेनेड फैंके, जिसके परिणामस्वरूप 02 सैन्य कर्मियों को गोली से चोट लगी गई, जिससे बाद में एक सैन्य कर्मी की चोट के कारण मृत्यु हो गई। शेख जुल्फकार अजाद-जेकेपीएस, एसएसपी बांदीपोरा के साथ-साथ श्री मुबाशिर रसूल-जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक पीसी हाजिन, श्री साकिब गनी-जेकेपीएस (उप पुलिस अधीक्षक प्रोब.) एसएचओ पीएस हाजिन, जिनकी सहायता एएसआई मोहम्मद अशरफ बाबा 278/आईआरपी 6वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद रमीज 189/बीपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सजाद अहमद भट 351/आईआरपी 8वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल तारीक अहमद भट 733/बीपीआर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद जबर मीर 593/आईआरपी 8वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मकबूल हुसैन 469/आईआरपी 8वीं बटालियन और कांस्टेबल हिदायतउल्लाह खान 485/आईआरपी 8वीं बटालियन द्वारा की गई थी, ने यह देखते ही, हिम्मत और प्रतिबद्धता दिखाते हुए लक्षित क्षेत्र पर हमला किया। चूंकि, ऑपरेशन दल को क्षति पहुंचाने के लिए आतंकवादियों के छिपने का स्थान पूरी तरह उनके लिए अनुकूल था, अतः एसएसपी बांदीपोरा ने अपने कार्मिकों को ऐसे ढंग से तैनात किया कि आतंकवादियों के आस-पास कड़ी घेराबंदी सुनिश्चित की जा सके और तेजी से जवाबी गोलीबारी की जा सके। यह देखते हुए आतंकवादी ने उस स्थान से भागने की योजना बनाई। इस अभ्यास के दौरान उन्होंने (दोनों टीमें) एक-दूसरे की पूरी सहायता की, जिससे आतंकवादियों की गोलीबारी के विरुद्ध सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। यह ऑपरेशन दलों की बड़ी हिम्मत और मिशनरी उत्साह के कारण ही हुआ कि खूंखार आतंकवादी मारे गये। इन कट्टर आतंकवादियों, जो सभी विदेशी आतंकवादी थे, की बाद में जुरगाम उर्फ जाहिद, मोहम्मद भाई, अबू किताल, अबू अमीर, उबैद और अबू सुहैल के रूप में पहचान की गई। इस संबंध में, आरपीसी की धारा 307, 302, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत मामला एफआईआर सं.70/2017 पुलिस स्टेशन हाजिन में पंजीकृत है।

यह उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है कि इस सम्पूर्ण ऑपरेशन में शेख जुल्फकार आजाद - जेकेपीएस, एसएसपी बांदीपोरा के साथ-साथ श्री मुबाशिर रसूल-जेकेपीएस, उप पुलिस अधीक्षक पीसी हाजिन, श्री साकिब गनी-जेकेपीएस (उप पुलिस अधीक्षक प्रोब.) एसएचओ पीएस हाजिन ने एएसआई मोहम्मद अशरफ बाबा, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद रमीज, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सजाद अहमद भट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल तारीक अहमद भट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मोहम्मद जबर मीर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मकबूल हुसैन और कांस्टेबल हिदायतउल्लाह खान की सहायता से विशिष्ट वीरता, अतुलनीय साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया तथा आम नागरिकों के सुरक्षित बचाव को सुनिश्चित किया। इन अधिकारियों/कार्मिकों द्वारा प्रदर्शित कर्तव्य के प्रति निस्वार्थ समर्पण और अतुलनीय साहस से खूंखार आतंकवादी मारे गए और परिणामस्वरूप ऑपरेशन पूरा करने में सफलता प्राप्त हुई।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री मुबाशिर रसूल, उप पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद अशरफ बाबा, सहायक उप-निरीक्षक, मोहम्मद रमीज भट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल, सजाद अहमद भट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल, तारीक अहमद भट, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल, मोहम्मद जबर मीर, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल, मकबूल हुसैन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल और हिदायतउल्लाह खान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.11.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 149-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	आशीष कुमार मिश्रा, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

02.	अजहर राशिद ताली, पुलिस उप अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
03.	सचित शर्मा पुलिस उप अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
04.	तेजिन्दर सिंह हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.02.2018 को पाकिस्तान मूल के दो आतंकवादियों द्वारा लगभग 0445 बजे करण नगर श्रीनगर में 23वीं बटालियन सीआरपीएफ कैंप पर फिदायीन हमला किया गया। सीआरपीएफ 23वीं बटालियन के सतर्क संतरी नामतः घेट रघुनाथ ने बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की और आतंकवादियों (फिदायीन हमलावर) को सीआरपीएफ कैंप में प्रवेश करने से रोक दिया। हमले के बाद दोनों आतंकवादी भाग गए और उस निर्माणाधीन भवन में घुस गए, जो उपर्युक्त सीआरपीएफ कैंप के सामने स्थित था। इस भयानक हमले के तुरंत बाद, फिदायिनों के निशस्त्रीकरण के लिए एसएसपी श्रीनगर और श्री जावेद इकबाल, एसपी पीसी श्रीनगर की कमान में श्रीनगर पुलिस की एक विशेष टीम एसओजी के पुलिस कार्मिकों के साथ शीघ्र उस स्थान की ओर गई। यह दल उस शरण स्थल का पता लगाने में सफल हो गया, जिसमें ये दो फिदायीन आतंकवादी छिपे हुए थे। समपार्श्विक क्षति से बचने और सुरक्षित ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए ऑपरेशन शुरू करने से पहले 23वीं बटालियन सीआरपीएफ का सहयोग लेने का निर्णय लिया गया। समस्त नफरी को तीन सैन्य दलों में बांटा गया। पहला सैन्य दल श्रीनगर पुलिस से बनाया गया जिसका नेतृत्व श्री आशीष कुमार मिश्रा, आईपीएस, एसपी सीटी साउथ, श्रीनगर के साथ-साथ एसडीपीओ शाहीद गंज श्री अमृतपाल सिंह, आईपीएस तथा अन्य के द्वारा किया गया। उनको लक्षित क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। दूसरा सैन्य दल एसओजी श्रीनगर से बनाया गया। इस दल को उस निर्माणाधीन भवन जिसमें आतंकवादी छिपे हुए थे, की भीतरी घेराबंदी करने और यदि आवश्यक हो, तो 23वीं बटालियन सीआरपीएफ और सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी के साथ समन्वय से एसएसपी श्रीनगर की कमान में भीतर प्रवेश करने का कार्य सौंपा गया।

एसएसपी श्रीनगर, जो भीतरी घेराबंदी दल के प्रभारी थे, ने एसपी पीसी श्रीनगर के साथ मिलकर निकटवर्ती घरों से लोगों को निकालने के लिए श्रीनगर पुलिस की एक छोटी टीम गठित की, क्योंकि यह अत्यधिक जनसंख्या वाला क्षेत्र है। इस दल ने बहुत रणनीतिक एवं बहादुरीपूर्ण ढंग से निकटवर्ती घरों से लोगों को निकाला और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वहां कोई समपार्श्विक क्षति न हो, उन्हें नजदीकी सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया गया। प्रथम प्रयास में, दोनों घिरे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया। आत्मसमर्पण करने की बजाय आतंकवादियों ने ऑपरेशन दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। भवन में प्रवेश करने की योजना बनाई गई। पुलिस श्रीनगर + सीआरपीएफ से बनाए गए भवन भेदी दल ने सभी सावधानियां बरतते हुए भवन/कक्ष भेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी। तथापि, जैसे ही भेदन दल लक्षित भवन के नजदीक पहुंचा तो यह उन आतंकवादियों की भारी गोलाबारी के बीच आ गया, जिन्होंने भवन के भीतर पोजीशन ले रखी थी और बंदूक की इस लड़ाई में एक सीआरपीएफ कार्मिक नामतः मुजाहिद खान शहीद हो गया। छिपे हुए आतंकवादियों ने आगे बढ़ रहे सैन्य दल की ओर ग्रेनेड फेंके और गोलीबारी की। तथापि, भेदन दल चमत्कारिक ढंग से बच गया। भेदन दल दूसरी दिशा से भवन में प्रवेश करने के लिए एक रणनीतिक चाल के रूप में पिछे हट गया। इस बीच एसएसपी श्रीनगर ने दो छोटे सैन्य दल गठित किए, एक सैन्य दल जिसमें श्री जावेद इकबाल, एसपी पीसी श्रीनगर, पुलिस घटक श्रीनगर की पर्याप्त नफरी के साथ उप पुलिस अधीक्षक सचित शर्मा और श्री एम.के. बिश्वास, 2-आई/सी के नेतृत्व में सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी और 23वीं बटालियन सीआरपीएफ शामिल थे जबकि दूसरे सैन्य दल में श्री आशीष कुमार मिश्रा, आईपीएस, एसपी साउथ, श्रीनगर, खलिल अहमद, एसपी मुख्यालय श्रीनगर, उप पुलिस अधीक्षक अजहर राशिद, पीसी श्रीनगर के उप पुलिस अधीक्षक इम्तियाज अहमद और साथ ही सीआरपीएफ की एसओजी और वैली क्यूएटी की पर्याप्त नफरी शामिल थी, जिन्होंने सामने की दिशा के साथ-साथ पीछे की दिशा से भवन में प्रवेश करने का निर्णय लिया। जैसे ही, अग्रणी दलों ने पीछे/आगे की ओर से भवन में प्रवेश करने की कोशिश की, तो छिपे हुए आतंकवादियों ने आगे बढ़ने वाले सैन्य दलों की ओर एक खिड़की से ग्रेनेड फेंके तथा अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, परंतु इससे कोई क्षति नहीं हुई, क्योंकि आगे बढ़ने वाले दल रणनीतिक ढंग से आगे बढ़ रहे थे। इस स्तर पर प्रभारी सैन्य दलों ने अंधेरे के कारण ऑपरेशन को रोकने का निर्णय लिया, क्योंकि इसमें स्वयं की क्षति की आशंका थी और तदनुसार ऑपरेशन सुबह तक रोक दिया गया। तथापि, दिनांक 12/13.02.2018 की मध्यवर्ती रात्रि के दौरान आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच रूक-रूक कर गोलीबारी होती रही। अगले दिन अर्थात् 13.02.2018 को भोर होने पर, ऑपरेशन दोबारा शुरू किया गया। परिणामस्वरूप, दिनांक 13.02.2018 को लगभग 0700 बजे सभी सावधानियों का पालन करने के पश्चात ऑपरेशनल एसओपी के अनुसार कक्ष-दर-कक्ष भेदन की योजना बनाई गई और भवन/कक्ष भेदन का यह कार्य सेकेंड-इन-कमांड श्री एम.के. बिश्वास के नेतृत्व वाली सीआरपीएफ की 23वीं बटालियन + सीआरपीएफ की वैली क्यूएटी के पारस्परिक समन्वय से शुरू किया गया, क्योंकि उपर्युक्त भवन 4 मंजिला था। लगभग

1000 बजे कक्ष भेदन के दौरान सैन्य दल जिसमें श्री जावेद इकबाल, एसपी पीसी श्रीनगर, श्री आशीष कुमार मिश्रा-आईपीएस, एसपी साउथ, श्रीनगर, श्री खलिल अहमद पोसवाल, एसपी मुख्यालय श्रीनगर, अमृतपाल सिंह-आईपीआस, एएसपी, एसडीपीओ शाहीद गंज, सचित शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, अजहर राशिद ताली, उप पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीनगर, इम्तियाज अहमद मीर, उप पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीनगर, उप निरीक्षक इफ्तखार हुसैन शाह सं.एआरपी-109311, एएसआई नरिन्दर सिंह, हेड कांस्टेबल कुलवंत सिंह, हेड कांस्टेबल तजिन्दर सिंह ईएक्सके-065524, हेड कांस्टेबल पवन कुमार सं.640/जेकेएपी 5वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मासूम शाह, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल गगन सिंह सं.382/जेकेएपी 5वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल हरपाल सिंह सं.691/आईआरपी 6वीं बटालियन, सलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल बशरत रसूल 288/आईआर द्वितीय, कांस्टेबल शौकत अहमद 473/आईआरपी 6वीं बटालियन, कांस्टेबल शाहीद हुसैन राथेर सं.4555/एस, कांस्टेबल रवीश अहमद सं.972/एस, कांस्टेबल रियाज अहमद भट सं.1934/एस, कांस्टेबल जावेद अहमद सं.1844/एस, एसपीओ फयाज अहमद राथेर सं.656/एसपीओ-श्रीनगर, सजाद अहमद डार 1035/एसपीओ-श्रीनगर, एसपीओ ताहीर बशीर नजर सं.54/एसपीओ-श्रीनगर, एसपीओ पीर बशरत अशरफ 409/एसपीओ-श्रीनगर, एसपीओ मोहम्मद हुसैन मीर सं.66/एसपीओ-श्रीनगर, एसपीओ अब्दुल राशिद रेशी सं.539/एसपीओ-बीडी, एसपीओ फयाज अहमद वागे सं.808/एसपीओ- श्रीनगर, एसपीओ गाजी कादिर पासवाल 82/एसपीओ-जीबीएल, एसपीओ इश्फाक राशिद सं.691/एसपीओ-श्रीनगर, एसपीओ मोहम्मद रफीक सं.493/एसपीओ-श्रीनगर और एसपीओ तौसीफ अहमद सं.33/एसपीओ-श्रीनगर शामिल थे, भवन के नीचले कक्ष में छिपे हुए एक आतंकवादी की गतिविधि का पता लगाने में सफल हो गए और तदनुसार वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। छिपे हुए आतंकवादी ने तलाशी दल को देखने के पश्चात उनपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, परंतु तलाशी दल ने अपनी जान की परवाह किए बिना प्रभावशाली ढंग से जवाबी कार्रवाई की और परिणामस्वरूप एक फिदायीन मारा गया। बंदूक की लड़ाई के दौरान एक पुलिसकर्मी नामतः कांस्टेबल जावेद अहमद सं.1844/एस को गंभीर चोटें आई। एक फिदायीन हमलावर को मार गिराने के पश्चात, तलाशी दल ने दूसरे आतंकवादी के लिए अपनी तलाश जारी रखी और अंततः छिपे हुए दूसरे आतंकवादी के साथ संपर्क स्थापित किया गया। आतंकवादी ने उपर्युक्त तलाशी दल को देखकर उनपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका तलाशी दल द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना प्रभावशाली ढंग से जवाब दिया गया और दूसरे फिदायीन हमलावर को भी मार दिया गया। दोनों फिदायीन हमलावरों का मारा जाना पुलिस/अन्य सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी, क्योंकि इस उपलब्धि ने आतंकवादी संगठन के नेटवर्क को बड़ा झटका पहुंचाया। यद्यपि, उपर्युक्त आतंकवादी श्रेणीबद्ध किए जाने की सूची में शामिल नहीं थे, परंतु उनको दिनांक 31.12.2015 के पीएचक्यू आदेश सं.पीएचक्यू/ओपीएस/क्राईटेरिया/आरडब्ल्यूडी/2015/1490-94 के आलोक में फिदायीन होने के नाते "ए++" श्रेणी का आतंकवादी माना जाता है। मारे गए आतंकवादियों के पास से बरामद हुए शस्त्र/गोलाबारूद में 02 एके राइफल, 04 एके मैगजीन, 20 एके राउंड, 02 ग्रेनेड, 02 पाउच, 02 लाइटर, 1500/-रु. (भारतीय करेंसी) नकद और ½ किग्रा. (लगभग) ड्राईफ्रूट शामिल हैं। इस संबंध में आरपीसी की धारा 302, 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 16/18 के तहत मामला एफआईआर सं.09/2018 पुलिस स्टेशन करण नगर, श्रीनगर में दर्ज है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री आशीष कुमार मिश्रा, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, अजहर राशिद ताली, पुलिस उप अधीक्षक, सचित शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक और तेजिन्दर सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.02.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 150-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	रामाकांत प्रसाद, निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
02.	ज्योति प्रकाश, उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक

03.	जफर इमाम खान हवलदार	वीरता के लिए पुलिस पदक
04.	स्व. छोटेलाल पासवान चौकीदार	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

हजारीबाग झारखंड का नक्सल प्रभावित जिला है।

दिनांक 25.06.2000 को, जब ज्योति प्रकाश, पुलिस उप निरीक्षक-सह-प्रभारी अधिकारी, चौपारन पुलिस स्टेशन बारही सर्किल के निरीक्षक नामतः रामाकांत प्रसाद के साथ लंबित मामलों पर अपने पुलिस स्टेशन में विचार-विमर्श कर रहे थे, तो उनको यह गुप्त सूचना प्राप्त हुई, कि एमसीसी, उग्रवादियों के प्रतिबंधित सशस्त्र संगठन से संबंध रखने वाले कुछ व्यक्ति नवगढ़ गांव की हरिजन टोली में आए हैं। तदनुसार, वे बारही क्षेत्र के निरीक्षक रामाकांत प्रसाद, हवलदार जफर इमाम, चौकीदार 4/6 छोटेलाल पासवान और अन्य व्यक्तियों वाले अपने पुलिस दल के साथ सूचना के सत्यापन के लिए घटना स्थल की ओर गए और उपर्युक्त सशस्त्र उग्रवादियों के आमने-सामने आ गए। उन्होंने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। ज्योति प्रकाश, पुलिस उपनिरीक्षक ने अपने सशस्त्र पुलिस बल के साथ पोजीशन ले ली और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परंतु उग्रवादियों ने ध्यान नहीं दिया और पुलिस पार्टी पर गोलीबारी जारी रखी और पुलिस पार्टी के सम्मुख अवरोध पैदा किया। यह आश्वस्त होकर कि शस्त्र, गोलाबारूद और सरकारी सम्पत्ति के साथ-साथ पुलिस कर्मियों की जान खतरे में है, रामाकांत प्रसाद (बारही क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक) ने टीम को उग्रवादियों पर गोलीबारी शुरू करने का निर्देश दिया। ज्योति प्रकाश ओ/सी चौपारन, हवलदार जफर इमाम और चौकीदार 4/6 छोटेलाल पासवान के साथ-साथ अन्य पुलिस दल, जो पहले से ही पोजीशन में थे, ने उग्रवादियों को घेरने के लिए अलग-अलग दिशाओं से उनकी ओर रेंगकर चलना शुरू कर दिया। पुलिस दल के बहादुर सदस्य रामाकांत प्रसाद, ज्योति प्रकाश और अन्य कार्मिक उग्रवादियों की घेराबंदी करने और उनको घुटने टेकने पर मजबूर करने के लिए अलग-अलग दिशाओं से उनकी ओर रेंगकर आगे बढ़ते हुए उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए लगातार चेतावनी दे रहे थे। परंतु उग्रवादी निर्देश का पालन करने के लिए तैयार नहीं थे और वे अपनी ओर से लगातार पुलिस दल पर भारी गोलीबारी कर रहे थे। एकमात्र विकल्प देख कर पुलिस दल ने अंततः उनपर गोलीबारी शुरू कर दी और रूक-रूक कर गोलीबारी करते रहे। इस कार्रवाई के दौरान चौकीदार 4/6 छोटेलाल पासवान के पेट में गोली लग गई, उनको तत्काल नजदीकी अस्पताल में भेजा गया, परंतु वे रास्ते में हीं शहीद हो गए। अचानक उग्रवादियों ने गोलीबारी रोक दी। पुलिस उप निरीक्षक, ज्योति प्रकाश, पुलिस निरीक्षक रामाकांत प्रसाद, हवलदार जफर इमाम तथा अन्य के साथ पुलिस दल अतिरिक्त सावधानी के साथ उनकी ओर आगे बढ़ा। झाड़ी के नजदीक यह देखा गया कि एक उग्रवादी के शरीर पर कई गोलियां लगी हुई हैं और दूसरा उग्रवादी उसको बचाने की कोशिश कर रहा था। जीवित उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया गया और मारे गए उग्रवादी को कब्जे में ले लिया गया। पुछताछ के दौरान जीवित उग्रवादी ने अपनी पहचान एमसीसी उग्रवादी और मारे गए उग्रवादी की पहचान एमसीसी के एरिया कमांडर के रूप में प्रकट की। मारे गए उग्रवादी के पास से 42 राउंड जिंदा कारतूसों के साथ-साथ एक देशी निर्मित कारबाइन प्राप्त हुई। तदनुसार जब्ती सूची तैयार की गई।

निस्संदेह पुलिस निरीक्षक नामतः रामाकांत प्रसाद, प्रभारी अधिकारी-सह-पुलिस उप निरीक्षक ज्योति प्रकाश, हवलदार जफर इमाम और चौकीदार छोटेलाल पासवान ने एमसीसी के एरिया कमांडर के साथ मुठभेड़ के दौरान असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया है। कार्रवाई के दौरान असाधारण वीरता का प्रदर्शन करते हुए चौकीदार छोटेलाल पासवान ने अपने जीवन का बलिदान दे दिया। बारही क्षेत्र के तत्कालीन पुलिस निरीक्षक नामतः रामाकांत प्रसाद, पुलिस उप निरीक्षक और तत्कालीन प्रभारी अधिकारी चौपारन नामतः ज्योति प्रकाश, हवलदार जफर इमाम, और शहीद चौकीदार छोटेलाल पासवान द्वारा दर्शाई गई असाधारण वीरता के आलोक में, यह स्पष्ट है कि वे सभी असाधारण वीरता के धनी हैं और उन्होंने अपना कर्तव्य अत्यधिक समर्पण भावना और ईमानदारी के साथ निभाया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री रामाकांत प्रसाद, निरीक्षक, ज्योति प्रकाश, उप निरीक्षक, जफर इमाम खान, हवलदार और स्व. छोटेलाल पासवान, चौकीदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.06.2000 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 151-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. प्रकाश कुमार कर्ण,
निरीक्षक

02. सुशील दास,
कांस्टेबल

03. आकाश महापात्रा,
कांस्टेबल

04. चंद्रमणि भोई,
कांस्टेबल

05. समा धांगडा माझी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.09.2017 की शाम को सूत्रों से यह विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर कि पांच से सात माओवादियों का एक गुट गांव सेलपली में आया है जो आग्नेयास्त्रों से सुसज्जित है और क्षेत्र में आतंक फैलाने के लिए कुछ आम नागरिकों को मारने की योजना बना सकते हैं, प्रभारी निरीक्षक, पेकमाल पुलिस स्टेशन ने दिनांक 26.09.2017 की एसडीई सं.19 के अंतर्गत यह जानकारी स्टेशन डायरी में दर्ज की और इस सूचना को एसपी, बारगढ़ को भेज दिया। निर्देश के अनुसार वे तत्काल सी/01 सुशील दास, सी/41 आकाश महापात्रा, सी/93 चंद्रमणि भोई, ओएपीएफ/13 समा धांगडा माझी के साथ इस सूचना की सत्यता की जांच करने के लिए दो मोटरसाइकिलों पर उपर्युक्त स्थान की ओर चल पड़े। वे गांव सेलपली के नजदीक पहुंचे और कनाल रोड से गांव की ओर रणनीतिक ढंग से आगे बढ़े। लगभग 200 मीटर चलने के बाद उनको गांव सेलपली की तरफ से मुख्य सड़क की ओर व्यक्तियों का एक समूह आता हुआ दिखाई दिया। वे अपने कंधे पर लटका कर कुछ ला रहे थे, जिससे पुलिस की टीम को उनपर हथियारबंद तथा सीपीआई (माओवादी) संगठन के सदस्य होने का संदेह हो गया। पुलिस की टीम ने गुप्त रूप से निगरानी करने के लिए स्वयं को छिपा लिया। जब वे नजदीक आए, तो पुलिस की टीम ने देखा कि वे सभी यूनिफार्म पहने हुए हैं और शस्त्र एवं बैग ले जा रहे हैं। तब निरीक्षक पी.के. कर्ण, प्रभारी निरीक्षक, पेकमाल पुलिस स्टेशन ने उन्हें तेज और स्पष्ट आवाज में स्वयं की पुलिस के रूप में पहचान दी और उनको रूकने तथा उनके पास मौजूद हथियार फेंकने को कहा। रूकने और निर्देशों का पालन करने की बजाय, लोगों का वह समूह सड़क के दूसरी ओर कूद गया और उन्होंने झाड़ियों के पीछे कवर ले लिया। तत्पश्चात, उन्होंने तत्काल पुलिस की टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। फिर पुलिस की टीम ने उपलब्ध कवर ले लिया और वह लेट गए। कोई विकल्प न बचने पर तथा स्वयं के साथ-साथ अपनी टीम के सदस्यों की जान बचाने के लिए और आत्मरक्षा के उपाय के रूप में निरीक्षक कर्ण ने उनके छिपने के स्थान से नीचे की ओर निशाना लगाकर अपनी सर्विस "गलॉक पिस्तौल" से गोलीबारी की। इसके साथ-साथ पुलिस दल ने रणनीतिक ढंग से बचने के लिए पुलिस स्टेशन की ओर पीछे हटना शुरू कर दिया और सहायता भेजने के लिए सूचना दी। श्री एल.एन. पंडा, ओपीएस, एसडीपीओ, पदमपुर जो पुलिस स्टेशन में मौजूद थे, सहायता के साथ उस स्थान की ओर तेजी से चल दिए और उस क्षेत्र में गहन छानबीन ऑपरेशन शुरू कर दिया। उक्त क्षेत्र की तलाशी के दौरान, पुलिस की टीम को यूनीफार्म में दो माओवादी काडरों (एक पुरुष और एक महिला) के शव मिले, जो गोली लगने की चोटों के साथ उस स्थान पर हथियारों सहित पड़े हुए थे। ऑपरेशन टीम को उस स्थान के नजदीक मैगजीन लगी हुई एक एसआलआर राइफल और मैगजीन के साथ एक .303 राइफल तथा अन्य नक्सलवादी वस्तुएं मिली। अन्य काडरों का अंधेरे का लाभ उठाकर उस स्थान से भाग जाने का संदेह है। इस ऑपरेशन ने नक्सलवादी गुटों को न केवल एक भयंकर आघात पहुंचाया, बल्कि उस क्षेत्र में हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने की उनकी तत्कालिक योजनाओं को भी विफल कर दिया।

यद्यपि, पुलिस की टीम एलडब्ल्यूई ग्रुप की तुलना में संख्या में कम थी, परंतु इस सम्पूर्ण ऑपरेशन में पुलिस टीम द्वारा बनाया रखा गया आश्चर्य सफलता का मुख्य हथियार था। पुलिस की टीम के प्रत्येक सदस्य ने अपनी हिम्मत नहीं गंवाई और इस ऐसे उपयुक्त स्थान पर सफलतापूर्ण ढंग से घात लगाई कि वे शत्रुओं के हमले पर नियंत्रण कर सकते हैं। रणनीतिक पोजीशन हेतु ऊंचे स्थान पर पहुंचने के लिए वे ऊबड़-खाबड़ भूमि और धान के खेत में 100 मीटर तक रेंगकर गए, ईओएफ के पश्चात रणनीतिक ढंग से पीछे हटे और सुरक्षित रूप से बच निकले। उनके अनुकरणीय साहस, अच्छे टीम वर्क और निर्णय लेने की क्षमता ने इस ऑपरेशन को सफल बना दिया। उन्होंने इस ऑपरेशन के दौरान अपनी जान को खतरे में डाल दिया और एक छोटी यूनिट के रूप में अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन

किया। वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करने से उनके शौर्यपूर्ण प्रयास को न केवल सम्मान प्राप्त होगा बल्कि अन्य लोग भी उनकी कार्रवाई का अनुसरण करने के लिए प्रेरित होंगे।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री प्रकाश कुमार कर्ण, निरीक्षक, सुशील दास, कांस्टेबल, आकाश महापात्रा, कांस्टेबल, चंद्रमणि भोई, कांस्टेबल और समा धांगडा माझी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.09.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 152-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. के शिवा सुब्रमणि, आईपीएस,
पुलिस अधीक्षक

02. दिलीप कुमार दांता,
कांस्टेबल

03. ज्योतिरंजन पाटी,
निरीक्षक

04. सचिदानंद बारिहा,
उप-निरीक्षक

05. आशीष कुमार सरकार,
सूबेदार

06. प्रशांत कुमार बरिक,
कांस्टेबल

07. भूबन सेलमा,
कांस्टेबल

08. सत्यनारायण कथार,
कांस्टेबल

09. प्रमोद बरला,
हवलदार

10. मिथुन प्रधान,
हवलदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.05.2018 को लगभग शाम 8 बजे, पुलिस स्टेशन बेलपाडा के अधीन गांव दुदुकमल के नजदीक बेंदर-।। आर.एफ. के अंतर्गत मागूर जंगल में संजीब (डीसीएम) के नेतृत्व में बारगढ़-बालनगिर-महासमंद संभाग के सीपीआई (माओवादी) संगठन के 8-10 भारी सशस्त्र काडरों की गतिविधि और इकट्ठा होने के संबंध में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर, एसओजी की एक छोटी यूनिट तथा डीवीएफ की एक छोटी यूनिट के साथ मिलकर श्री के शिवा सुब्रमणि, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक द्वारा एक गहन छानबीन ऑपरेशन की योजना बनाई गई। एसपी बालनगिर, श्री सुब्रमणि ने हमलावर दल के रूप में डीवीएफ का व्यक्तिगत तौर पर नेतृत्व किया और निरीक्षक

जे.आर. पाटी, एसओजी के साथ कट ऑफ दल के रूप में रहे। योजना के अनुसार, जब पुलिस की टीम जंगल एरिया में पहुंची, तो विद्रोहियों ने स्वचालित हथियारों से अचानक बेवजह गोलीबारी शुरू कर दी और बगल से हमला करने की कोशिश की, दो मोर्चों से शत्रु की गोलीबारी ने पुलिस की टीम को अतिसंवेदनशील बना दिया। भारी गोलीबारी के कारण कवर लेते समय जिला पुलिस के आठ कमांडो को चोट लग गई। अनेक कमियों और विकट क्षेत्रीय सीमाओं के बावजूद श्री के शिवा सुब्रमणि के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने वीरतापूर्वक जवाबी कार्रवाई की। दो कमांडो नामतः प्रशांत कुमार बरिक और दिलीप कुमार दांता के साथ-साथ श्री के शिवा सुब्रमणि ने भारी गोलीबारी करते हुए बहुत ही जोखिमपूर्ण ढंग से शत्रु पर सामने से हमला किया और विद्रोहियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। दो कमांडो नामतः सचिदानंद बारिहा और भूबन सेलमा वाली अन्य छोटी टीम ने मुख्य पुलिस टीम से अलग-थलग हो जाने के गंभीर खतरे के बावजूद एक रणनीतिक आक्रमण द्वारा बगल से किए गए हमले का सामना किया। हमलावर टीम के साहस के कारण माओवादी टिक नहीं पाए और गांव की ओर भाग गए। तत्पश्चात, तलाशी करने पर भरी हुई एके47 राइफल के साथ-साथ गहरे हरे रंग की यूनिफार्म पहने हुए माओवादी का शव मिला। हमलावर पार्टी ने शव की निगरानी की और बेहतर नेतृत्व तथा समन्वय के लिए श्री के शिवा सुब्रमणि, आईपीएस, एसपी बालनगिर और दिलीप कुमार दांता कट ऑफ पार्टी में शामिल हो गए। इसी बीच, सूबेदार ए.के. सरकार ने पुनः माओवादियों का एक दल देखा, तो माओवादियों ने अचानक पुलिस दल की ओर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस गोलीबारी के दौरान सत्यनारायण कथार और प्रमोद बरला के साथ निरीक्षक जे.आर. पाटी दाईं ओर से आगे बढ़े और मिथुन प्रधान के साथ सूबेदार ए.के. सरकार ने अत्यधिक साहस दिखाते हुए तथा देश की भलाई में सर्वोच्च बलिदान के लिए तत्पर होकर बाईं ओर से हमला किया। तलाशी के दौरान उस स्थान से गहरे हरे रंग की यूनिफार्म पहने हुए एक पुरुष का शव मिला और दो मैगजीन तथा जिंदा गोलाबारूद के 24 राउंड के साथ एक इंसास राइफल बरामद हुई। लीडर और नौ कमांडो उस अवसर पर जब अत्यधिक आवश्यकता थी, डटे रहे और बहादुरीपूर्ण ढंग से कार्रवाई की जहां रणनीतिक ढंग से बेहतर स्थान प्राप्त शत्रु को पीछे हटना पड़ा जबकि पुलिस दल ने नगण्य सम्पार्श्विक क्षति के साथ उनको भारी नुकसान पहुंचाया और देश सेवा के प्रति अनुकरणीय समर्पण का प्रदर्शन किया। इस सफल ऑपरेशन में सीपीआई (माओवादी) के बीबीएम संभाग की बालनगिर प्लाटून के दो माओवादी काडरों नामतः संजीब (डीसीएम) जिसपर ओडिशा सरकार ने 5,00,000/-रु. के ईनाम की घोषणा कर रखी थी और राकेश (एसीएम) जिसपर ओडिशा सरकार ने 4,00,000/-रु. के ईनाम की घोषणा कर रखी थी, को मार दिया गया।

टीम लीडर के साथ-साथ उपर्युक्त अधिकारियों और कमांडो ने शत्रु का सामना होने पर उच्च कोटि के साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया तथा कर्तव्य का निर्वाह करते समय अपनी निजी सुरक्षा की परवाह नहीं की। इस प्रक्रिया के दौरान वे कई बार स्वयं शत्रु की गोलीबारी के सामने आ गए, फिर भी इससे उनको अपनी सेवा का निर्वहन करने में बाधा नहीं पहुंची। उनकी निडरतापूर्ण कार्रवाई ने शत्रु के अचानक हमले के विरुद्ध न केवल पुलिस टीम की सुरक्षा को सुनिश्चित किया बल्कि इस ऑपरेशन की सफलता को भी निश्चित कर दिया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री के शिवा सुब्रमणि, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, दिलीप कुमार दांता, कांस्टेबल, ज्योतिरंजन पाटी, निरीक्षक, सचिदानंद बारिहा, उप-निरीक्षक, आशीष कुमार सरकार, सूबेदार, प्रशांत कुमार बरिक, कांस्टेबल, भूबन सेलमा, कांस्टेबल, सत्यनारायण कथार, कांस्टेबल, प्रमोद बरला, हवलदार और मिथुन प्रधान, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाले नियमों के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.05.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 153-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का पंचम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01.	जगमोहन मीना, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
02.	संतोष जुआंग, हवलदार	वीरता के लिए पुलिस पदक का पंचम बार

03.	शिव शंकर नायक, लांस नायक	वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार
04.	पवित्र मोहन नायक, लांस नायक	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
05.	चैतन्य किरसानी, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
06.	घेनू हंताल, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
07.	सुधांशु भूपति, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
08.	रूकधर नेगी, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.03.2018 को सुबह लगभग 8 बजे एसपी, मलकानगिरी को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की पुरुष और महिला काडरों सहित प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) काडरों का एक समूह माथिली पुलिस स्टेशन की सीमाओं के अंतर्गत आने वाले माहूपदार जीपी के तुलसी वन के क्षेत्र के आस-पास घूम रहा था। उपर्युक्त सूचना प्राप्त होने पर उस क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाने के लिए जगमोहन मीना, आईपीएस, एसपी मलकानगिरी के साथ-साथ जिला स्वयंसेवक बल (डीवीएफ) के 15 सदस्य तुलसी वन के क्षेत्र की ओर चल पड़े। दिनांक 24.03.2018 को सुबह लगभग 10.15 बजे मार्ग में उनके सालिमी में पहुंचने पर, सूरज झांकड़ सीमा चौकी से निकले और उस टीम में शामिल हो गए। वह टीम जिसमें डीवीएफ के 15 कार्मिक और श्री जगमोहन मीना, आईपीएस, एसपी मलकानगिरी और सूरज झांकड़ शामिल थे, एसपी मलकानगिरी के नेतृत्व में सुबह लगभग 11 बजे तुलसी वन के क्षेत्र में पहुंची। जब उस क्षेत्र में छानबीन ऑपरेशन चल रहा था, तो अचानक पुलिस दल के ऊपर अत्याधुनिक हथियारों से आग की भांति गोली चली। कुछ गोलियां पुलिस दल के कुछ सदस्यों के पास से गुजरी जिसमें वे बाल-बाल बच गए। फिर, एक भयंकर विस्फोट हुआ। इसके परिणामस्वरूप जगमोहन मीना, घेनू हंताल, चैतन्य किरसानी, रूकधर नेगी, सुधांशु भूपति और शिबा शंकर नायक को छर्रो से चोटें लग गई। फिर पुलिस दल ने स्वयं को अत्याधुनिक हथियारों से उनकी ओर निशाना किए हुए 15-20 उग्रवादियों के आमने-सामने पाया। स्वयं को बचाने के साथ-साथ पुलिस दल के अन्य सदस्यों की जान बचाने के लिए, उन्होंने तत्काल रणनीतिक पोजीशन लेकर गोलीबारी पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया। माओवादी, पेड़ों और बड़े पत्थरों की शरण लेते हुए, 30-40 मीटर की दूरी से पुलिस दल पर गोलीबारी कर रहे थे। उनमें से कुछ लोग गहरे हरे रंग की पोशाक पहने हुए थे। प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र काडरों और पुलिस दल के बीच आपसी गोलीबारी की प्रक्रिया लगभग एक घंटे तक जारी रही। तत्पश्चात, जब सीपीआई (माओवादी) काडरों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई, तो पुलिस दल रणनीतिक ढंग से आगे बढ़ा और देखा कि कुछ काडर गहरे जंगल तथा उनकी टीम के सदस्यों द्वारा की गई कवर गोलीबारी का लाभ उठाते हुए निकटवर्ती पहाड़ी की ओर भाग रहे थे। फिर, पुलिस दल क्षेत्र की तलाशी ओर छानबीन करने के लिए रणनीतिक ढंग से उस क्षेत्र की ओर बढ़ा। तथापि, क्षेत्र की तलाशी के लिए पुलिस दल को अत्यधिक सावधानी रखनी पड़ी। क्षेत्र की तलाशी के दौरान पुलिस दल को एक व्यक्ति जमीन पर पड़े हुए मिला। पुलिस दल सावधानी के साथ पड़े हुए व्यक्ति की ओर आगे बढ़ा और वह उनका एक अज्ञात पुरुष माओवादी का शव लगा जिसके गोली लगी थी और उसके हाथ में एक पिस्तौल थी। पुलिस को टीईडी विस्फोट के अवशेष, माओवादी साहित्य, डेटोनेटर, कोडटेक्स वायर, पुस्तक के पन्ने, किट बैग, रेडियो सेट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं आदि जैसी कुछ अन्य वस्तुएं भी प्राप्त हुई। पुलिस दल ने सभी सुरक्षा संबंधी सावधानियों का पालन करते हुए शव को आगे की कार्रवाई के लिए मलकानगिरी भेज दिया। चूंकि, प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र काडर राज्य और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे थे तथा पुलिस दल पर उन्हें मारने के इरादे से गोलीबारी की थी, पुलिस दल को अपनी जान के साथ-साथ टीम के अन्य की जान बचाने के लिए नियंत्रित ढंग से जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। मारे गए माओवादी की 26वीं सैन्य प्लाटून (माओवादियों की आक्रामक विंग), सीपीआई (माओवादी) के एसीएम रैंक काडर उरा कुरामी उर्फ उद्यम के रूप में पहचान की गई। शव को मृत व्यक्ति के परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया।

टीम लीडर के साथ-साथ उपर्युक्त अधिकारियों और कमांडो ने शत्रु का सामना होने पर उच्च कोटि के साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया तथा कर्तव्य का निर्वाह करते समय अपनी निजी सुरक्षा की परवाह नहीं की। इस प्रक्रिया के दौरान वे कई बार स्वयं शत्रु की गोलीबारी के सामने आ गए, फिर भी इससे उनको अपनी सेवा का निर्वहन करने में बाधा नहीं पहुंची। उनकी निडरतापूर्ण कार्रवाई ने शत्रु के अचानक हमले के विरुद्ध न केवल पुलिस टीम की सुरक्षा को सुनिश्चित किया बल्कि इस ऑपरेशन की सफलता को भी निश्चित कर दिया।

इस अभियान में सर्व/श्री जगमोहन मीना, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, संतोष जुआंग, हवलदार, शिव शंकर नायक, लांस नायक, पवित्र मोहन नायक, लांस नायक, चैतन्य किरसानी, कांस्टेबल, घेनू हंताल, कांस्टेबल, सुधांशु भूपति, कांस्टेबल और रूकधर नेगी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाले नियमों के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.03.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 154-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

01. संदीप कुमार गुप्ता,
सहायक कमांडेंट

02. सुशील सिंह,
सहायक कमांडेंट

03. विनय कृषालि,
हेड कांस्टेबल

04. संजय पाल,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बंधूगुडा, जिला मलकानगिरी (ओडिशा) के सामान्य क्षेत्र में नक्सलवादियों की उपस्थिति के संबंध में स्थानीय सूत्र द्वारा प्रदान की गई विशिष्ट कार्रवाई योग्य आसूचना संबंधी जानकारी के आधार पर, कंपनी कमांडर श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट, सीओबी बड़ापाडा एक्स 08 बटालियन बीएसएफ ने यह सूचना तत्काल श्री रणधीर रंजन, सेकंड इन कमांड/कार्यवाहक कमांडेंट के साथ साझा की। उपलब्ध सूचना के विस्तृत विश्लेषण के पश्चात, टीएचक्यू 08 बटालियन बीएसएफ चित्रकोंडा में सीओबी जानबाई एंड सीओबी बड़ापाडा के सैन्य दलों को शामिल करके दिनांक 14/15 दिसम्बर, 2017 की मध्यवर्ती रात्रि में एक विशेष ऑपरेशन (एसएडीओ) शुरू किए जाने की योजना बनाई गई। तदनुसार, बीएसएफ आसूचना विंग और स्थानीय पुलिस के प्रतिनिधियों सहित श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट, श्री सुशील सिंह, सहायक कमांडेंट/कंपनी कमांडर, 06 अधीनस्थ अधिकारियों और 42 अन्य रैंकों के अधिकारियों (कुल-50 कार्मिकों) वाले ऑपरेशन दल ने 2030 बजे बंधुगुडा जंगल (अक्षांश-180930 उत्तर और देशांतर-821555 पूर्व) के सामान्य क्षेत्र में यह अभियान शुरू किया।

दिनांक 15 दिसम्बर, 2017 को लगभग 0700 बजे, इस सैन्य दल ने अपनी पोजीशन से उत्तर-पश्चिम के साथ-साथ उत्तर-पूर्व में कोई संदिग्ध गतिविधि देखी। दोनों सैन्य दल रणनीतिक ढंग से संदिग्ध क्षेत्र की ओर आगे बढ़ते समय उत्तर-पूर्व और उत्तर-पश्चिम दिशाओं से आने वाली भारी गोलीबारी में फंस गए।

स्थिति का सावधानीपूर्वक आकलन करने और बड़ी बारीकी से गोलीबारी की दिशा की पहचान करने के पश्चात, अपने सैन्य दलों के साथ दोनों सहायक कमांडेंट नामतः श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट और श्री सुशील सिंह, सहायक कमांडेंट के दृढ़, अडिग और सक्षम नेतृत्व करते हुए समुचित पोजीशन सुनिश्चित की तथा नक्सलवादी जो अत्याधुनिक हथियारों के साथ संख्या में लगभग 15 से 20 थे, की गोलीबारी का प्रभावशाली ढंग से जवाब दिया।

श्री सुशील सिंह, सहायक कमांडेंट और सं.954553775 हेड कांस्टेबल विनय कृषालि ने 20-25 मीटर (लगभग) की दूरी पर एसएलआर के साथ एक सशस्त्र नक्सलवादी को देखा जो बीएसएफ ऑपरेशन दल पर गोलीबारी कर रहा था। नक्सलवादियों की भारी गोलीबारी के बीच अपनी जान की परवाह किए बिना, उन्होंने तत्काल चट्टानों के पीछे कवर ले लिया और आत्म-रक्षा में बहादुरी के साथ जवाबी गोलीबारी की। गोलीबारी की चलाकियां अपनाते हुए शस्त्रों की आगामी लड़ाई में, उन्होंने उपर्युक्त अज्ञात नक्सलवादी को मार दिया जिसकी बाद में सुधाकर उर्फ सुक्का के रूप में पहचान की गई।

नक्सलवादियों द्वारा गोलीबारी किए जाने पर, गोलीबारी की दिशा की पहचान करने के पश्चात और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की ओर ध्यान न देते हुए, श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट ने सं.130845090 कांस्टेबल संजय पाल के साथ उपलब्ध प्राकृतिक कवर के पीछे पोजीशन ले ली और आत्म-रक्षा में अपने निजी हथियारों से नक्सलवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया। चूंकि, नक्सलवादी सुविधाजनक मोर्चे पर थे और रणनीतिक तौर पर बेहतर पोजीशन में थे, तो श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल संजय पाल द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी ज्यादा प्रभावशाली सिद्ध नहीं हुई, इसलिए श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट ने कांस्टेबल संजय पाल को अपने साथ ले जा रहे यूबीजीएल से गोलीबारी करने का निदेश दिया। कांस्टेबल संजय पाल ने तेजी से तीन अलग-अलग स्थान बदलकर यूबीजीएल से नक्सलवादियों की पोजीशन की ओर 03 (तीन) राउंड चलाए।

कांस्टेबल संजय पाल ने संघर्षपूर्ण स्थिति में, अनुशासनात्मक गोलीबारी करते हुए, माओवादी की गोलीबारी के सामने आकर और अपनी जान को खतरे में डालकर असाधारण वीरता का प्रदर्शन किया; तीन अलग-अलग स्थानों से यूबीजीएल द्वारा गोलीबारी की ताकि नक्सलवादियों को अत्यधिक क्षति पहुंचाई जा सके। श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट ने सं.041468207 कांस्टेबल राजेश एम और सं.083980462 कांस्टेबल एम के बर्मन जो 51 एमएम मोर्टार ले जा रहे थे, को नक्सलवादियों की पोजीशन की ओर एचई बम फेंकने का भी निदेश दिया। जब कांस्टेबल राजेश एम और कांस्टेबल एम के बर्मन ने नक्सलवादियों की प्रत्येक पोजीशन की ओर एक-एक एचई बम फेंका, तो नक्सलवादी भयभीत हो गए और उनहोंने अपनी गुप्त पोजीशन से बचकर भागना शुरू कर दिया।

क्षेत्रीय हथियारों का प्रयोग करके प्रभावशाली गोलीबारी करने के पश्चात, आपसी गोलीबारी मुश्लिक से 10 (दस) मिनट तक जारी रही। बीएसएफ कार्मिकों ने अत्यधिक क्षति पहुंचाने के लिए नक्सलवादी पोजीशन की ओर आगे बढ़ते समय अपना आक्रामक और निर्बाध संघर्ष जारी रखा। तथापि, गहरी झाड़ियों, ऊबड़-खाबड़ भूमि का कवर लेकर और पहाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाते हुए नक्सलवादी अपनी पोजीशन से बच निकले।

घटना के स्थान की सम्पूर्ण जांच करने पर एक अज्ञात नक्सलवादी (बाद में सुधाकर उर्फ सुक्का के रूप में पहचान की गई) के शव के अतिरिक्त, 01 सं.7.62 एमएम एसएलआर (बॉडी नं.1619110), 02 मैगजीन और 7.62 एमएम के 54 जिंदा राउंड बरामद हुए। ऑपरेशन दल ने एक आईईडी भी बरामद की जो नक्सलवादियों द्वारा रास्ते में लगाई गई थी जिसका प्रयोग बीएसएफ ऑपरेशन पार्टी के विरुद्ध किया जाना था। ऑपरेशन दल की सुरक्षा और संरक्षा को सुनिश्चित करने के पश्चात आईईडी को यथावत रूप से निष्क्रिय कर दिया गया। अपुष्टिकृत रिपोर्टों के अनुसार, आपसी गोलीबारी के दौरान बीएसएफ सैन्य दलों की जवाबी गोलीबारी में कुछ नक्सलवादी मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट और श्री सुशील सिंह, सहायक कमांडेंट ने संघर्षपूर्ण हालातों में तथा नक्सलवादियों की भारी गोलीबारी के बीच ऑपरेशन की सावधानीपूर्ण योजना के साथ सामरिक निडरता, ऑपरेशन संबंधी कौशल और सैन्य दलों के ऊपर प्रभावशाली कमान और नियंत्रण का प्रदर्शन किया तथा मुश्किल ऑपरेशन को सावधानी के साथ अंजाम दिया।

सं. 954553775 हेड कांस्टेबल विनय कृषालि और सं.130845090 कांस्टेबल संजय पाल ने अपनी निजी सुरक्षा और संरक्षा की परवाह किए बिना माओवादी गुट के विरुद्ध ऑपरेशन चलाने में एक-दूसरे की सहायता की और बीएसएफ की सर्वोच्च परंपरा को बनाए रखा।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री संदीप कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेंट, सुशील सिंह, सहायक कमांडेंट, विनय कृषालि, हेड कांस्टेबल और संजय पाल, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाले नियमों के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15.12.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 155-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
स्व. श्री सीता राम उपाध्याय, कांस्टेबल	

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17/18 मई, 2018 की मध्य रात्रि को सं. 113767342 कांस्टेबल सीताराम उपाध्याय, सं. 880036058 एएसआई (जीडी) शिव कुमार सिंह (पार्टी कमांडर) और सं. 000025586 कांस्टेबल ब्रिजेश सिंह के साथ 192 बटालियन बीएसएफ के जबोवल बीओपी के

अग्रिम ड्यूटी प्वाइंट संख्या एनजे 546 पर 1800 बजे से 0600 बजे तक नाका ड्यूटी के लिए तैनात थे। अंतर्राष्ट्रीय सीमा से केवल 30 मीटर की दूरी और पकिस्तान की अग्रिम बन्ध से 60 मीटर की दूरी पर स्थित उक्त ड्यूटी प्वाइंट को अत्यंत संवेदनशील ड्यूटी प्वाइंट माना जाता है।

लगभग 0125 बजे पाक बीओपी कोटली खोजा और सिलावली से अचानक ही फ्लैट और उच्च प्रक्षेपी हथियारों का उपयोग करते हुये अकारण भारी गोलीबारी होने लगी और वे हमारे अग्रिम ड्यूटी प्वाइंट संख्या एनजे 546 के साथ साथ अन्य निकटवर्ती ड्यूटी प्वाइंट और बीओपी जबोवल को निशाना बना रहे थे। इसके प्रत्युत्तर में, कांस्टेबल सीता राम उपाध्याय, जो कि उक्त ड्यूटी प्वाइंट पर संतरी ड्यूटी पर तैनात थे, ने स्थिति का जायजा लिया और तत्काल ही दुश्मन की गोलीबारी का जवाब अपने एलएमजी से दिया और उन्होंने अपने हिम्मत के बल पर पाक पोस्ट सिलावली के अग्रिम मोर्चों को निशाना बनाया। इसके आलावा, पाक के अग्रिम मोर्चों पर और अधिक प्रभावी गोलीबारी करने के लिए अपनी निजी सुरक्षा का तनिक भी चिंता किये बिना, वें अपने ड्यूटी प्वाइंट के विभिन्न लूपहोलो से पाक के अग्रिम मोर्चों/बंकरों पर लगातार और निर्भीकता से प्रहार करते रहे और उनके इस निर्भीक कदम के परिणामस्वरूप पाक के अग्रिम मोर्चों को प्रभावी रूप से निशाना बनाया गया और वे गोलीबारी बंद करने पर मजबूर हो गए।

कुछ देर के बाद, एक बार फिर पाक रेंजर्स ने विशेष रूप से अग्रिम ड्यूटी प्वाइंट संख्या एनजे 546 को निशाना बनाकर भारी गोलीबारी शुरू कर दी, जिसे कांस्टेबल सीता राम उपाध्याय ने अपने हिम्मत के बल पर पाक के अग्रिम मोर्चों पर सटीक और प्रभावी गोलीबारी करके समुचित जवाबी कार्रवाई की। तथापि, गोलीबारी के दौरान पाक के अग्रिम ठिकानों से स्वचालित हथियारों से चलाई गई कुछ गोलियां उक्त ड्यूटी प्वाइंट के लूपहोल से निकल कर कांस्टेबल सीता राम उपाध्याय के माथे यानी बाईं आँख के ऊपरी तरफ आकर लगी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी उन्होंने अपने साथी सीमा रक्षकों को दुश्मन की गोलीबारी का जवाब आक्रामक तेवर और पूरे जोर शोर से देने के लिए प्ररित किया। तदनुसार, उक्त ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात उनके साथी सीमा रक्षकों ने दुश्मन के गोलीबारी का उचित तरीके से मुंहतोड़ जवाब दिया। इसी बीच कंपनी मुख्यालय को सूचित किया गया और घायल कांस्टेबल सीता राम उपाध्याय को तत्काल जरुरी प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच, जम्मू पहुंचाया गया, जहाँ ड्यूटी डॉक्टरों ने लगभग 0300 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सीमा सुरक्षा बल के 192 बटालियन के संख्या 113767342 कांस्टेबल सीता राम उपध्याय ने दुश्मनों की ओर से भारी गोलीबारी के बीच प्रभावी जवाबी कार्रवाई कर और दुश्मन के अग्रिम ठिकानों को भारी नुकसान पंहुचाकर उच्चस्तरीय पेशेवर कुशलता, जबरदस्त साहस और हिम्मत का प्रदर्शन किया। तथापि, इस प्रक्रिया में देश की रक्षा करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए।

इस ऑपरेशन में स्व. श्री सीता राम उपाध्याय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18.05.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 156-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	दिलीप मलिक, उप कमान्डेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	दिवेश कुमार मिश्रा, सहायक कमान्डेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	अभय शर्मा, उप निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	दिलीप कुमार, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

5.	दौलत खान, निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	जोगिन्दर सिंह, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
7.	विनोद कुमार चौधरी, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
8.	अनुप कुमार, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
9.	बलविंदर कुमार, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
10.	सुब्रता मंडल, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
11.	चावन अभिनाष रघुनाथ, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
12.	कलिपद बर्मन, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
13.	पवन कुमार, हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
14.	चमेल सिंह, हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

205 कोबरा के यूनिट इंटेलिजेंस सेल द्वारा एक स्रोत से यह सूचना प्राप्त की गई कि अनिल उर्फ दीपक (जोनल कमांडर) के नेतृत्व में सीपीआई (माओवादी) का एक सशस्त्र समूह को बिहार के गया और नवादा जिलों के क्रमश: गुरपा और रजौली थाना के अंतर्गत नवाडीह, हीरा खान, पराारिया, बसकटवा और देलवा गाँव के सामान्य वन क्षेत्र में घूमते हुये देखा गया है, इस सूचना के आधार पर कमान्डेंट, 205 कोबरा ने एक ऑपरेशन की योजना बनाई। चूँकि, माओवादी समूह बहुत तेजी से ठिकाना बदल रहा था और अधिक देर तक एक स्थान पर नहीं टिक रहा था, इसलिए 205 कोबरा के कमान्डेंट ने श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट (आसूचना) से माओवादियों का पीछा करने और उनके ठिकाने का सटीक पता लगाने के लिए कहा और इस बीच टीमों को आकस्मिक और अप्रत्याशित ऑपरेशन की तैयारी करने की जिम्मेदारी सौंपी। अपने सभी संसाधनों को इस्तेमाल करने के बाद, श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट दिनांक 07 मार्च, 2017 को नवादा जिले के सिरडाला पुलिस थाना के अंतर्गत थमकोला गाँव के पास माओवादियों की मौजूदगी का पता लगा सके। किन्तु इस इलाके की एक और समस्या यह थी, कि यह इलाका किसी भी सड़क से जुड़ा हुआ नहीं था और इस मुख्य क्षेत्र में पहुचने का एक मात्र रास्ता जंगल से होकर गुजरने वाली रेल लाइन थी। श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट और श्री दिलीप मलिक, उप कमान्डेंट के अलग-अलग नेतृत्व वाली दो टीमों को इस इलाके में तेजी से पहुंचने की जिम्मेदारी दी गई। योजना के अनुसार टीमों ने रात को गया रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ी और अपने लक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए सुबह तड़के ही ट्रेन से उतर गए। इस बीच श्री दिलीप मलिक, उप कमान्डेंट और श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट अपने स्रोतों, जो कि उन्हें माओवादियों के संभावित ठिकाने के बारे में सूचना दे रहे थे, से लगातार संपर्क में थे। उनको बताया गया माओवादियों का अंतिम ठिकाना थमकोला गाँव के निकट था। जब कमांडर माओवादियों को ढूँढने की अगली कारवाई की योजना बना रहे थे, तभी श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट को यह इनपुट प्राप्त हुआ कि माओवादी पारोरियातारी गाँव की तरफ बढ़ गए हैं और पारोरियातारी गाँव के लोगों ने उन्हें भोजन कराया है। दोनों कमांडर उसके बाद पारोरियातारी गाँव की ओर आगे बढे और उन्होंने गाँव में प्रवेश से पहले ही गुप्त ऑपरेशन की योजना बनाई। श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट, कांस्टेबल/इंटेलीजेंस दिलीप कुमार और कांस्टेबल/इंटेलीजेंस अनुप कुमार के साथ सिविलियन ठेकेदार, जो कि माओवादी नेता अनिल उर्फ़ दीपक की मांग पर वसूली का रुपया देने के लिए आया हो, के छद्म भेष में आगे बढे, जबकि श्री दिलीप मलिक, डिप्टी कमान्डेंट, ग्यारह कमांडो के साथ किसी भी आकस्मिक स्थिति में सहायता प्रदान करने के लिए गाँव के बाहर प्रतीक्षा करने लगे। दुश्मन के बारे में बिना ठीक ठीक जानकारी और बिना हथियार के किसी दुश्मन के इलाके में जाने के लिए बहुत हिम्मत और जोखिम उठाने वाली योग्यता की आवश्यकता होती है। लेकिन श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट और उनके दो अन्य साथियों ने अपने कार्य में चतुराई दिखाई और एक

ग्रामीण को अपने जाल में फंसाने में सफलता हासिल की, जो उन्हें पास के जंगल में छुपे हुए माओवादियों के ठिकाने तक ले जाने के लिए तैयार हो गया। जब ग्रामीण इंटेलीजेंस के कार्मिकों (ठेकेदार की वेशभूषा में कमांडो) को सीधे छिपने के स्थान तक ले जा रहा था, तो उसे फिर से उसे यकीन दिलाया गया कि उनका एक साथी गाँव के बाहर कैश लेकर इंतजार कर रहा है और उसके पाँव में चोट लगी है। इस बहाने से ग्रामीण को टुकड़ी के निकट लाया गया और छिपने के स्थान पर धावा बोलने की आगे की ऑपरेशन की योजना बनाई गई।

चूँकि लक्षित क्षेत्र में एक सामान ग्राउंड फीचर और बड़ी-बड़ी चट्टाने थीं और गाँव वालों की दिशा और उनके द्वारा इस्तेमाल किये गए रास्ते से वहां नहीं पहुंचा जा सकता था, इसलिए टीम को आगे दो सब-टीम, एक हमला टीम और एक कट-ऑफ टीम के रूप में विभाजित किया गया। दोनों कमांडर लक्ष्य क्षेत्र की तरफ समानांतर रूप से अपनी हमला सब-टीमों के साथ आगे बढे। हमला टीमों ने टुकड़ियों के मूवमेंट को गुप्त रखते हुए और अपने जूतों की अनावश्यक आवाज पर नियंत्रण रखकर, बड़ी-बड़ी चट्टानों के साथ खडी उंचाई वाले खतरनाक इलाके को पार किया और माओवादी के ठिकाने के अत्यंत निकट पहुंच गए। जब टुकड़ी लक्ष्य से बमुश्किल 50 मीटर दूर थी और पहाड़ी के चोटी पर पहुचने वाली थी, तभी श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट के कमांड वाली हमला टीम माओवादियों, जिन्होंने किसी तरह टुकड़ियों के मौजूद होने के बारे में अंदाजा लगा लिया था, की ओर से भारी गोलीबारी के चपेट में आ गये। सब इंस्पेक्टर अभय शर्मा की कमांड में स्काउट्स, नामतः हेड कांस्टेबल चमेल सिंह, हेड कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल विनोद कुमार चौधरी और कांस्टेबल बलविंदर सिंह, माओवादियों, जो कि अधिक ऊंचाई वाले स्थान पर घने जंगल और बड़ी चट्टानों के पीछे कवर लेकर छुपे हुए थे, की भारी गोलीबारी में फंस गए। भारी गोलीबारी में घिर जाने के बाद भी दोनों हमला टीमों के कमांडों ने तुरंत ही जवाबी गोलीबारी करते हुए सामरिक पोजीशन ले ली और कवर की तरफ रेंग कर आगे बढे। माओवादियों की यह युक्ति कि पहले टुकड़ियों को भारी गोलीबारी से बाँध दो और फिर स्थान को छोड़कर भाग जाओ, को समझते हुए, कमांडो दुश्मनों को दबोचने के लिए चालाकी से बायीं और दायीं ओर से गोली चलाते रहे। कमांडो के लिए के यह चुनौती भरा समय था और उनके हिम्मत की परीक्षा थी, जो कमांडो को सामान्य सैनिक से अलग बनाता है। सटीक गोलीबारी, समुचित समन्वय, अनुशासित कदम और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कारवाई करना इस समय की आवश्यकता थी। कमांडो ने कवर के पीछे छिपकर लड़ने की बजाय दुश्मन का सीधे सामने आकर सामना करने का निर्णय लिया। ऑपरेशन शुरू करने से पहले आयोजित किये गये प्रशिक्षण सत्र ने हमला टीमों को दो साथी जोड़ेदारों के साथ छोटे-छोटे समूह बनाने में मदद की और ऐसे तीन छोटे समूह तत्काल बनाए गए। उप निरीक्षक अभय शर्मा के कमांड में स्काउट ग्रुप, जिसमें हेड कांस्टेबल पवन कुमार, हेड कांस्टेबल चमेल सिंह, कांस्टेबल विनोद कुमार चौधरी और कांस्टेबल बलविंदर सिंह शामिल थे, ने सामने आकर दुश्मन को ललकारा और प्रतिकूल परिस्थिति एवं दुश्मनों की चुनौतियों के बावजूद आगे बढ़ा। श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट अपने छोटे समूह, जिसमें कांस्टेबल दिलीप कुमार, कांस्टेबल अनुप कुमार और कांस्टेबल चावन अभिनाष कुमार शामिल थे, ने चालाकी से बायीं ओर से हमला किया और इसी तरह श्री दिलीप मलिक, डिप्टी कमान्डेंट ने अपनी टीम जिसमें निरीक्षक दौलत खान, कांस्टेबल सुब्रता मंडल, कांस्टेबल जोगिन्दर सिंह और कांस्टेबल कलिपद बर्मन शामिल थे, ने चालाकी से दायीं ओर से हमला किया। टुकड़ियों द्वारा घेर लिए जाने की स्थिति को भांपते हुए, माओवादियों ने भी अपनी गोलीबारी की दिशा को बाँट दिया तथा और अधिक सटीक गोलीबारी करने लगे। कमांडो के किसी भी हरकत पर गोलियों की भारी बौछार ने आगे बढ़ने के कार्य को और भी अधिक खतरनाक और जोखिमभरा बना दिया। यह महसूस करते हुए कि आगे बढ़ने में विलम्ब करने से माओवादियों को भागने का अवसर मिल जायेगा, श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमान्डेंट ने उप निरीक्षक अभय शर्मा और उसकी टीम को भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया, जिसने माओवादियों को एक पल के लिए बांध दिया। इस अवसर का लाभ उठाते हुए, श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमांडेंट के कमान वाली टीम रेंग कर आगे बढ़ी और अपने सटीक निशाने से एक माओवादी को मार गिराया। एक माओवादी के मरने से जो एक पल के लिए ध्यान भटका, वह उप निरीक्षक अभय शर्मा और उनकी टीम खासतौर पर हेड कांस्टेबल पवन कुमार और चमेल सिंह को फुर्ती से आगे बढ़ने और दूसरे माओवादी को मार गिराने के लिए पर्याप्त था। माओवादियों के मारे जाने से उनमे दहशत फ़ैल गई और उनके लीडर मैदान छोड़ कर भागने लगे और वे पहाड़ी के पीछे एक नाले में कूद गये, जबकि कुछ काडर अभी भी मैदान में डटे रहे। तीसरी टीम की दिलेरी उस समय दिखी, जब श्री दिलीप मलिक, डिप्टी कमांडेंट और उनकी टीम भी सटीक गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ी और उन्होंने एक और माओवादी को ढेर कर दिया। जल्दी ही तीनो सब-टीमें एक सीध में आ गए थे और अत्यंत दुर्गम क्षेत्र, कंटीली झाड़ियों और बड़ी-बड़ी चट्टानों के बावजूद अंतिम प्रहार करने और कैंप को ध्वस्त करने के एकदम निकट आ गए थे। माओवादियों की ओर से प्रतिरोध एकदम ख़त्म हो गया था और गोलीबारी बहुत कम हो गई थी। जब सब-टीमे माओवादियों के छिपने के स्थान के निकट पहुंची, तभी एक घायल माओवादी ने एकदम नजदीक से गोलीबारी शुरू करके उन्हें भौचक्का कर दिया, लेकिन टुकड़ियां बाल-बाल बच गईं और हेड कांस्टेबल पवन कुमार एवं हेड कांस्टेबल चमेल सिंह ने उसे गोली चलाने का दूसरा मौका नहीं दिया और उन्होंने स्वयं को खतरे के सामने और जान जोखिम में डाल कर उसे ढेर कर दिया। उसके पश्चात टीमों ने भाग रहे माओवादियों का कुछ दूरी तक पीछा किया, लेकिन बाकी माओवादी घटनास्थल से भागने में सफल रहे। इलाके की तलाशी के दौरान एक एके 47 राइफल, दो इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल, उसकी मगज़ीन, और बड़ी संख्या में गोलाबारूद और अन्य सामग्री जैसे आईईडी, डेटोनेटर और अन्य उपयोग की वस्तुओं सहित चार माओवादियों नामतः अनिल उर्फ़ दीपक, जोनल कमांडर, चन्दन यादव उर्फ़ नेपाली, सब-जोनल कमांडर, सुखाड़ी चौधरी उर्फ़ तूफानी, सब-जोनल कमांडर और अरविन्द कुमार उर्फ लुल्हा, सब-जोनल कमांडर के शव बरामद हुए।

ऑपरेशन को सफल बनाने का श्रेय पहले तो कमांडरों नामतः श्री दिलीप मलिक, डिप्टी कमांडेंट और श्री दिवेश मिश्रा, सहायक कमांडेंट को जाता है, जिन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर माओवादियों के सटीक ठिकाने का पता लगाया और उसके बाद यह श्रेय उनकी टीमों के कमांडों को जाता है, जिन्होंने फुर्ती और बहादुरी के साथ कार्रवाई की और अपने कमांडरों को अत्यंत महवपूर्ण सहायता प्रदान की और ये कमांडो मुठभेड़ के दौरान, बोल्डर, जंगल-झाड और उबड़-खाबड़ मैदान का प्राकृतिक कवर लेते हुए, अपनी जान की परवाह किये बिना दुश्मन की तरफ बढ़े। कमांडो अत्यंत बहादुरी और शौर्य के साथ लड़े और उन्होंने उच्च कोटि के साहस का प्रदर्शन किया। वे खतरनाक गोलीबारी कर रहे माओवादियों के हमले के बावजूद भी युक्तिपूर्वक और परस्पर समन्वय के साथ आगे बढे।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री दिलीप मलिक, उप कमान्डेंट, दिवेश कुमार मिश्रा, सहायक कमान्डेंट, अभय शर्मा, उप निरीक्षक, दिलीप कुमार, कांस्टेबल, दौलत खान, निरीक्षक, जोगिन्दर सिंह, कांस्टेबल, विनोद कुमार चौधरी, कांस्टेबल, अनुप कुमार, कांस्टेबल, बलविंदर कुमार, कांस्टेबल, सुब्रता मंडल, कांस्टेबल, चावन अभिनाष रघुनाथ, कांस्टेबल, कलिपद बर्मन, कांस्टेबल, पवन कुमार, हेड कांस्टेबल और चमेल सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.03.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 157-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अभिनव पाण्डे,
   सहायक कमांडेंट

2. संदीप कुमार मिश्रा,
   उप-निरीक्षक

3. मिन्टु विश्वास,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना के अंतर्गत गगनपल्ली, फूटाकेल, मोदकपल, पुसबाका, गाँव के सामान्य इलाके में 7 से 8 सशस्त्र जन मिलितीया नक्सलियों के एक समूह के मौजूद होने के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्राप्त होने के पश्चात, 204 कोबरा के सहायक कमांडेंट श्री अभिनव पाण्डे द्वारा इन माओवादियों को पकड़ने के लिए 01 दिन और 01 रात के लिए एक संयुक्त तलाशी और विध्वंस ऑपरेशन की योजना बनाई गई।

सभी प्रकार के अवसरों और जोखिमों को ध्यान से रखते हुए पार्टी कमांडर अपनी टुकड़ी के साथ दिनांक 12.02.2017 को लगभग 2105 बजे बासागुडा बेस कैंप से निकले। टुकड़ी गुप्तता बनाये रखते हुए चांदनी की रोशनी में जंगलों से होकर क्रॉस-कंट्री रास्ते का उपयोग करते हुए लक्ष्य क्षेत्र की तरफ आगे बढ़े और वे तेलपेरू नदी को पार करके पोटाकेबिन के निकट पहुचे। लगभग 2145 बजे, 10 से 15 सशस्त्र नक्सलियों, जो घात लगाकर बैठे थे, ने टुकड़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। कमांडर के लिए यह एक महत्वपूर्ण क्षण था, क्योंकि वे अंततः अपने लक्ष्य के ठिकाने का पता लगा सके, जो कि अब उनके सामने ही था। उन्होंने महसूस किया कि माओवादियों को उनके गढ़ में दबोचने का यही सही समय है, जिसके लिए वे लम्बे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे। एक भी पल गँवाए बिना पार्टी कमांडर श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट ने माओवादियों को दबोचने की एक योजना तैयार की।

योजना के अनुसार गुप्तता बनाये रखने के लिए उपयुक्त सावधानी बरतते हुए पार्टी अपने संबंधित लक्ष्यों की तरफ छुपते हुए आगे बढ़ी। इसी बीच श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट ने गुप्तता बरतते हुए समुचित रणनीतिक पोजीशन लेने के लिए माओवादियों के ठिकाने के नजदीक पहुचने का निर्णय लिया। यह एक साहसी कदम था, क्योंकि एक छोटी सी गलती सशस्त्र माओवादियों का ध्यान

पूर्णतः आकर्षित कर सकती थी, जो कि नजदीक पहुंचती टुकड़ियों के लिए घातक हो जाता। फिर भी, श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट ने एक कमांडर के सच्चे धैर्य और साहस का प्रदर्शन किया और अपनी टुकड़ी का आगे बढ़ कर नेतृत्व किया और उप निरीक्षक/जनरल ड्यूटी संदीप कुमार मिश्रा और कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी मिंटू विश्वास के साथ माओवादियों के ठिकाने की तरफ रेंगते हुए आगे बढे। अपनी हिम्मत को जुटाते और जमीन पर रेंगते हुए दोनों माओवादियों के ठिकाने के अत्यंत निकट पहुँच गए। साथी टुकड़ियां भी अपने कमांडर के पीछे आगे बढ़े और उनके पीछे पोजीशन ले ली। अपनी टुकड़ियों की पोजीशन को सुनिश्चित कर लेने के बाद श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट ने माओवादियों को उनके समक्ष आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी। माओवादी सुरक्षा बलों को अपने इतने निकट पाकर हतप्रभ रह गए। तथापि, उन्होंने अगले ही पल स्थिति को भांप गये और आत्मसमर्पण के प्रस्ताव का मजाक उड़ाते हुए श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट की टीम के तरफ गोलियों के बौछार कर दी। गोलियों के बौछार अपने लक्ष्य से तनिक सा ही इधर-उधर हो रही थी, फलतः टुकड़ी और माओवादियों की गोलीबारी के पहले प्रहार से बाल-बाल बच गई।

तत्काल कारवाई करते हुए श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट ने माओवादियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया। जल्दी ही उनका साथी कांस्टेबल मिन्टु विश्वास और एसआई/जीडी संदीप कुमार मिश्रा अन्य सैनिकों के साथ अपने कमांडर के साथ मिल गये और माओवादियों के विरुद्ध जवाबी हमले को तेज कर दिया। माओवादी ने सुरक्षित स्थान के पीछे रणनीतिक पोजीशन ले ली थी, जिसके कारण सुरक्षा बलों की गोलीबारी प्रभावी साबित नहीं हो पा रही थी। दूसरी तरफ, माओवादी सुरक्षा बलों को मारने और उनके हथियारों को लूटने की मंशा से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे; तभी साथ-साथ श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट, उपनिरीक्षक/जनरल ड्यूटी संदीप कुमार मिश्रा और उनका साथी कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी मिंटू विश्वास आगे बढ़ रहे थे और माओवादी के ठिकाने को बाएं ओर से नजर रखने के लिए घेरना शुरू कर दिया। उन्होंने अपनी पोजीशन से आगे एक और स्थान का पता लगा लिया और माओवादियों पर प्रभावी प्रहार किया। उन्होंने निजी सुरक्षा की चिंता को दरकिनार करते हुए, आगे बढ़कर नेतृत्व किया और प्रतिकूल परिस्थिति में भी अविश्वसनीय तेजी के साथ रेंग कर आगे बढ़े, ताकि हमला करने के स्थान पर टिके माओवादी के निकट पहुचा जा सके। गोलीबारी के बीच निर्भीक होकर आगे बढ़ते हुए कमांडर ने स्वयं को पोजीशन में ले लिया और माओवादियों पर सटीक निशाना लगाकर लक्ष्य पर प्रहार करना शुरू कर दिया। इसी बीच उनके साथी भी पीछे से आकर उनके साथ शामिल हो गये और बिजली की फुर्ती से जवाबी हमले को तेज कर दिया गया।

श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में भीषण एवं साहसिक जवाबी हमले ने माओवादियों को चकित कर दिया। इस से पहले कि माओवादी इस झटके को काबू में कर पाते पाते, दोनों ने अपने प्रभावी गोलीबारी से एक माओवादी को मार गिराया। कमांडर, उपनिरीक्षक/जनरल ड्यूटी संदीप कुमार मिश्र और उनके साथी कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी मिंटू विश्वास के इस वीरतापूर्ण कदम ने साथी टुकड़ियों में जोश का संचार कर दिया और वे भी माओवादियों पर टूट पड़े। इस बीच अन्य टुकड़ी भी घटना स्थल पर पहुच गई और माओवादियों को घेरना शुरू कर दिया। स्वयं को घिरा हुआ पाकर और सुरक्षा बलों की प्रभावी गोलीबारी में फंसा हुआ पाकर माओवादी कोई और विकल्प न देख घने जंगल और ऊँची नीची जमीन का फायदा उठाकर भागने लगे।

लगभग एक घंटे तक भीषण गोलीबारी चली। मुठभेड़ के बाद तलाशी के दौरान टुकड़ियों ने अव्लाम मंगू नामक एक सीपीआई (माओवादी) के शव के साथ विविध प्रकार की आपराधिक वस्तुएं बरामद की। ऑपरेशन पार्टी सभी प्रकार की चुनौतियों को पार करते हुए दिनांक 13.02.2017 को माओवादी के शव और अन्य बरामद वस्तुओं के साथ बासागुडा बेस कैंप सुरक्षित पहुची।

ऑपरेशन के दौरान श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट, 204 कोबरा, ने अपने लोगों के जीवन को बचाने और अपने कार्य को पूरा करने के लिए अभूतपूर्व नेतृत्व गुणों, धैर्य और अपने जीवन को जोखिम में डालने में नैतिक साहस का प्रदर्शन किया। माओवादियों द्वारा जोरदार हमले से बेखौफ, वे टिके रहे और उन्होंने अपनी टुकड़ी का आगे बढ़कर नेतृत्व किया और माओवादियों के पास भागने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचने तक गोलीबारी करते रहे। उन्होंने उच्च कोटि की वीरता, नेतृत्व के विलक्षण गुण और बल की उच्च परंपरा के निर्वहन का अमिट उदहारण स्थापित किया। उपनिरीक्षक/जनरल ड्यूटी संदीप कुमार मिश्रा और कांस्टेबल/जनरल ड्यूटी मिंटू विश्वास वीरतापूर्वक लड़े और उन्होंने कठिन समय में अपने कमांडर का साथ दिया। माओवादियों को मार गिराने को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री अभिनव पाण्डे, सहायक कमांडेंट, संदीप कुमार मिश्रा, उप-निरीक्षक और मिन्टु विश्वास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.02.2017 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 158-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	राजेश कुमार कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
2.	राजेंद्र नाथ मल्लिक सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
3.	राजेश कुमार बरनेला सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4.	बिप्लव बिस्वास हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	श्रीनिवासुलु पी कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	तसलीम आरिफ मीर कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24 अप्रैल 2018 को तडके सुबह, गुतांगो गाँव के निकट पहाड़ी जंगलों में स्थित एक गुप्त ठिकाने में 3 से 4 जेईएम के आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने के बाद, इस सूचना की पुष्टि के लिए गुतांगो जंगल के उपरी हिस्से के आसपास सामान्य क्षेत्र में 42 आरआर की एक पार्टी को भेजा गया। जब पार्टी लक्ष्य क्षेत्र के निकट पंहुची, तभी लगभग 0700 बजे वह हथगोलों के हमलों के साथ साथ भारी गोलीबारी के चपेट में आ गई। गोलीबारी का जवाब दिया गया और इलाके की घेराबंदी की गई। दोनों ओर से प्रारंभिक गोलीबारी में 42 आरआर का सिपाही अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में 92 बेस हॉस्पिटल में चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

सूचना प्राप्त होने के पश्चात श्री राजेश कुमार बरनेला, सहायक कमांडेंट (आईआरएलए-9206) और श्री राजेंद्र नाथ मल्लिक, सहायक कमांडेंट (आईआरएलए-9623) की कमान वाली 180 बटालियन के ए एवं सी कंपनी की एक टीम, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) अरिपल के साथ त्राल पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक ज़हूर अहमद वानी, एसओजी त्राल और 180 बटालियन की क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी) श्री राजेश कुमार, कमांडेंट (आईआरएलए-4449) 180 बटालियन की समग्र कमांड में निरीक्षक मोहमद युसूफ, एसएचओ त्राल के साथ घटनास्थल पर पंहुचे। उसी समय कर्नल नीरज पाण्डेय की कमांड में 42 आरआर की अतिरक्त सैन्य सहायता पार्टी भी घटनास्थल पर पंहुची। मुठभेड़ स्थल से अरिपल निकटतम कैंप होने के कारण, एसओजी अरिपल और अरिपल में 180 बटालियन की ए कंपनी सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाली कम्पनी थी, जिसने 42 आरआर द्वारा की गई घेराबंदी को सुदृढ़ किया और एसओजी अरिपल के साथ छुपने के संदिग्ध ठिकाने के दक्षिणी ओर लगभग 50 मीटर की दूरी पर पोजीशन ले ली। 180 बटालियन की सी कंपनी पार्टी ने 42 आरआर कंपनी के सीओ और श्री एजाज़ अहमद, एसडीपीओ, त्राल के साथ छुपने के संदिग्थ ठिकाने के ऊपर पूर्वी तरफ 50 मीटर की दूरी पर पोजीशन ले ली। इसी बीच 180 बटालियन के क्यूएटी के साथ सीओ-180 कंपनी भी मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गये और घेराबंदी के दक्षिणी ओर पोजीशन ले ली। यहां केवल दो ऐसे स्थल थे जहाँ से छिपने के संदिग्ध ठिकाने पर प्रभावी रूप से गोलीबारी की जा सकती थी। संदिग्थ ठिकाने के अन्य दोनों तरफ खडी चढ़ाई होने के कारण पार्टियों को विपरीत दिशा में ऊँची पहाड़ी चट्टानों के पीछे और इनके ढलानों पर घने वृक्षों के पीछे तैनात किया गया। यह ठिकाना अत्यंत ढका हुआ और गुप्त था और इसलिए इसकी सटीक स्थिति का पता नहीं लगाया जा सका। पार्टियों के पोजीशन ले लेने के बाद दो सशस्त्र आतंकवादी बाहर आये और अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे। इसके पश्चात उन्होंने छुपने के ठिकाने के गुप्त प्रवेश मार्ग के निकट घने वृक्षों के पीछे पोजीशन ले ली। टुकड़ियों ने घेराबंदी से जवाबी गोलीबारी की। घेराबंदी कर रहे पार्टी की स्थिति पूरी तरह खुली होने के कारण आतंकवादी घेराबंदी कर रहे पार्टी की प्रत्येक गतिविधि को देख पा रहे थे। दो घंटों तक रुक रुक कर गोलीबारी होती रही। लगभग 1300 बजे, कमांडरों ने आतंकवादियों को अचंभित करने और मार गिराने के उदेश्य से छिपने के ठिकाने के दक्षिणी ओर से एक पार्टी को भेजने का निर्णय लिया, ताकि ऑपरेशन शाम होने से पहले समाप्त हो सके। तदनुसार, राजेश कुमार बरनेला, सहायक कमांडेंट सं. 971231689, हेड कांस्टेबल बिप्लव बिस्वास, कांस्टेबल मो. लतीफ़ अहमर गोगर, एसओजी, उप निरीक्षक ज़हूर अहमद वानी, पुलिस स्टेशन त्राल, ठिकाने की दिशा में चुपचाप आगे बढ़े। अचानक आतंकवादियों ने भारी

गोलीबारी शुरू कर दी और एक गोली ने मो. लतीफ़ गोगर के दाहिने कंधे को घायल कर दिया। इसके बाद, आतंकवादी अपने गुप्त ठिकाने से निकलकर बाहर आये और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी करके घेराबंदी पर प्रहार किया। राजेश कुमार बरनेला और बिप्लब बिस्वास ने फुर्ती और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए, तत्काल जवाबी और सटीक गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ रहे आतंकवादियों पर गोलियों की बौछार कर दी, जिससे उनमें से एक आतंकवादी मारा गया। गोलीबारी से बचने के लिए दूसरे आतंकवादी ने तुरंत अपने मरे हुए साथी के शरीर के निकट घने वृक्ष के पीछे पोजीशन ले ली। आतंकवादी और टुकड़ियों के बीच भारी गोलीबारी हुई। श्री राजेश कुमार, कमांडेंट ने जैसे ही देखा कि एक कांस्टेबल को गोली लग गई है, तुरंत उसके स्थान पर किसी क्यूएटी कार्मिक को तैनात किया गया और मोर्चे को संभाला ताकि घायल पुलिस जवान को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। दोनों ओर से भारी गोलीबारी के बीच जेएंडके पुलिस के निरीक्षक मो. युसूफ और क्यूएटी-180 के 6 कार्मिकों ने घायल ज़वान को बाहर निकाला, जिसकी बाद में मृत्यु हो गई। इस बीच भागने की कोशिश करते हुए दूसरे आतंकवादी ने घेराबंदी की तरफ हथगोला फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की। अद्भुद फुर्ती, हिम्मत और एक लीडर की तरह रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए, राजेश कुमार, कमांडेंट ने अपने साथी सं. 125075576 कांस्टेबल तसलीम आरिफ मीर के साथ आगे बढ़ रहे आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे मार गिराया। इस बीच बचे हुए आतंकवादियों ने अपने आदमियों द्वारा निर्मित ठिकाने में पोजीशन ले ली और आगे बढ़ रहे टुकड़ियों पर गुप्त ठिकाने के बीच बने छिद्रों से गोलीबारी करते रहे। सैन्य दल ने उनका ध्यान भटकाने और उन्हें मार गिराने के उद्देश्य से अपने राइफल से भारी गोलीबारी की और एमजीएल फायर का भी इस्तेमाल किया, किन्तु उन पर कोई असर नहीं पड़ा।

इसके पश्चात सीओ-42 आरआर कंपनी ने सीओ-180 कंपनी के साथ परामर्श करके छुपने के ठिकाने को उड़ा देने के लिए इसके ऊपर विस्फोटक सेट लगाने का निर्णय लिया। यह जानते हुए कि उनकी योजना में बहुत जोखिम है, फिर भी राजेंद्र नाथ मल्लिक, सहायक कमांडेंट इस कार्य को करने के लिए स्वेच्छा से आगे बढ़े। तदनुसार, एक छोटी विध्वंसक टीम, जिसमें राजेंद्र नाथ मल्लिक और उनके साथी सं. 135279797 कांस्टेबल श्रीनिवासुलु पी. तथा मेजर शक्ति सिंह और उनका साथी शामिल थे, ठिकाने की तरफ युक्तिपूर्वक आगे बढे और अत्यंत रणनीतिक रूप से गुप्त ठिकाने के ऊपर विस्फोट का सेट लगा दिया और गुप्त ठिकाने को विस्फोट करके सफलता पूर्वक उड़ा दिया। बहुत देर तक दूसरी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आने पर यह टीम अदम्य साहस और अभूतपूर्व वीरता का प्रदर्शन करती हुई सावधानी पूर्वक रेंगते हुए आगे बढ़ी और विस्फोट के बाद बने खुले स्थान से गुप्त ठिकाने के भीतर टीएसएम शेल और मोलोटोव कोकटेल गिरा दिया। अचानक एक आतंकवादी अप्रत्याशित रूप से खड़ा हुआ और उसने टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। राजेंद्र नाथ मल्लिक और उनके साथी जिन्होंने गुप्त ठिकाने से दस मीटर ऊपर की दूरी पर पेड़ों के पीछे पहले ही कवर ले लिया था, ने जवाबी गोलीबारी की और तीसरे आतंकवादी को मार गिराया। इस गोलीबारी के बाद, गोलीबारी करने के लिए कोई और नहीं बचा था, न ही गुप्त ठिकाने में कोई गतिविधि हो रही थी। इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी आतंकवादी मारे जा चुके हैं, गुप्त ठिकाने की तरफ कुछ राउंड गोली चलाई गई। चूँकि, गुप्त ठिकाने के भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही थी, इसलिए गुप्त ठिकाने और आसपास के इलाके की गहन तलाशी की गई, जिसके परिणामस्वरूप 04 मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किये गए, जिनकी बाद में पहचान उमर खालिद, निवासी-पकिस्तान, जेईएम (श्रेणी ए++), मुफ़्ती यासिर, निवासी-पाकिस्तान, जेईएम (श्रेणी ए++), आबिद मकबूल भट्ट (श्रेणी-सी) निवासी-खानगुंड, पुलिस स्टेशन त्राल और इशफाक अहमद खान (श्रेणी-बी), निवासी-हन्दुरा, पुलिस स्टेशन त्राल के रूप में हुई। इसके साथ-साथ 03 एके 56 राइफल, 01 एके 47 राइफल, 08 एके मैगजीन, 97 एके राउंड्स और 01 यूबीजीएल बरामद किये गये।

इस ऑपरेशन में श्री राजेश कुमार, कमांडेंट, 180 बटालियन ने चातुर्यपूर्ण और सक्रिय नेतृत्व का प्रदर्शन किया, जिन्होंने न केवल आगे बढ़कर अपनी टीम का नेतृत्व किया बल्कि आतंकवादियों को उन्ही के खेल में पराजित किया। उनके रणनीतिक कौशल और स्थिति का सामना करने में दक्षता ने उनके दल के सभी अधिकारियों और लोगों को प्रेरित किया, जिन्होंने आतंकवादियों को मार गिराने में अपने जीवन को यह सुनिश्चित करने के लिए जोखिम में झोंक दिया था कि आतंकवादियों का सफाया हो जाए। श्री राजेश कुमार बरनेला और श्री रविन्द्र नाथ मल्लिक, सहायक कमांडेंटों की युवा और बहादुर जोड़ी ने अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से उन्हें सौंपे गये कार्य को पूरा किया तथा साथ ही अपने साथी सं 971231689 हेड कांस्टेबल बिप्लव विश्वास, सं 125075576 कांस्टेबल तसलीम आरिफ मीर, और सं 135279797 कांस्टेबल श्रीनिवासुलु पी. को प्रेरित किया, जिन्होंने अपने कमांडर का सर नीचे नहीं झुकने दिया और चुनौती पर खड़े उतरे, जिसके फलस्वरूप खतरनाक जेईएम संगठन के चार दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया जा सका।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री राजेश कुमार, कमांडेंट, राजेंद्र नाथ मल्लिक, सहायक कमांडेंट, राजेश कुमार बरनेला, सहायक कमांडेंट, बिप्लव बिस्वास, हेड कांस्टेबल, श्रीनिवासुलु पी, कांस्टेबल, तसलीम आरिफ मीर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.04.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 159-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. नवीन कुमार झा
सहायक कमांडेंट

2. जावेद अहमद गुर्जर
कांस्टेबल

3. चमन गिरी
उप निरीक्षक

4. सुहास एम
हेड कांस्टेबल

5. शीतल सिंह
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20 मार्च, 2018 को लगभग 1300 बजे 98 बटालियन की ई कंपनी के कमान अधिकारी श्री एन.के. झा, सहायक कमांडेंट को अपने स्रोत से एक खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि कुपवाड़ा जिले में दूरदराज के हलमतपोरा गांव के समीप चेक फतेह खान और लॉमचाक जंगलों में 6-7 आतंकवादियों का एक समूह देखा गया है। कुपवाड़ा जिला कश्मीर के उत्तर-पश्चिम में स्थित है और हलमतपोरा गांव 20-25 किलोमीटर दूर स्थित नियंत्रण रेखा (एलओसी) से पहले आखिरी गांव है। गांव चेक फतेह खान/लॉमचाक जंगलों से घिरा हुआ है जो घने शंकुधारी जंगल है। इस क्षेत्र की बनावट एकदम खड़ी और ढ़ालदार है और नियंत्रण रेखा के करीब होने के कारण इन वनाच्छादित पहाड़ों के माध्यम से आतंकवादियों की नियमित आवाजाही होती रहती है। स्थानीय पुलिस से इनपुट की पुष्टि करने के बाद, 98 बटालियन के 7-8 कर्मियों को सादे कपड़ों में सटीक स्थान का पता लगाने के लिए क्षेत्र में भेजा गया, जिन्होंने लक्षित क्षेत्र की पुष्टि की। तदनुसार, श्री एन.के. झा, सहायक कमांडेंट की कमान में कुपवाड़ा का स्पेशल आपरेशंस ग्रुप (एसओजी), जेकेपी और 98 बटालियन की काउंटर टेररिज्म टीम (सीटीटी) के 13 कार्मिक वन क्षेत्र के लिए रवाना हो गए। जब तक टीम उस स्थान पर लगभग 1400 बजे पहुंची, तब तक 41 राजपूताना राइफल्स (आरआर), 5 बिहार और 160 टैरीटोरियल आर्मी (टीए) की टुकड़ियां ऊपरी ढ़लानों पर उत्तर-पश्चिमी, दक्षिण-पश्चिमी तरफ से तथा निचली ढ़लानों पर उत्तर-पूर्वी तरफ से पहले ही घेराबंदी कर चुकी थी। एसओजी, कुपवाड़ा और 98 बटालियन की सीटीटी ने 41 आरआर की तैनाती से सटी तरफ दक्षिण-पूर्व की ओर पोजीशन ली, जो कि पूर्वी हिस्से तक भी फैली हुई थी। इस बीच, श्री मोहित कपूर, सेकेंड-इन-कमांड, 162 बटालियन की समग्र कमान के तहत 162 बटालियन के सैनिक भी लगभग 1450 बजे लक्षित क्षेत्र के पास पहुंच गए और 98 बटालियन के साथ मिल गए तथा उनकी स्थिति को और सुदृढ़ कर दिया। जबकि लक्षित क्षेत्र के तीन तरफ पहाड़ियां थीं, जोकि घने जंगलों से आच्छादित थीं, पूर्वी तरफ घरों के समूह के साथ हलमतपोरा गांव था।

जैसे ही घेराबंदी लगाई गई, आतंकवादियों ने उत्तर पश्चिम की ओर तैनात सेना के कार्मिकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद बंदूक की भारी लड़ाई हुई, जो कि एक घंटे तक जारी रही, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया। जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी भी मार गिराया गया। इसके बाद, शाम की प्रार्थनाएं पूरी होने तक दोनों ओर से लगभग 2-3 घंटे तक शांति रही। यह भांपकर कि वे उत्तर पश्चिम की ओर से नहीं भाग सकते हैं, बचे हुए आतंकवादी भागने के प्रयास में दक्षिण पश्चिम की ओर चले गए, लेकिन वे इस बात से बेखबर थे कि उन्हें घेर लिया गया है। हालांकि, उनके प्रयास बेकार थे, क्योंकि 41 आरआर, सीआरपीएफ की 98 बटालियन और एसओजी को दक्षिण पश्चिम की ओर तैनात किया गया था। जैसे ही अंधेरा हुआ, लगभग 1930 बजे आतंकवादियों ने फिर से गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दलों ने जवाबी कार्रवाई की; पूरी रात दोनों ओर से कभी-कभार गोलियों की आवाज आती रही। तथापि, अभेदनीय घेराबंदी के चलते, आतंकवादी घेराबंदी के क्षेत्र के भीतर सीमित रहे। हड्डियां कड़कड़ा देनी वाली ठंड के बावजूद सैन्य दल पूरी रात अपनी पोजीशन पर तैनात रहे। अगली सुबह अर्थात 21 मार्च को लगभग 0630 बजे 98 बटालियन और 162 बटालियन के कमांडेंट भी मुठभेड़ स्थल पर अपने सैन्य दलों में शामिल हो गए। लगभग 0730 बजे दक्षिण पश्चिमी और उत्तर पश्चिमी ढ़लानों पर तैनात सेना के जवानों ने आतंकवादियों को घेरने के लिए पहाड़ी से नीचे उतरना शुरू कर दिया। हडबहड़ाहट में तीन आतंकवादी अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए दक्षिण पश्चिमी क्षेत्र की ओर भागे, जहां पर एसओजी, जेकेपी और 98 बटालियन की सीटीटी तैनात थीं। सं. 105021042 उप निरीक्षक चमन गिरी और सं. 115241739 हेड कांस्टेबल/रेडियो ऑपरेटर सुहास एम., जो कि रेडियो सैट और एके-47 राइफल से लैस थे,

एसओजी के जवानों के साथ तीन आतंकवादियों की गोलीबारी की सीमा क्षेत्र में फंस गए। युवा उप निरीक्षक चमन गिरी और रेडियो ऑपरेटर दोनों अगर अपने दुश्मनों को नहीं मार गिराते, तो उनका मारा जाना लगभग निश्चित था। करो या मरो की स्थिति के सामने उन दोनों ने भागते हुए, एक आतंकवादी, जिसने कि लगभग उन पर धावा ही बोल दिया था, पर गोलियों की बौछार कर दी और उसे मौके पर ही मार गिराया। इस बीच, एक अन्य आतंकवादी ने एक एसओजी जवान पर गोलियां दागीं और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। अचानक, यह अहसास होने पर कि उसकी गोलियां खत्म हो गई है, उसने मारे गए कांस्टेबल का हथियार उठा लिया। उसमें मुश्किल से एक या दो कारतूस ही थे। हताशा में वह 98 बटालियन के सं. 105341198 कांस्टेबल जावेद अहमद के हथियार को छीनने की नीयत से उन पर कूद पड़ा, जिससे उन दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। सामने खड़ी मौत के सामने शेरदिली दृढ़ता और साहस का प्रदर्शन करते हुए, अपनी पूरी ताकत से अपने हथियार को पकड़े हुए, हिम्मती जावेद अहमद भीषण छीना-झपटी में लग गए और आतंकवादी से एके-47 राइफल छीनने में सफल हो गए और उस पर गोली दागकर उसे मौके पर ही मार गिराया। इस बीच, सुरक्षा बलों के उसके अन्य दोनों साथियों के साथ उलझा होने का फायदा उठाकर तीसरा आतंकवादी घेराबंदी से निकलने में सफल हो गया।

इस बीच, सेना के सैन्य दलों ने क्षेत्र की तलाशी लेते हुए पहाड़ी से नीचे उतरना जारी रखा। बचे हुए आतंकवादियों को पश्चिमी ओर से भी भागने का अवसर नहीं मिला, क्योंकि सुरक्षा बलों ने उन पर शिकंजा कसना जारी रखा और इससे भी ज्यादा, उन्हें ढ़लान पर ऊपर चढ़ने का दुष्कर कार्य करना था। आतंकवादी ने रूक-रूक कर गोलीबारी जारी रखी और भागने के अवसर की तलाश में वह पूर्वी तरफ बढ़ा। एसओजी और सीटीटी 98 बटालियन ने श्री एन.के. झा, सहायक कमांडेंट की निडर और सक्षम कमांड में पूर्वी तरफ दृढ़ता से पोजीशन ली हुई थी। वहां पर उनके आगे एक समतल मैदान था, जो कि कुछ सौ मीटर का था और मैदानों के आगे जंगल क्षेत्र था। मैदान के बीच में एक पत्थरों से बनी हुई दीवार थी, जो आतंकवादियों को अच्छा कवर प्रदान कर रही थी। घेराबंदी डाले गए लगभग 24 घंटे हो चुके थे तथा अपने आपको पूरा तरह घिरा पाकर आतंकवादी अपना संतुलन खो रहे थे। लगभग 1400 बजे, सीने तक ऊंचाई वाली पत्थर की दीवार का कवर लेकर उन्होंने पूर्व की तरफ अचानक भारी गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी की मात्रा इतनी ज्यादा था कि पूर्वी ओर पर सैन्य दलों को तेजी से उपलब्ध कवर के पीछे जाना पड़ा, जो कि भूमि की सीढ़ीदार खेती के कारण प्राकृतिक रूप से उपलब्ध था। तथापि, यह असाधारण भारी गोलीबारी एलएमजी चला रहे वीर युवा कांस्टेबल सं. 065161558 कांस्टेबल शीतल सिंह को अपने रास्ते से डिगा नहीं सकी, जिन्होंने बाकी सैन्य दलों के साथ खुद की पोजीशन किया हुआ था। एक चट्टान की तरह वे अपनी पोजीशन पर डटे रहे और उन्होंने अपनी एलएमजी से दुश्मनों की दिशा में भारी गोलीबारी के साथ जवाब दिया। एन.के. झा, जो कि पूर्वी ओर कुशलता से अपने सैन्य दलों को संचालित कर रहे थे, ने दुश्मन की भारी गोलीबारी का सामना किया और उसी ताकत से उसका जवाब दिया। अंतिम हताश प्रयास में दो आतंकवादियों ने अपना कवर छोड़ दिया और अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए, वे पूर्वी ओर तैनात सैन्य दलों से भिड़ गए। कांस्टेबल शीतल सिंह और श्री एन.के. झा, सहायक कमांडेंट ने आतंकवादियों द्वारा भारी गोलीबारी के जवाब में जोरदार गोलीबारी की और दोनों आतंकवादियों का सफाया करने में सफल रहे। चूंकि, सुरक्षा बल आतंकवादियों की संख्या के बारे में आश्वस्त नहीं थे, इसलिए सैन्य दलों ने अपनी पोजीशन को तब तक बनाए रखा, जब तक कि सेना की टुकड़ियों ने अपनी पोजीशन को तब तक बनाए रखा, जब तक कि सेना की टुकड़ियों ने क्षेत्र की पूरी तरह तलाशी नहीं ले ली और 2000 बजे ऑपरेशन को बंद किया।

तलाशी में 05 विदेशी आतंकवादियों के शव बरामद हुए। सैन्य दलों ने मुठभेड़ स्थल से 05 एके-47 राइफलें, 01 पिस्तौल, 01 पिस्तौल 9 एमएम बेरेटा (इटालियन), 25 एके-मैगजीन, 02 पिस्तौल मैगजीन, 02 पिस्तौल मैगजीन (इटालियन), 839 एके कारतूस, 50 पिस्तौल 7.62 एमएम कारतूस, 60 पिस्तौल के 9 एमएम कारतूस तथा अन्य आपराधिक सामग्री भी बरामद की।

मौसमी परिस्थतियों और प्रतिकूल भू-भाग को देखते हुए, यह अत्यंत कठिन ऑपरेशन था और बलों का मुकाबला अति प्रशिक्षित और सुसज्जित विदेशी आतंकवादियों से था। ऑपरेशन 30 घंटे से ज्यादा चला। 98 बटालियन के एन.के. झा, सहायक कमांडेंट ने अपने सैन्य दलों के संचालन और प्रभावी ढंग से उनकी तैनाती में असाधारण नेतृत्व क्षमता और सामरिक कौशल का प्रदर्शन किया। अत्यंत सर्द मौसम के बावजूद, उन्होंने अपने सैन्य दलों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखा, जिन्होंने दृढ़ता से अपनी पोजीशन को तब तक धैर्यपूर्वक बनाए रखा, जब तक कि ऑपरेशन पूरा नहीं हो गया। गंभीर खतरे के सामने और मौत का सामना होने पर भी, वे धैर्यपूर्वक कांस्टेबल शीतल सिंह के साथ खड़े रहे और वीरतापूर्वक दोनों आतंकवादियों का सफाया सुनिश्चित किया, जिसके साथ मुठभेड़ समाप्त हुई।

उप निरीक्षक चमन गिरी चट्टान की तरह थे और पूरे ऑपरेशन के दौरान अपनी पोजीशन पर डटे रहे और उन्होंने अपने साथ तैनात अपनी टीम को कुशलतापूर्वक संचालित तथा प्रबंधित किया। उन्होंने हेड कांस्टेबल/रेडियो ऑपरेटर सुहास एम. और कांस्टेबल जावेद अहमद गुर्जर और अन्य के साथ यह सुनिश्चित किया कि उनको सौंपा गया निर्धारित क्षेत्र भली-भांति सील रहे ताकि आतंकवादियों को भागने से रोका जा सके। मौत के सामने, जबकि आम इंसान ने हार मान ली होती, उन तीनों ने अपने दुश्मनों को गोली से मार गिराने में असाधारण साहस, दृढ़ संकल्प और असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया, यहां तक कि उन्होंने नजदीक से लड़ाई भी की और अंततः उस आतंकवादी को मार गिराया, जिसने कांस्टेबल जावेद अहमद गुर्जर को चुनौती देने की हिम्मत की थी। कांस्टेबल शीतल सिंह की उम्र को देखते हुए, उन्होंने असाधारनण वीरता और फौलादी जज्बे का प्रदर्शन किया और जब आतंकवादियों द्वारा उनके भागने के अंतिम प्रयास में उन्हें भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा, तो वे अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में भी अपने स्थान पर डटे रहे। एलएमजी के ऊपर उनकी

कुशलता और नियंत्रण ने न केवल यह सुनिश्चित किया कि सैन्य दलों की ओर खतरनाक ढंग से आगे बढ़ते हुए आतंकवादी पीछे धकेल दिए गए बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि उनके सैन्य दलों के नुकसान के बिना आतंकवादियों का सफाया हुआ।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री नवीन कुमार झा, सहायक कमांडेंट, जावेद अहमद गुर्जर, कांस्टेबल, चमन गिरी, उप निरीक्षक, सुहास एम, हेड कांस्टेबल और शीतल सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.03.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 160-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अनूप कुमार सिंह,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19 जुलाई, 2018 को, लगभग 1515 बजे, पुलिस जिला-हंदवाड़ा के अधीन बाटपोरा, मागम वन क्षेत्र में सशस्त्र आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक विश्वसनीय खुफिया जानकारी प्राप्त होने पर, श्री जेपी सिंह, सेकेंड-इन-कमांड की समग्र निगरानी में श्री एसएस देव, उप कमांडेंट की कमान में सीआरपीएफ की 92 बटालियन का त्वरित कार्रवाई दल (क्यूएटी) शीघ्र ही गांव-बाटपोरा में पहुंच गया तथा 47 आरआर और स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी), जेकेपी, हंदवाड़ा की टुकड़ियों के साथ मिल गया। प्लाटून पोस्ट भगतपोरा से इंस्पेक्टर पिंटू कुमार सिंह की कमान में 92 बटालियन के दो और सेक्शन भी गांव बाटपोरा पहुंच गए। कमान अधिकारी 47 आरआर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हंदवाड़ा और श्री जे.पी. सिंह, 92 बटालियन के सेकेंड-इन-कमांड द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई। योजना के अनुसार 47 आरआर का सैन्य दल उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व की ओर से क्षेत्र की घेराबंदी करेंगे, 92 बटालियन के सैन्य दल खुद को दक्षिण-पश्चिम में तैनात करेंगे और एसओजी हंदवाड़ा के सैन्य दल दक्षिण-पूर्व में रहेंगे। चूंकि, यह दिन का समय था और आतंकवादी सैनिकों की गतिविधि को देख सकते थे, इसलिए सैन्य दल सामरिक तरीके से लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़े। लगभग 1630 बजे, जब घेरा डाला जा रहा था, आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों द्वारा गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। चूंकि, यह एक जंगल का इलाका था, इसलिए आतंकवादी इधर-उधर आ-जा सकते थे और बलों को भ्रमित कर सकते थे। घेराबंदी को तोड़ने के लिए उन्होंने अलग-अलग दिशाओं से सैनिकों पर गोलीबारी जारी रखी ताकि वे भाग सके। रुक-रुक कर एक-दूसरे पर गोलीबारी जारी रही। लगभग 15 मिनट के बाद, एक आतंकवादी ने भारी और अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए पश्चिमी तरफ से घेराबंदी को तोड़ने की कोशिश की, जहां पर 47 आरआर और सीआरपीएफ की 92 बटालियन के सैन्य दल तैनात थे। उसे सैन्य दलों से कड़ा प्रतिरोध मिला और वह हड़बड़ाहट में पीछ हट गया। रुक-रुक कर एक-दूसरे पर गोलीबारी जारी रही, लेकिन आतंकवादियों पर कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि आतंकवादियों ने खुद को एक नाले में पोजीशन किया हुआ था। तथापि, आतंकवादियों द्वारा लिए गए सुरक्षित कवर के कारण सैन्य दलों ने कोई जल्दबाजी नहीं की।

लगभग 1700 बजे, सं. 075024982 कांस्टेबल अनूप कुमार सिंह आक्रमक होकर अचानक अपनी पोजीशन से हट गए तथा नाले की तरफ बढ़े और उन्होंने एक बड़े पत्थर के पीछे पोजीशन ले ली। उस पोजीशन से उन्होंने देखा कि चट्टान के पीछे एक अज्ञात व्यक्ति नाले में पड़ा हुआ है, हालांकि उसके हथियार उन्हे नजर नहीं आ रहे थे। अनिश्चितता की स्थिति में, उन्होंने श्री एस.एस. देव, उप कमांडेंट को सूचित किया, जो अपने सहयोगी के साथ रेंगते हुए अनूप कुमार सिंह की पोजीशन की तरफ बढ़े और उन्हे उस व्यक्ति को चुनौती देने के लिए कहा, क्योंकि हथियार की गैर-मौजूदगी में यह गलत पहचान का मामला हो सकता था। जबकि अनूप कुमार आतंकवादी को चुनौती देने ही वाले थे, आतंकवादी ने अनूप कुमार सिंह की गतिविधि को भांपते हुये उनकी दिशा में गोलीबारी की। आतंकवादी के मारक दूरी के भीतर होने के कारण दोनों में से कोई भी बाजी जीत सकता था और वह अच्छी तरह जानते थे कि यदि वे उसे मार न सके, तो दुश्मन उन्हें ही मार सकता है। एस.एस. देव और उनका साथी उन्हे कवर गोलीबारी प्रदान कर रहे थे, फिर भी वे अपने कवर से बाहर आए और उन्होंने उपलब्ध प्राकृतिक कवर लेकर आतंकवादी पर हमला कर दिया और गोली मारकर उसका सफाया कर दिया। चूंकि, आतंकवादियों की संख्या के बारे में ठीक से पता नहीं था, इसलिए सैनिकों ने आतंकवादियों की प्रतिक्रिया का इंतजार किया। जब काफी देर तक सब शांत रहा, तो सीआरपीएफ की 92 बटालियन, 47 आरआर और एसओजी हंदवाड़ा की संयुक्त टीमों ने

इलाके की गहन तलाशी ली। एक आतंकवादी का शव नाले से बरामद किया गया, जिसके साथ एक एके-47 राइफल, तीन मैगजीन और उसके 50 कारतूस भी मिले। मारे गए आतंकवादी की पहचान नहीं की जा सकी, क्योंकि वह विदेशी मूल का था।

इस ऑपरेशन में श्री अनूप कुमार सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.07.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 161-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री उपेंद्र कुमार यादव,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26 जुलाई, 2018 को पुलिस जिला-हंदवाड़ा, जिला कुपवाड़ा के अंतर्गत सोडल चाक मागम क्षेत्र में एक संदिग्ध विदेशी सशस्त्र आतंकवादी की मौजूदगी होने के बारे में विश्वसनीय इनपुट प्राप्त होने पर, श्री जे.पी. सिंह, सकेंड-इन-कमांड की समग्र निगरानी में 92वीं बटालियन की त्वरित कार्रवाई टीम (क्यूएटी) और निरीक्षक पिंटू कुमार की कमान में 92वीं बटालियन की डी कंपनी के दो सेक्शन सोडल चाक मागम पहुंच गए। 21 आरआर और स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी), जेकेपी हंदवाड़ा के सैन्य दल पहले ही गांव पहुंच गए थे और एक स्थानीय स्रोत द्वारा यह पुष्टि कर ली गई थी कि एक आतंकवादी मोहम्मद शबन लोन पुत्र गुलाम हसन लोन के घर में छिपा हुआ है।

तद्नुसार, एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई। जैसे ही संयुक्त टीमें चतुराईपूर्वक लक्षित घर की ओर आगे बढ़ीं, भारत-विरोधी नारे लगाकर ग्रामीणों ने आतंकवादियों को सतर्क कर दिया। लक्षित घर के चारों ओर भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गई, जिससे आतंकवादियों की मौजूदगी और पुख्ता हो गई। इसके बाद मौके पर मौजूद वरिष्ठ अधिकारी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, तीन स्तरीय घेराबंदी डाली गई। पहले स्तर की अथवा बाहरी घेराबंदी/कट ऑफ 21 आरआर और जे.के. पी के सैन्य दलों द्वारा लक्षित घर से लगभग 500-700 मीटर पर की गई, कानून एवं व्यवस्था को संभालने के लिए, दूसरे स्तर की घेराबंदी श्री विजय कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान में आधी क्यूएटी और 92वीं बटालियन के एक सेक्शन द्वारा लक्षित घर से लगभग 100 मीटर दूरी पर डाली गई और तीसरे स्तर अर्थात भीतरी घेराबंदी 92वीं बटालियन के श्री एस.एस. देव, उप कमांडेंट की कमान में शेष आधी क्यूएटी और 92वीं बटालियन के एक सेक्शन, 21 आरआर और एसओजी हंदवाड़ा द्वारा संयुक्त रूप से डाली गई। 92वीं बटालियन के दल ने लक्षित घर की दक्षिण-पूर्वी ओर से घेराबंदी की, एसओजी हंदवाड़ा ने उत्तर-पूर्वी ओर को कवर किया और 21 आरआर के सैन्य दलों ने घेराबंदी के बाकी हिस्से को पूरा किया।

लगभग 1315 बजे जब घेराबंदी की जा रही थी, लक्षित घर में छिपे आतंकवादी ने भागने के प्रयास में अंधाधुंध गोलीबारी की और ग्रेनेड फेंके। सैनिकों ने गोलीबारी का जवाब दिया और घेराबंदी को बनाए रखा और आतंकवादी को भागने का कोई अवसर नहीं दिया। इसके पश्चात, पब्लिक एड्रैस सिस्टम पर एक घोषणा की गई, जिसमें आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला। रूक-रूक कर गोलीबारी जारी रही। लगभग 1345 बजे, डी/92वीं बटालियन के सं. 075021643 हेड कांस्टेबल उपेंद्र कुमार यादव ने लक्षित घर की छत पर कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी और उन्होंन तुरंत घेराबंदी में बाकी लोगों को सतर्क कर दिया। आतंकवादी को निशाना बनाकर गोलियों की बौछार की गई, लेकिन वह तुरंत घर में वापस भाग गया। तथापि, एक-दूसरे पर गोलीबारी जारी रही और आतंकवादी अपनी पोजीशन को बदलता रहा। जब आतंकवादी ने एक ही पोजीशन से भारी गोलीबारी जारी रखी, तो पैनी नजर का प्रदर्शन करते हुए, उपेंद्र कुमार यादव ने सटे हुए घर के बांये कोने के पीछे पोजीशन ले ली और लक्षित घर की तरफ रेंगकर आगे बढ़े और उन्होंने संदिग्ध घर के खलिहान में आतंकवादी को देखा। जब आतंकवादी की सतर्क नजर उपेंद्र कुमार यादव पर पड़ी, तो वे अब उससे केवल लगभग 10-15 मीटर दूर थे और उसने उनकी दिशा में गोलियों की बौछार शुरू कर दी। दृढ़ संकल्प और फौलादी हिम्मत का प्रदर्शन करते हुए, उपेंद्र यादव ने बराबरी से जवाबी गोलीबारी की और अपने स्थान पर डटे रहे। संयुक्त दलों द्वारा भी उन्हें कवर गोलीबारी देकर उनको सहयोग दिया गया। उपेंद्र कुमार यादव की ओर से की गई भयानक कार्रवाई ने आतंकवादी को लगभग मार

ही दिया था, लेकिन उसने हार नहीं मानी। इस बार उसने उपेंद्र की दिशा में एक ग्रेनेड फेंकने की कोशिश की, परंतु वे आतंकवादी के हर चाल के प्रति सतर्क थे और उन्होंने एक बार फिर से आतंकवादी को निशाना बनाकर गोलीबारी की। आतंकवादी ग्रेनेड फेंकने में सफल नहीं हुआ और ग्रेनेड उसके हाथ में ही फट गया। उसके बाद, एक-दूसरे पर कोई भी गोलीबारी नहीं हुई। बल लक्षित घर की छत पर मारे गए आतंकवादी के शव को नहीं देख सके। सभी तरह से यह सुनिश्चित होने के बाद कि, वहां अब कोई खतरा नहीं था, लगभग 1630 बजे, सीआरपीएफ की 92वीं बटालियन, 21 आरआर और एसओजी, हंदवाड़ा की एक संयुक्त टीम द्वारा लक्षित घर की तलाशी ली गई, जहां पर एक एके-47 राइफल, पांच मैगजीन, उसके गोलाबारूद के 97 कारतूस तथा अन्य आपराधिक सामग्री के साथ आतंकवादी का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान नहीं की जा सकी क्योंकि वह विदेशी आतंकवादी था।

इस ऑपरेशन में श्री उपेंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.07.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 162-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जितुमणि राय,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04 जुलाई, 2018 को, यूनिट इंटेलिजेंस सेल से पुलिस जिला हंदवाड़ा में मागम और डोलिपोरा के बीच बागीचों में 4-5 विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक विश्वसनीय इनपुट प्राप्त होने पर, इसे सहयोगी एजेंसियों के साथ साझा किया गया और इसके बाद एसएसपी, हंदवाड़ा द्वारा इस इनपुट की पुष्टि की गई। दिनांक 08 जुलाई 2018 को, खानपोरा, मागम वन क्षेत्र, जिला-कुपवाड़ा में उसी समूह की मौजूदगी के बारे में इनपुट प्राप्त हुआ। 47 आरआर के सैन्य दल, जो पहले से ही किसी नियमित ऑपरेशन के लिए पास के वन क्षेत्र में मौजूद थे, ने प्रारंभिक घेराबंदी की, लेकिन एक विस्तृत क्षेत्र होने के कारण सैन्य दलों की संख्या सीमित थी। उत्तरी कश्मीर के हंदवाड़ा जिला के नियंत्रण रेखा (एलओसी) से सटा होने के कारण यहां नियमित रूप से सशस्त्र आतंकवादियों की गतिविधि देखने को मिलती है। जब 47 आरआर के सैन्य दलों द्वारा घेराबंदी की जा रही थी, तो जंगल में छिपे आतंकवादियों ने 47 आरआर के दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की और अंधेरे एवं घने पहाड़ी इलाके का फायदा उठाते हुए भागने की कोशिश की। लगभग 2030 बजे श्री दीपक कुमार, कमांडेंट की समग्र कमान में उनके एस्कॉर्ट दल और स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी), जेकेपी, हंदवाड़ा सहित श्री विजय कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान में, पलटन पोस्ट भगतपोरा से 92 बटालियन के सैन्य दल तथा 92 बटालियन की क्यूएटी मुठभेड़ स्थल की ओर चल पड़े। संयुक्त रूप से योजना बनाने के बाद, 47 आरआर के सैन्य दल, जो पहले से ही लक्षित क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में थे, ने अपनी घेराबंदी को पूर्व की ओर और साथ ही पश्चिम की ओर बढ़ाया तथा श्री विजय कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान में 92 बटालियन की डी पलटन ने दक्षिण-पूर्व में घेराबंदी की और एसओजी हंदवाड़ा ने दक्षिण-पश्चिमी दिशा को कवर किया। लगभग 2200 बजे तक घेराबंदी पूरी हो गई थी। कमांडेंट-92 बटालियन ने सीओ-47 आरआर और एसएसपी हंदवाड़ा के साथ ग्राम खानपोरा के पास अस्थायी कमांड पोस्ट से ऑपरेशन की निगरानी की।

लगभग 2230 बजे, 47 आरआर के सैन्य दल, जो लक्षित क्षेत्र के उत्तर की ओर तैनात थे, ने कुछ संदिग्ध गतिविधि देखी और गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकवादियों ने भी भारी गोलीबारी की तथा घेराबंदी को तोड़ने और ग्राम खानपोरा में प्रवेश करने के इरादे से दक्षिण की ओर चले गए। हालांकि ग्राम खानपोरा में प्रवेश के रास्ते को क्यूएटी-92 और 92 बटालियन की डी कंपनी की एक पलटन, जो कि दक्षिण की ओर तैनात थे, द्वारा अवरुद्ध कर दिया गया था, फिर भी आतंकवादियों ने गांव में प्रवेश करने का मन बना लिया था। अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए और हथगोले फेंकते हुए, उन्होंने घेराबंदी तोड़ने का प्रयास किया, जिसका 92 बटालियन के सैन्य दलों ने प्रभावी तरीके से जवाब दिया। आतंकवादी पीछे हट गए और जंगल की ओर भाग गए और चूंकि तेजी से अंधेरा हो रहा था, इसलिए उनका पता लगाना असंभव हो गया था। तथापि, घेराबंदी को बनाए रखा गया। लगभग 2300 बजे, आतंकवादियों ने फिर से घेराबंदी को तोड़ने की कोशिश की और इस बार वे सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए, एक अलग दिशा में चले गए।

लगभग 15 मिनट बाद, सं. 105131194 कांस्टेबल जितुमणि राय को लगा जैसे कोई व्यक्ति 92 बटालियन की घेराबंदी की ओर रेंगते हुए जा रहा है और उन्होंने तुरंत विजय कुमार, सहायक कमांडेंट को संदिग्ध गतिविधि के बारे में सूचित किया। विजय कुमार और जितुमणि राय ने तुरंत ध्वनि की दिशा में चलना शुरू कर दिया, लेकिन जब वे आगे बढ़े, तो आतंकवादी ने कुछ हलचल को भांपते हुए खुद को एक पेड़ के पीछे पोजीशन कर लिया और गोलीबारी शुरू कर दी और साथ ही एक हथगोला फेंका। विजय कुमार और जितुमणि की जोड़ी ने गोलीबारी का जवाब दिया, लेकिन अंधेरे में आतंकवादी की सही स्थिति का पता नहीं चल सका। तथापि, गोलीबारी की आवाज का अंदाजा लगाते हुए और अत्यंत सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए तथा जोखिम का आकलन करते हुए, श्री जितुमणि राय आतंकवादी द्वारा रूक-रूक कर की जा रही गोलीबारी के बावजूद रेंगते हुए बेहतर पोजीशन की ओर चले गए। जितुमणि के आगे बढ़ने से आतंकवादी सतर्क हो गया और उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे उसकी स्थिति भी उजागर हो गई। जितुमणि राय ने भी उतनी ही ताकत से जवाबी हमला किया क्योंकि अब तक वे दुश्मन के काफी करीब पहुंच गए थे। चूंकि, दूसरी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई हो रही थी इसलिए जितुमणि ने विजय कुमार को सूचित किया कि शायद आतंकवादी गोलीबारी में घायल हो गया है। इसके बाद, सैन्य दल रात भर पोजीशन लिए रहे।

सुबह तड़के ही 92 बटालियन, सीआरपीएफ, 47 आरआर और एसओजी हंदवाड़ा की संयुक्त टीम ने क्षेत्र की गहन तलाशी ली, जिसके परिणामस्वरूप एक एके-47 राइफल, चार हथगोले, चार मैगजीन और 7.62 मिमी गोलाबारूद के 30 कारतूसों के साथ एक मारे गए विदेशी मूल के संदिग्ध आतंकवादी का शव बरामद हुआ जो कि उस जगह से 30-35 मीटर की दूरी पर था जहां जितुमणि राय पोजीशन लिए हुए थे। इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार उक्त ऑपरेशन में एक और आतंकवादी के घायल होने की आशंका थी, लेकिन अंधेरे और घने पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर वह बाकी आतंकवादियों के साथ भागने में सफल रहा। मारे गए आतंकवादी का संबंध लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन से था।

इस ऑपरेशन में श्री जितुमणि राय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.07.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 163-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का पंचम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक		
	सर्व/श्री	
1.	राजेश कुमार कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का तृतीय बार
2.	संजय कुमार सेकैंड-इन-कमांड	वीरता के लिए पुलिस पदक का पंचम बार
3.	सिकंदर यादव सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4.	महेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	सुभाष सिंह हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	अखिल दास कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19 जून 2018 को लगभग 1500 बजे जम्मू और कश्मीर (जेएंडके) में जिला-पुलवामा के पुलिस स्टेशन-त्राल के तहत गांव हयूना के एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक विश्वसनीय इनपुट प्राप्त होने पर, सीआरपीएफ की 180

बटालियन, 42 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और स्पेशल आपरेशंस ग्रुप (एसओजी) त्राल द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया गया। श्री सिकंदर यादव, सहायक कमांडेंट की कमान में 180 बटालियन की सी कंपनी, एसडीपीओ की कमान में एसओजी के दल तथा मेजर विनीश नायर की कमान में 42 आरआर की एक टीम गांव हयूना के लिए निकल पड़ीं जो कि त्राल से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित है। लगभग 1545 बजे जब क्षेत्र में घरों की घेराबंदी की जा रही थी, तो फेरन पहने दो युवकों ने एक संदिग्ध घर की खिड़की से भागने की कोशिश की, जिन्हें श्री सिकंदर यादव, सहायक कमांडेंट (आईआरएलए-9742) और उनके साथी नं. 075265828 हेड कांस्टेबल सुभाष सिंह द्वारा चुनौती दी गई, जिससे वे व्यक्ति वापस घर में लौटने के लिए मजबूर हो गए। उसी समय स्थानीय मस्जिदों से घोषणा की जा रही थी जिसमें लोगों से अनुरोध किया जा रहा था कि वे ऑपरेशन स्थल की ओर पहुंच जाय और घेराबंदी को तोड़ने में आतंकवादियों की मदद करें। एक आक्रामक अनियंत्रित भीड़ पहले ही जुट गई थी और सैन्य दलों पर पथराव कर उन्हें घेराबंदी करने से रोकने की कोशिश कर रही थी। लगभग 1600 बजे श्री राजेश कुमार, कमांडेंट 180 बटालियन श्री संजय कुमार, सेकेंड-इन-कमांड की कमान वाली यूनिट क्विक एक्शन टीम (क्यूएटी) के साथ स्थल की ओर चल पड़े, लेकिन उन्हें सड़क पर इन अवरोधों का सामना करना पड़ा और उन पर भारी पत्थरबाजी की गई। तथापि, इन सबका मुकाबला करते हुए वे ऑपरेशन स्थल पर पहुँच गए। स्थिति का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने और सीओ 44 आरआर के साथ चर्चा करने के पश्चात, श्री राजेश कुमार, कमांडेंट 180 बटालियन ने श्री सिकंदर यादव की कमान वाली 180 बटालियन की सी कंपनी तथा संजय कुमार की कमान वाली क्यूएटी/180 बटालियन के सैन्य दलों को लक्षित घर की उत्तरी और पश्चिमी ओर तैनात किया तथा अन्य दो तरफों को 42 आरआर के सैन्य दलों द्वारा भली-भांति कवर किया गया था। लगभग 1630 बजे, सिकंदर यादव ने अपनी टीम के साथ उत्तर दिशा में पड़ोस के घर की तलाशी ली और उसे कब्जे में ले लिया तथा सामरिक तरीके से घर में सेना की टुकड़ियां तैनात कर दी गईं। सभी सैन्य दलों की तैनाती सुनिश्चित करने के बाद संजय कुमार, सेकेंड-इन-कमांड ने लक्षित घर के पीछे की तरफ सेब के बागानों में एक ढ़लान पर यूनिट क्यूएटी के साथ पोजीशन ले ली।

लक्षित घर लगभग 500-600 वर्ग मीटर के एक बाड़ेदार आयताकार परिसर में स्थित था। घर ईंटों से बना हुआ था और एक मंजिला था, जिसमें परिसर के उत्तर-पश्चिमी कोने में पृथक शौचालय ब्लॉक था। घर अखरोट के पेड़ों से घिरा हुआ था, जो घर और इसकी खिड़कियों को कवर करते थे। पूर्व की ओर पिंगलिश-मंदुरा सड़क थी और इस सड़क की विपरीत दिशा में एक पहाड़ी श्रृंखला थी जो सड़क के समानांतर थी। उत्तर की ओर लगभग 30 मीटर दूरी पर इकलौता एक मंजिला घर था, पश्चिमी तरफ छोटे पेड़ों से ढ़की हुई थी और लक्षित घर के पीछे की ओर दक्षिण दिशा में ऊबड-खाबड भूमि पर सेब का बाग था।

लगभग 1645 बजे पुलिस दल द्वारा एक घोषणा की गई, जिसमें आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। घोषणा के जवाब में उत्तरी दिशा से अचानक एके राइफल से गोलियों की बौछार हुई, जिसने आतंकवादियों की मंशा को साफ कर दिया और इसमें 42 आरआर का एक नायक भी घायल हो गया, जिसे उसकी दाहिनी कलाई में गोली लगी। सिकंदर यादव और सुभाष सिंह ने समय बर्बाद किए बिना, घायल जवान को बाहर निकालने के लिए कवर गोलीबारी प्रदान की और प्राथमिक उपचार के बाद संजय कुमार ने उसे अस्पताल भेज दिया। बंदूक की एक भयंकर लड़ाई शुरू हो गई, जिसमें आतंकवादी कई दिशाओं से एक साथ गोलीबारी कर रहे थे। आतंकवादियों ने सुरक्षित और मजबूत पोजीशन ली हुई थी, जिससे सुरक्षा बलों के किसी भी हमले का उन पर कोई असर नहीं हो रहा था। सायं हो रही थी और रात में आतंकवादियों के भागने के लिए बेहतर विकल्प थे। राजेश कुमार, कमांडेंट ने अन्य बलों के साथ परामर्श करके एक चार सदस्यीय टीम का गठन करने का निर्णय लिया। श्री राजेश कुमार ने तुरंत कार्रवाई की और अपनी अगुआई में एक चार सदस्यीय फ्लेम थ्रोअर टीम का गठन किया, जिसमें उनके साथी 041739322 कांस्टेबल अखिल दास, संजय कुमार और उनके साथी 991440183 हेड कांस्टेबल महेन्द्र सिंह शामिल थे। लक्षित घर ऊंचाई पर था और सुरक्षा बल लगभग ढ़लान पर तैनात थे, जिससे कठिनाई और भी ज्यादा हो गई थी। किसी भी उचित कवर के बिना कोई भी कदम गंभीर जोखिम के साथ भरा हुआ था क्योंकि आतंकवादी बलों की हर गतिविधि को देख सकते थे। राजेश कुमार, कमांडेंट अपनी खुद की अगुआई में, टीम केवल एक सामरिक बुलेट प्रूफ शील्ड के साथ नाममात्र का कवर लेते हुए लक्षित घर के पीछे की ओर से चल पड़ी और उसने लक्षित घर से सटे शौचालय ब्लॉक के पास पोजीशन ले ली। ऐसे प्राकृतिक कवर के अभाव में जहां से लक्षित घर पर ईंधन का छिड़काव किया जा सकता, राजेश कुमार और उनके साथी ने खिड़की के शीशों को आग से चकनाचूर कर दिया, तथा संजय कुमार और उनके साथी द्वारा प्रदान की जा रही कवर गोलीबारी की सहायता से टूटी हुई खिड़कियों के रास्ते ईंधन छिड़क दिया। सैनिकों की अत्यंत पास में गतिविधि को भांपकर, आतंकवादियों ने खिड़कियों से फ्लेम थ्रोअर टीम की दिशा में 02 हथगोले फेंके। इस हरकत का अुनमान लगाकर टीम ने पहले ही सुरक्षित पोजीशन ले ली थी। इसके बाद, राजेश कुमार अपने साथी के साथ रेंगते हुए घर के पास गए और कुछ मोलोटोव कॉकटेल फेंके, जिससे घर के एक हिस्से में आग लग गई। इसके बाद दोनों रेंगते हुए वापस आ गए और उन्होंने चतुराईपूर्वक उत्तर-पश्चिम दिशा में पोजीशन ले ली। संजय कुमार ने अपने साथी के साथ खुद को लक्षित घर के पश्चिम में पोजीशन किया। लगभग 1800 बजे, भागने के प्रयास में आतंकवादियों ने, विध्वंस टीम की ओर एक ग्रेनेड फेंका, जिससे राजेश कुमार को उनके बाएं हाथ की उंगलियों में छर्रे की चोटें आईं। लेकिन राजेश कुमार, कमांडेंट अडिग रहे और पूरी तरह से नियंत्रण रहे और अपनी पोजीशन पर डटे रहे और उन्होंने अपने साथी के साथ गोलीबारी का जोरदार तरीके से जवाब दिया।

इस बीच भीषण आग ने घर को घेर लिया; असहनीय गर्मी को सहना मुश्किल पाकर, लगभग 1810 बजे, एक आतंकवादी सिकंदर यादव और उनके साथी सुभाष सिंह, जो कि खुद को लक्षित घर से लगभग 30 मीटर दूर पोजीशन किए हुए थे, की दिशा में एक हथगोला फेंककर और गोलीबारी करते हुए, जलते हुए घर से बाहर कूद गया। उन दोनों ने गोलियों की बौछार से इसका जवाब दिया और पहले आतंकवादी को मार गिराया। लगभग 1820 बजे, बचे हुए आतंकवादियों द्वारा लक्षित घर के पीछे की ओर की खिड़कियों से एक के बाद एक कुछ दूरी पर 03 और हथगोले फेंककर भागने का एक और प्रयास किया गया जो कि जोर से फट गए। इसके साथ ही, उनमें से एक ने ग्रेनेड विस्फोट के कारण पैदा हुये धुएं और धूल का फायदा उठाकर भागने के प्रयास में राजेश कुमार, कमांडेंट और उनके साथी की दिशा में गोलियों की बौछार कर दी। इन तमाम कोशिशों के बावजूद राजेश कुमार और उनके साथी अखिल दास ने हमले का सामना किया और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना जोखिम की परवाह न करते हुए, अपने कवर से बाहर आए और आगे बढ़ते हुए आतंकवादी पर गोलीबारी करके उसे मार गिराया। धूल और धुएं का कवर लेकर, तीसरा आतंकवादी भी खिड़की से कूद गया और उसने खुद को लक्षित घर के पीछे 5 फीट ऊंचे स्थान पर रखी ईंटों के एक छोटी ढ़ेर के पीछे पोजीशन कर लिया, और वह उस दिशा की ओर बढ़ा जहां संजय कुमार ने अपने साथी महेन्द्र सिंह के साथ मिलकर पोजीशन ली हुई थी। आतंकवादी की बेहतर पोजीशन होने के कारण, ढ़लान से उस पर निशाना लगाना मुश्किल था। संजय कुमार को इस तरह के कई ऑपरेशनों का अनुभव था और उनके पास कुशल सामरिक कौशल था। भारी गोलीबारी के भीतर आने के बावजूद, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री संजय कुमार ने अपने साथी को आतंकवादी की दिशा में गोलीबारी करने को निदेश दिया ताकि उसे रोका जा सके और वे खुद को चतुराईपूर्वक बेहतर पोजीशन में ले गए जो कि आतंकवादी से लगभग 20 मीटर की दूरी पर थी। यह एक बहुत ही साहसिक और नापी-तोली चाल जोखिमभरी थी, जबकि अधिकारी आगे बढ़ रहे थे, आतंकवादी ने गोलियों की बौछार कर दी और एक गोली उनके ऊपरी धड़ में धंस गई। गंभीर रूप से घायल होने और तेजी से खून बहने के बावजूद, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना और अनुकरणीय फील्ड कौशल का प्रदर्शन करते हुए वे रेंगते हुए उपयुक्त पोजीशन में आ गए और उन्होंने आतंकवादी को उलझाकर एक रोंगटे खड़े कर देने वाली नजदीकी लड़ाई के बाद आतंकवादी का मार गिरा दिया। जब लक्षित घर से कोई और हलचल नहीं हुई, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ प्रोबिंग शॉट्स दागे गए कि अंदर कोई और आतंकवादी तो नहीं बचा है। आतंकवादी का खात्मा करने के बाद, अत्यंत साहस और चतुराई का प्रदर्शन करते हुए, संजय कुमार रेंगते हुए एक सुरक्षित पोजीशन में वापस आ गए, जहां उनके साथी महेन्द्र सिंह ने उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया, जिसके बाद उन्हें 92 बेस अस्पताल, श्रीनगर ले जाया गया।

क्षेत्र की तलाशी लेने पर मारे गए तीन आतंकवदियों के शव बरामद हुए, जिनकी पहचान अबू बकर उर्फ कासिम भाई, दक्षिण कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर, ए++ श्रेणी, निवासी-पाकिस्तान, जैश-ए-मोहम्मद संगठन के दानीश खालिक डार, निवासी-पिंगलिश, त्राल, सी श्रेणी और आदिल अहमद लोन निवासी-मीडोरा, त्राल के रूप में हुई। बरामद किए गए सामान में अन्य आपराधिक सामग्री के अलावा एक एके-47 राइफल और मैगजीन सहित दो पिस्तौल और संबंधित गोला-बारूद शामिल थे।

यह ऑपरेशन पेशेवरता, सामरिक कौशल और कौशल की परीक्षा थी। श्री राजेश कुमार, कमांडेंट-180 ने सामने से नेतृत्व करने का फैसला करने, अपने साथियों के साथ खुद को भारी जोखिम में डालने और उनमें साहस और अत्यधिक विश्वास भरने में अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया। चूंकि, वे जैश-ए-मोहम्मद के सबसे प्रशिक्षित और खूंखार आतंकवादी अबू बकर का सामना कर रहे थे, ऐसे में भारी विपत्ति और निश्चित रूप से मौत के सामने सर्वाधिक जोखिमपूर्ण कार्य अपने हाथ में लेकर उन्होंने खुद भी अद्वितीय साहस और सच्ची वीरता दिखाई। श्री संजय कुमार, सेकेंड-इन-कमांड ने वीरता के लिए अनेक उपलब्धियां हासिल करने वाले एक साहसिक और निडर अधिकारी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन किया, वे खतरे के सबसे ज्यादा नजदीक गए और गंभीर रूप से घायल और दर्द में होने के बावजूद एक नजदीकी लड़ाई में आतंकवादी का खत्मा करने में सफल रहे। हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह और कांस्टेबल अखिल दास दोनों ने साक्षात मौत के सामने अनुकरणीय धीरज और संयम का प्रदर्शन किया और अपने कमांडरों के साथ मिलकर उन्हें सौंपे गए कार्यों को पूरा किया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री राजेश कुमार, कमांडेंट, संजय कुमार, सकेंड-इन-कमांड, सिकंदर यादव, सहायक कमांडेंट, महेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल, सुभाष सिंह, हेड कांस्टेबल और अखिल दास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19/06/2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 164-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारी को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारी के नाम और रैंक

श्री अंकेश संगमा,
सहायक उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

19 अक्टूबर, 2018 को, पुलिस स्टेशन और जिला-बारामूला के तहत पुराने संयुक्त पूछताछ केंद्र (जेआईसी) क्रालहर में नियमित नाका ड्यूटी के लिए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) बारामूला के साथ नंबर 841161461 उप निरीक्षक सी राजेंद्रन के नेतृत्व में 53 बटालियन की सी-कम्पनी की एक पार्टी को नियमित तैनात किया गया था। उन्होंने अपने जवानों को एसओजी कर्मियों को सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए निर्देश दिया जो वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी लेने के लिए तैनात किए गए थे। लगभग 1330 बजे, जेके-01-एल-5792 नंबर की एक काले रंग की स्कॉर्पियो श्रीनगर की तरफ से आ रही थी, जिसे नाका पार्टी ने औचक तलाशी के लिए रोका। इसमें दो पुरुष यात्री थे, जिनमें से एक सह-चालक की सीट पर बैठा था और दूसरा दो महिला यात्रियों के साथ चालक के ठीक पीछे बीच वाली सीट पर बैठा था। वाहन के पीछे दो और महिला यात्रियों को बैठाया गया था। जिस क्षण यह वाहन रूका, तो उन सभी को सिविल पुलिस कर्मियों द्वारा नीचे उतरने का निर्देश दिया गया। महिला यात्री अचानक वाहन से नीचे उतरी और बचाव के लिए अलग-अलग दिशाओं की ओर दौड़ पड़ी। पार्टी कमांडर सं.841161461 उप निरीक्षक सी. राजेंद्रन को किसी अनुचित घटना का आभास होने पर उन्होंने तुरंत नाका पर तैनात सभी कर्मियों को सतर्क कर दिया। सं.065211038 कांस्टेबल साबले ध्यानेश्वर श्रीराम, जिन्हें तलाशी दल को सुरक्षाकवर प्रदान करने का काम सौंपा गया था, को संदेह हुआ कि कुछ गड़बड़ी हुई है इसलिए वे वाहन के समीप आ गए। सह-चालक की सीट पर बैठे आतंकवादी को उतरने के लिए कहा गया। यह जानकर कि वह घिर चुका है, वह अनिच्छा से वाहन से नीचे उतर गया। उसके पैरों के पास एक टाट की थैली रखी हुई थी, जहाँ वह बैठा था। सं.880899298 सहायक उप निरीक्षक अंकेश संगमा भी, जो ड्राइवर की तरफ वाहन के समीप आ चुके थे, ने अपनी सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए तुरंत गाड़ी की चाबी निकाल कर अपने पास रख ली। इसी बीच पुलिस पार्टी ने आगे बैठे उस यात्री से बोरी को खोलने को कहा। अचानक, एक पल में उसने अपनी जैकेट से एक पिस्तौल निकाली और वाहन की तलाशी ले रहे सिविल पुलिस के कांस्टेबल पर गोलियां चला दीं। कांस्टेबल की तीव्र शारीरिक हरकत से लक्ष्य पर दुश्मन की गोली का निशाना चूक गया। हालांकि, उसने गोली चलाना जारी रखा। उस समय तक कांस्टेबल साबले ध्यानेश्वर श्रीराम भी गाड़ी के नजदीक आ गए थे और उन पर भी आतंकवादी द्वारा फायर किया गया। त्वरित प्रतिक्रिया, साहस और एक प्रशिक्षित सैनिक के कौशल का प्रदर्शन करते हुए उसने चकमा देते हुए आतंकवादी पर गोलियां चला दी। उप निरीक्षक सी. राजेंद्रन, उनके साथी नं. 041702925 कांस्टेबल प्रणब कलिता और सिविल पुलिस के कांस्टेबल, जो अभी तक स्थिति को भांप गए थे, ने भी गोलियां दाग दी, जिससे सुरक्षाकर्मियों या आम नागरिकों की जान बचाई जा सकी। इसी बीच स्कार्पियो का चालक वाहन से उतर गया और उसी दिशा में भागने लगा, जिस रास्ते से वे आए थे। सहायक उप निरीक्षक अंकेश संगमा जो पहले ही 30 साल का लम्बा सेवाकाल पूरा कर चुके थे, असाधारण कुशलता का प्रदर्शन करते हुए युवा और बहुत अधिक चुस्त चालक का पीछा करते हुए उसे पकड़कर पार्क किए हुए बीपी बंकर में ले आए। इसी बीच, बीच में बैठा पुरुष गाड़ी से नीचे उतर गया और दाईं ओर रोड़ से नीचे भागा। भागते हुए उसने अपनी एके-राइफल से फायरिंग की और साथ ही साथ कर्मियों को पीछा करने से रोकने के लिए ग्रेनेड भी फेंकता रहा। अंकेश संगमा द्वारा भागते हुए आतंकवादी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। आतंकवादी रिहायशी इलाके की एक संकरी गली में घुस गया और कांस्टेबल सबल ध्यानेश्वर श्रीराम भी तेजी से उसका पीछा करता रहा और उप निरीक्षक सी. राजेन्द्रन एवं कांस्टेबल प्रणब कलिता उसके पीछे साथ-साथ भागते रहे। ग्रेनेड विस्फोट की आवाज ने बीके बंकर की सुरक्षा में तैनात सं. 065160641 कांस्टेबल दविंदर कुमार को सर्तक कर दिया। अंकेश संगमा को गिरफ्तार चालक की देखभाल करने के लिए कहते हुए, वह नीचे उतरे और आतंकवादी को पकड़ने में फायर कवर व सहायता देने के लिए अपने साथियों के पीछे भागे। आतंकवादी ने ज्यादा भागने की डर से एक घर के चारों ओर लगी टिन की चादर की बाड़ में घुसने का प्रयास किया, लेकिन वह टिन की बाड़ को पार करने में असफल रहा। जब वह दूसरी दिशा में भागने के लिये मुड़ा तो वह पहले से ही चारों ओर से घिर चुका था। कांस्टेबल ध्यानेश्वर साबले की अगुवाई वाली पीछा करने वाली पार्टी आतंकवादी के काफी नजदीक थी और उन्होंने अपनी आड़ अख्तियार कर ली। साबले ध्यानेश्वर श्रीराम और दविंदर कुमार ने दाईं ओर को कवर किया, एसओजी कर्मियों ने सामने से पोजीशन ली और सी. राजेन्द्रन एवं प्रणब कलिता ने उन्हें बाईं ओर से कवर किया था और उनके पीछे गेट लगा भवन था। हताशा में, आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलाबारी की। पीछा करने वाली पार्टी ने सटीकता के साथ जवाबी कार्रवाई की और फायरिंग कौशल का प्रदर्शन करते हुए आतंकवादी को मार गिराया।

ऑपरेशन में सैनिकों ने असाधारण सूझबूझ, असाधारण सजगता, दृढ इच्छाशक्ति और एक प्रशिक्षित सैनिक के कौशल का प्रदर्शन किया और प्रतिकूल स्थिति में उन्होंने संयम रखा, जिससे अप्रत्याशित रूप से आतंकवादियों के आमने-सामने होने पर भी मुठभेड़ में सफलता पाई। ऐसा करने में उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि बल का मान और नैतिकता को ध्यान में रखते हुए किसी समानान्तर क्षति या मानवाधिकारों के उल्लंघन के बिना यह एक बेदाग ऑपरेशन बने।

मारे गए दोनों खूंखार आतंकवादी फेजान और वाहेब की पहचान जैश ए मुजाहिदीन संगठन के ए+श्रेणी के पाकिस्तानी मूल के आतंकवादियों के रूप में हुई। मैगजीन के साथ एक एके-47 राइफल, उन्नीस 7.62 एमएम गोलियां, छह पत्रिकाओं के साथ दो चीनी पिस्तौल, 9 एमएम गोला-बारूद की 52 गोलियां, एक यूबीजीएल, दो यूबीजीएल ग्रेनेड और तीन चीनी हैंड ग्रेनेड उनके कब्जे से बरामद किए गए। स्पष्ट रूप से शीघ्र ही कुछ गंभीर आतंकवादी कार्रवाई को अंजाम दिया जाना था, जिसे सैनिकों द्वारा प्रदर्शित सूझबूझ और अनुकरणीय वीरता के कारण विफल कर दिया गया। यह बिना किसी समानस्तर क्षति के एक बेदाग ऑपरेशन था, जिसमें बल का मान और नैतिकता को उँचा बनाए रखने के साथ-साथ मानवाधिकारों के प्रति सजगता बनाए रखी गई।

इस ऑपरेशन में श्री अंकेश संगमा, सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किया जाता है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.10.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 165-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक प्रथम बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	बाल किशन यादव, सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
2.	पॉल एल कुंगटे, उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
3.	प्रकाश पासवान, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	राजपाल, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	सुशील कुमार, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

06 मई 2018 को लगभग 0330 बजे, नगाबल के समीप ग्राम-बडिगम में कुछ प्रमुख आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एसएसपी शोपियां से एक विश्वसनीय खुफिया सूचना मिलने पर, एसएसपी शोपियां, कमान अधिकारी 44 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और कमांडेंट 14 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त कॉर्डन एवं सर्च ऑपरेशन (सीएएसओ) की एक योजना बनाई। लगभग 0400 बजे, 44 आरआर और स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी), जेकेपी इमाम साहिब की एक छोटी टुकड़ी ने लक्ष्य क्षेत्र के लिए प्रस्थान किया और तलाशी से पूर्व 2-3 मकानों की घेराबंदी की। लक्ष्य मकानों की बार-बार तलाशी का भी काई परिणाम नहीं मिला। हालांकि, प्राप्त सूचना की असाधारण विश्वसनीयता होने के कारण टुकड़ियां निरंतर तलाशी करती रहीं। एक मकान की तलाशी करते समय, टुकड़ी का ध्यान एक असामान्य रूप से मोटी दीवार पर गया। सावधानीपूर्वक दीवार की ओर चलते हुए पार्टी ने दीवार की ईंटों को हटाने की कोशिश की। यह भांपते हुए कि तलाशी टुकड़ी को कुछ गड़बड़ी की आशंका हो रही है। घर के मालिक ने तलाशी टुकड़ी को गुमराह करने की कोशिश की। हालांकि, टुकड़ियों ने तलाश जारी रखने पर जोर दिया। जैसे ही कुछ ईंटों को हटाया गया, तलाशी टुकड़ी पर गोलियों की बौछार कर दी गई। इस प्रारंभिक आपसी गोलीबारी में तलाशी टुकड़ी के दो सैनिक घायल हो गए, हालांकि इससे दुश्मन की पोजीशन का पता लग गया। आतंकवादियों के स्थान का पता चल जाने की जानकारी सभी संबंधितों को दी गई और सहायता के लिए अतिरिक्त जवानों को बुलाया गया। जल्द ही, 14वीं बटालियन की एफ कम्पनी के साथ श्री बाल किशन यादव, सहायक कमांडेंट, बी कम्पनी की आतंकविरोधी (सीटीटी) टीम और एसओजी, जेकेपी, जैनापोरा लक्ष्य गांव पहुँचे और आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए उन्होंने आंतरिक घेराबंदी तैयार की।

अन्य बलों से भी सहायता के लिए अतिरिक्त टुकड़ियां मौके पर पहुंच गई और उन्होंने आंतरिक घेराबंदी को मजबूत बना दिया गया। खुद को पूरी तरह से घिरा पाकर, आतंकवादियों ने आंतरिक घेराबंदी में तैनात बलों पर भारी गोलाबारी की। कुछ समय के लिए आपसी गोलाबारी जारी रही; फिर जब कुछ समय के लिए गोलाबारी रूकी तो सार्वजनिक संबोधन प्रणाली पर आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। आतंकवादियों ने इसे नजरअंदाज किया और अपनी पोजीशन को उजागर करते हुए गोलियां चला दीं। आंतरिक घेराबंदी में सामरिक रूप से तैनात बाल किशन यादव और उनकी टुकड़ी ने आतंकवादियों का पता लगा लिया और भारी गोलाबारी के साथ जवाबी कार्रवाई की, जिससे उग्रवादियों और सुरक्षाबलों के बीच भारी गोलाबारी का एक और दौर शुरू हो गया। इस भारी आपसी गोलाबारी से लक्ष्य मकान में आग लग गई, जिससे कुछ समय के लिए आतंकवादियों को बाहर निकाल दिया गया। बाल किशन यादव ने मौके का फायदा उठाते हुए नंबर 130140059 सब इंस्पेक्टर पॉल कुंगटे और उनके साथी नंबर 145313559 कांस्टेबल प्रकाश पासवान को निर्देशित किया कि वे आगे बढ़ें और लक्ष्य मकान के करीब अपनी पोजीशन लें, जबकि वे अपने साथी नं.115071202 कांस्टेबल सुशील कुमार और नं.125233267 कांस्टेबल राजपाल के साथ रेंगते हुए इमारत के करीब पहुँचे और आतंकवादियों के संभावित भागने के रास्ते की ओर उन्होंने अपनी पोजीशन ले ली। जलते मकान से भागने के लिए मजबूर होकर, एक आतंकी आंतरिक घेराबंदी पर अंधाधुंध फायरिंग करते हुए खिड़की से बाहर कूद गया, जबकि उसका साथी उसे कवरिंग फायर दे रहा था। बाल किशन यादव और सुशील गोलियों की तड़तड़ाहट से बाल-बाल बच गए, तथापि शीघ्र ही उन्होंने संभलकर और अत्यंत सावधानी बरतते हुए भागते हुए आतंकवादी पर करीब से फायर कर उसे मार दिया। इस बीच, पॉल कुंगटे और उनका साथी प्रकाश पासवान ने मकान के किनारे से गोलीबारी करते आतंकवादी को अपनी सटीक गोलाबारी की बौछार के साथ उलझाए रखा। वह शायद लगातार हमले से बच नहीं सका और मारा गया। तीसरे आतंकवादी जो अभी भी जलते हुए मकान के भीतर फंसा हुआ था, ने आंतरिक घेराबंदी में तैनात जवानों पर फायरिंग जारी रखी। जो चारों ओर फैली आग की लपटों का सामना करने में असमर्थ आतंकवादी ने मकान से बाहर निकलकर और सभी दिशाओं में अंधाधुंध फायरिंग करते हुए बच निकलने का अंतिम प्रयास किया। लेकिन बाल कृष्ण और आंतरिक घेराबंदी में तैनात अन्य टुकड़ियों द्वारा उस पर गोलाबारी कर दी गई। जब लंबे समय तक कोई हरकत नहीं हुई, तो फायर ब्रिगेड द्वारा आग बुझाई गई। एसओजी, आरआर और सीआरपीएफ की एक संयुक्त टीम ने घर के साथ-साथ पूरे इलाके की तलाशी की गई, जिसके परिणामस्वरूप मारे गए पांच आतंकवादियों के शवों की बरामदगी मकान के भीतर और बाहर से हुई थी।

मारे गए आतंकवादी हिजबुल मुजाहिद्दीन आतंकवादी संगठन से संबद्ध थे, जिनकी पहचान सदाम अहमद राथर उर्फ हिबजुल मुजाहिद्दीन का जैद ए++ श्रेणीकृत, निवासी-हेफ शोपियां, आदिल अहमद मलिक उर्फ सलाउद्दीन, निवासी-मलिकगुंड, शोपियां, ए++ श्रेणीकृत, तौसीफ अहमद शेख निवासी-रामपुरा, काइमोह, कुलगाम, ए++ श्रेणीकृत, बिलाल अहमद उर्फ वालीद निवासी-हेफ शोपियां बी श्रेणीकृत और मो. रफी भट्ट निवासी-चंद, गंदाबल, सी-श्रेणीकृत के रूप में की गई थी। बरामदगी में तीन एके-47 राइफल, एक एके-56 राइफल, एक पिस्तौल मैगजीन और अन्य आपराधिक सामग्री के अलावा संबंधित गोला बारूद शामिल थे।

ऑपरेशन में, श्री बालकिशन यादव, सहायक कमाडेंट ने अपने टुकड़ियों की अगुवाई की तथा अपने लोगों को एकजुट रखने में नेतृत्व गुणों, दृढ़ता और सूझबूझ का प्रदर्शन किया क्योंकि आतंकवादी सुरक्षा बलों को चकमा देते रहे। उप निरीक्षक पॉल कुंगटे, कांस्टेबल सुशील कुमार, कांस्टेबल प्रकाश पासवान और कांस्टेबल राजपाल ने असाधारण वीरता, सामरिक कौशल, निर्बाध धैर्य और कर्तव्यों के प्रति समर्पित भाव का प्रदर्शन किया और दुश्मनों को आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई में घेरे रखा, जिसके परिणामस्वरूप पांच खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया।

इस अभियान में सर्व/श्री बाल किशन यादव, सहायक कमांडेंट, पॉल एल कुंगटे, उप-निरीक्षक, प्रकाश पासवान, कांस्टेबल, राजपाल, कांस्टेबल और सुशील कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.05.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 166-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. हरि शंकर शुक्ला,
सहायक कमांडेंट

2. हरीश कुमार,
हेड कांस्टेबल

3. सुनील कुमार,
कांस्टेबल

4. कंकन दास,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

ग्राम किलोरा, पुलिस थाना एवं जिला शोपियां में 07-08 आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में 03 अगस्त 2018 को, लगभग 1700 बजे सिविल पुलिस से एक विश्वसनीय खुफिया सूचना प्राप्त होने पर, 14 बटालियन सीआरपीएफ की काउंटर टेररिज्म टीमें (सीटीटी)-ए और सी की टुकड़ियों, शोपियां में तैनात स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और 44 राजपुताना राइफल्स (आरआर) की टुकड़ियों द्वारा संयुक्त रूप से कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन (सीएएसओ) की एक योजना बनाई गई। तदनुसार, 1830 बजे के आसपास ग्राम किलोरा में लगभग 7-8 संदिग्ध घरों की संयुक्त टुकड़ियों द्वारा घेराबंदी की गई। सीटीटी की ए और सी टुकड़ियों को लगभग 25 मीटर की दूरी पर कम पानी वाले नाले के पूर्वोत्तर में तैनात किया गया और 44 आरआर की टुकड़ियों ने खुद को दक्षिण-पूर्व की ओर संदिग्ध घरों से लगभग 10 मीटर की दूरी पर तैनात किया। एसओजी की टुकड़ियों ने दक्षिण से पश्चिम की ओर स्थिति संभाली। इसके बाद, आरआर टुकड़ियों ने संदिग्ध घरों में तलाशी अभियान शुरू किया। टुकड़ी ने दूर से ही तलाशी शुरू की और जैसे ही वे उस घर के पास पहुंचे, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, उनमें से तीन आतंकवादी घर से बाहर निकल गए और बचने के लिए चुपके से नाले की ओर चले गए। प्रत्येक दो सदस्यों वाली दो टीमों, जिनमें पहली टीम में श्री हरि शंकर शुक्ला, सहायक कमांडेंट, सीटीटी-सी के प्रभारी और साथी जवान सं.06526866 कांस्टेबल सुनील कुमार तथा दूसरी टीम में नं. 115080513 हेड कांस्टेबल हरीश कुमार और उनके साथी जवान सं. 115139109 कांस्टेबल कंकन दास शामिल है, ने खुद को नाले के पीछे बहुत चतुराई से तैनात किया और दूसरी तरफ की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रख रहे थे। अचानक, हरि शंकर शुक्ला और साथी जवान सुनील कुमार ने संदिग्ध गतिविधि को भांप लिया और उन्हें ललकारा। आतंकवादियों को इस प्रकार किसी भी प्रतिरोध की उम्मीद नहीं थी और उन्होंने, खुद को उजागर हो जाने पर सैनिकों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। आपसी फायरिंग में, 44 आरआर के एक जवान को गोली लग गई। सहयोगी को लगी गोली को देखकर हरि शंकर शुक्ला और उनके साथी जवान सुनील कुमार ने आक्रामक रूख अख्तियार कर अपनी पोजीशन से बाहर आकर भाग रहे आतंकवादियों पर गोली चलाई। आपसी फायरिंग कुछ मिनटों तक चली, लेकिन दोनों की वीरता और निडरता से यह सुनिश्चित हो सका कि उन तीन आतंकवादियों में से एक को मौके पर ही मार दिया गया, जबकि अन्य दो मौके का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हुए। इसके बाद, हरि शंकर शुक्ला और सुनील कुमार दोनों द्वारा कवरिंग फायर देते हुए आरआर के घायल जवान को सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया गया। उस समय तक अंधेरा होना शुरू हो गया था, इसलिए कमांडेंट 14 बटालियन, सीआरपीएफ, 44 आरआर के कमांडिंग ऑफिसर और एसपी शोपियां ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि ऑपरेशन को कुछ समय के लिए स्थगित किया जाए और अगले दिन सुबह उजाला होने पर पुन शुरू किया जाए। इसी बीच, अतिरिक्त जवान वहां पर पहुंचे और आगे की घेराबंदी सुरक्षा को और मजबूत किया गया। फायरिंग में आरआर का एक जवान घायल हो गया। जब तलाशी टुकड़ी ने संदिग्ध मकान की ओर पहुंचना शुरू किया, तो 03 अज्ञात आतंकवादी मकान के पीछे की ओर से संदिग्ध घर से सटे नाले की ओर भाग गए। आतंकवादी चुपके से भाग गए और उन्होंने आंतरिक घेराबंदी वाली टुकड़ियों को चकमा देने की कोशिश की, हालांकि उनकी गतिविधियों को आंतरिक घेराबंदी में तैनात सीटीटी-ए और सीटीटी-सी टुकड़ियों के सैनिकों ने देख लिया, जिन्होंने आतंकवादियों को ललकारा। अगली सुबह लगभग 0530 बजे आरआर, एसओजी और सीटीटी-सी के सैनिकों की एक संयुक्त तलाशी पार्टी ने ट्रैकर कुत्ते की मदद से क्षेत्र की तलाशी शुरू की। जब वे भीतरी घेराबंदी के अंदर के एक संदिग्ध मकान के पास पहुंचे तो कुत्ते ने भौंकना शुरू कर दिया। दहशत में छिपे आतंकवादियों ने तलाशी टुकड़ी पर गोलियां बरसाईं, लेकिन कुत्ता और उसका हैंडलर बच निकलने में मुश्किल से कामयाब हो गये। तलाशी टुकड़ियों, ने शीघ्र ही अपनी पोजीशन को बदला और नई पोजीशन ले ली। चूंकि संदिग्ध मकान की पहचान होने पर, टुकड़ियों द्वारा राइफल और यूबीजीएल से अंधाधुंध फायरिंग की गई। अंधाधुंध फायरिंग से मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे आतंकवादियों को मकान से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा। सभी दिशाओं में अंधाधुंध फायरिंग करते हुए क्षतिग्रस्त मकान की टूटी खिड़कियों से चार आतंकवादी कूद गए। भागने की फिराक में दो आतंकी नाले की ओर रुक-रुक कर फायर करते हुए भागे, जहां सीटीटी टुकड़ियां तैनात थी। हरि शंकर शुक्ला और सुनील कुमार की जोड़ी तथा हरीश कुमार और कंकन की दूसरी जोड़ी ने भागते हुए आतंकवादियों को देख लिया और उन पर फायरिंग की गई। वे नाले में कूद गए और उपर्युक्त पार्टी के साथ लगभग आमने-सामने आ गये। हरी शंकर शुक्ला और उनके साथी सुनील कुमार ने प्राकृतिक मैदान की आड़ ली, तथा दुश्मन को धोखा देने, आश्चर्य चकित करने और दुश्मन की पोजीशन को बेहतर समझने के लिए पास के पेड़ों की ओर रेंगकर गये। हालांकि, आतंकवादियों ने उन्हें देख लिया और गोलियां चला दीं। इनको किसी भी हालत में नहीं छोड़ने के लिए, दोनों ने अपनी पोजिशन बदल दी और आतंकवादियों पर भारी गोलाबारी की। उनमें से एक मारा गया था, लेकिन दूसरा आतंकवादी हरीश

कुमार और उसका साथी कंकन दास की ओर भागा। यह वह अवसर था, जिसकी वे प्रतीक्षा कर रहे थे। दोनों ने अपने रास्ते पर भागते हुए आतंकवादी को देख लिया और उन्होंने अदभुत वीरता का प्रदर्शन करते हुए एवं असाधारण दृढ़ निश्चय के साथ आतंकवादी पर गोलीबारी की और उसे मार गिराया। अन्य दो आतंकवादी उस ओर भागे, जहाँ सेना और एसओजी तैनात थे। भारी गोलीबारी के बाद दोनों आतंकवादियों को अन्य बलों द्वारा मार गिराया गया। इस क्षेत्र की तलाशी करने पर पांच आतंकवादियों के शवों की बरामदगी की गई, जो उमर नजीर मल्लिक लश्कर-ए-तैयबा (श्रेणी-बी) पुत्र श्री नजर अहमद मल्लिक निवासी-मलिक गुण्ड किल्लोरा, पुलिस स्टेशन एवं जिला शोपियां, अजाज अहमद पॉल, अल-बदर मुजाहिद्दीन (श्रेणी-सी) पुत्र श्री अ. राशिद, पुलिस स्टेशन एवं जिला शोपियां, अर्शीद खान, हिब्बजुल मुजाहिद्दीन (श्रेणी-सी) पुत्र श्री अब्दुल राशिद खान निवासी-गनोवपोरा, पुलिस स्टेशन एवं जिला शोपियां, शेख वकार असलम उर्फ टीपू सुल्तान, अल-बदर मुजाहिद्दीन (श्रेणी-सी) पुत्र श्री मोहम्मद असलम शेख निवासी मल्लिक गुंड किल्लोरा, पुलिस स्टेशन एवं जिला-शोपियां, आरिफ अहमद मीर, लश्कर ए तैयबा (श्रेणी-सी) पुत्र श्री अब्दुल रहमान मीर, निवासी-येन्नर (पहलगाम), जिला-अनंतनाग, जम्मू और कश्मीर के तौर पर पहचाने गए थे। यह ऑपरेशन 04 अगस्त को लगभग 0855 बजे यानि कि दूसरे दिन सुबह समाप्त हुआ। घटना स्थल से 1 एके 47 राइफल, 2 एके 56 राइफल, एक 9 एमएम एके राइफल और 1 चीनी पिस्तौल सहित इनसे जुड़ा गोला-बारूद और अन्य आपरीधिक सामग्री बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में, श्री हरि शंकर शुक्ला, सहायक कमांडेंट ने अपनी लड़ाकू टुकड़ियों को तैनात करते हुए, अनुकरणीय नेतृत्व हुनर, चतुर सामरिक कौशल और परिस्थिति की बेहतर समझ होने का परिचय दिया। वह न केवल आगे से नेतृत्व कर रहे थे बल्कि यह सुनिश्चित भी किया कि कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल हरीश कुमार और कांस्टेबल कंकन दास ऑपरेशन के दौरान धैर्य को न खो सके है और वे आपरेशन के दौरान उनका हौसला अफजाई भी करते रहे। इस प्रकार की परिस्थिति में ये जवान अपने अधिकारी के साथ खड़े रहे और इनकी असाधारण बहादुरी, अदम्य साहस के प्रदर्शन और दृढ़ निश्चय ने आतंकवादियों का सफाया सुनिश्चित करवाया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री हरि शंकर शुक्ला, सहायक कमांडेंट, हरीश कुमार, हेड कांस्टेबल, सुनील कुमार, कांस्टेबल और कंकन दास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.08.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 167-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	स्व. वीर सिंह, हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
2.	स्व. सतीश चंद, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3.	नंदलाल राम, उप-निरीक्षक	वीरता के लिए पुलिस पदक
4.	गुलविन्दर सिंह, हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
5.	यशवंत कुमार सिंह, कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	सोम राज कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

25 जून 2016 को, 161 बटालियन के 75 कार्मिकों की एक टोली लेथपोरा से चार वाहनों में श्रीनगर जा रहे थे। राजमार्ग पर भारी यातायात होने के कारण वाहन धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। जैसे ही फ्रेस्बल, पम्पोर में एक मस्जिद के सामने वाहन पहुँचे, अचानक सड़क के दाईं ओर से दो आतंकवादियों ने वाहनों पर भारी गोलाबारी कर दी। आतंकवादियों ने सबसे पहले सीआरपीएफ के ट्रक पर गोलीबारी की, जिसमें चालक सहित छह कर्मी घायल हो गए। वाहन के अंदर बैठे कर्मियों ने तुरंत पोजीशन ले ली और जबाबी कार्रवाई की। इस बीच, ट्रक चालक ने अपनी चोटों को नजरअंदाज करते हुए वाहन को आगे बढ़ाया और वाहन को फायरिंग की मारक सीमा से बाहर ले गया।

इसके बाद, आतंकवादियों ने दूसरे वाहन को निशाना बनाया, जो एक बस थी और पैंतालीस कार्मिकों को ले जा रही थी। आतंकवादियों ने बस के आगे के टायरों और चालक पर गोलीबारी की। बस के आगे के दोनों टायर फट गए और ड्राइवर भी आतंकवादियों की गोलियों से चोटिल हो गया। चोट के बावजूद, चालक ने वाहन को नियंत्रित किया और उसे रोक दिया। आतंकवादी बस के सामने आए और बस के आगे से और बाईं ओर से बस पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इस अचानक हमले में बाईं ओर और आगे की दो सीटों पर बैठे कर्मी कई गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए और बस के फर्श पर गिर गए। कुछ जवान आतंकवादियों के प्रारंभिक हमले के बाद तुरंत संभल गए और उन्होंने आतंकवादियो पर गोलीबारी कर दी। उनमें से हेड कांस्टेबल वीर सिंह और कांस्टेबल सतीश चंद ने पहल की और अनुकरणीय साहस एवं बहादुरी दिखाते हुए, अपनी सीटों से उठे और एक आतंकवादी पर जवाबी गोली चलाई, जो बाईं ओर से गोलीबारी कर रहा था। अब तक, दूसरा आतंकवादी उन्हें दिखाई नहीं दिया, क्योंकि वह बस के आगे था। हेड कांस्टेबल वीर सिंह और कांस्टेबल सतीश चंद द्वारा की गई कारगर फायरिंग से आतंकवादी घायल हो गया। इस बीच, दूसरे आतंकवादी ने अपनी छिपी हुई पोजीशन का फायदा उठाते हुए, बस के आगे के विंडस्क्रीन से गोलीबारी की, जिसमें ये दोनों घायल हो गए।

उपरोक्त दोनों की साहसिक जवाबी कार्रवाई का अनुसरण करते हुए, अन्य कर्मियों ने भी हमले का मुकाबला करने में उनका साथ दिया। बस के अंदर से भारी जवाबी हमले ने आतंकवादी को कवर लेने के लिए मजबूर किया। घायल आतंकवादी ने हताहतों की संख्या को अधिकतम बढ़ाने के लिए हथगोलों के साथ आगे के दरवाजे से बस में प्रवेश करने की कोशिश की, लेकिन हेड कांस्टेबल वीर सिंह और कांस्टेबल सतीश चंद द्वारा की गई कारगर फायरिंग के कारण वह बस में प्रवेश नहीं कर सका और उसने के आगे के बाएं टायर के पास कवर ले लिया। बस में प्रवेश करने में असमर्थ पाने पर, आतंकवादी ने बस के अंदर एक ग्रेनेड फैंका, जिसमें कुछ अन्य कर्मी घायल हो गए। बस में दूसरे ग्रेनेड से और अधिक कर्मी हताहत हो सकते थे, इसलिए हेड कांस्टेबल वीर सिंह और कांस्टेबल सतीश चंद आतंकवादी से आमने-सामने की लड़ाई लड़ने के लिए बस के अंदर आगे बढ़ गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, वे सामने के गेट के करीब आ गए। आतंकवादी बेतहाशा गोलीबारी कर रहा था और गेट के पास पोजीशन लिया हुआ ये आतंकवादी बस के अंदर एक और ग्रेनेड फेंकने की तैयारी कर रहा था।

इससे पहले कि वह अपने इस प्रयास में सफल हो पाता, दोनों ने आतंकवादी पर फायर कर दिया। लेकिन आपसी गोलीबारी में वे फिर गोलियों से घायल हो गए। हेड कांस्टेबल वीर सिंह और कांस्टेबल सतीश चंद दोनों को गम्भीर चोटें आई। उनके घावों से अत्यअधिक खून बह रहा था। बहादुरों को मौत का डर कभी नहीं सताता। दोनों शूरवीरों में मातृभूमि की रक्षा की भावना कूटकूट कर भरी थी। वे डरने वाले में से नहीं थे सभी घातक बाधाओं को दरकिनार करते हुए, वे खड़े हुए और आतंकवादी पर अंतिम हमला किया। उन्होंने एक आतंकवादी को मौके पर मार गिराया। घातक चोटों के कारण दोनों की शहादत हुई। वे अपनी अंतिम सांस तक लड़े, जो हर सैनिक की इच्छा होती है और उन्होंने वर्दी पहने अपने अन्य साथियों और भूमिपुत्रों की जान बचा कर कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।

पहले आतंकी को मरा हुआ देखकर दूसरा भी बस के बाईं ओर आया और बस से फायरिंग कर रहे कर्मियों को मारने के लिए उसने बाईं ओर से भारी गोलीबारी की। आतंकवादी की पोजीशन इस प्रकार थी की तीसरे वाहन (जवानों को लाने-लेजाने हेतु स्वराज माजदा) में बैठे कार्मिको, जो बसे के पीछे 60-70 गज दूर थे, ने छिपे आतंकवादी को देख लिया। तीसरे वाहन की सुरक्षा टीम में शामिल हेड कांस्टेबल गुलविंदर सिंह वाहन से बाहर आए और उन्होंने आतंकवादी को निशाना बना लिया। आतंकवादी को गोली लगी और इसने आतंकवादी को कवर लेने के लिए मजबूर किया। पीछे के वाहन से फायर आते देख, आतंकवादी ने तुरंत पीछे उनकी ओर फायर किया। आतंकवादी की जवाबी कार्रवाई में हेड कांस्टेबल गुलविंदर सिंह के दाहिने कंधे में गोली लग गई। गंभीर चोट लगने के कारण, वह आगे फायर नहीं कर सके और उसकी राइफल उसके हाथ से नीचे गिर गई। कांस्टेबल यशवंत कुमार सिंह, जो गुलविंदर सिंह के बिल्कुल पास में थे, ने उन्हें तुरंत पीछे खींच लिया और अपनी पोजीशन लेकर जवाबी हमले के लिए हथियार उठा लिया। उसने आतंकी पर सटीक निशाना साधा। इस बीच, ख्रीव चौक के पास तैनात 110 बटालियन का एक बीपी बंकर घटना स्थल पर पहुंच गया। सब इंस्पेक्टर नंद लाल राम और कांस्टेबल सोम राज, जो बीपी बंकर में थे, आतंकवादी के खिलाफ जवाबी हमला बढ़ाने के लिए एक पल गंवाए बिना वाहन से नीचे कूद गये। उन्होंने आतंकवादी पर सटीक फायर किया। आतंकवादी ने उनका जवाब गोली की बौछारो के साथ दिया। दोनों ने बीपी बंकर का कवर लेकर अपनी जान बचाई। हालांकि, इससे कांस्टेबल यशवंत कुमार सिंह (तीसरे वाहन) को आतंकवादी को निशाना बनाने का

मौका मिल गया। आतंकवादी उलझन में पड़ गया था कि जवाबी कार्रवाई पहले किसके साथ की जाए। तीनों (कांस्टेबल यशवंत कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर नंद लाल राम और कांस्टेबल सोम राज) ने आतंकवादी की ओर गोलियों की बौछार कर दी और उसे मौके पर ही मार दिया गया।

यह आतंकवादियों का घातक आत्मघाती हमला था। वे सुरक्षा बलों के नरसंहार के लिए तैयार हो कर आए थे। हालांकि शुरू में वे कर्मियों को गंभीर चोट पहुंचाने में सफल रहे, फिर भी हमारे सैनिकों ने इस अचानक सदमें से स्वयं को संभाल लिया। हेड कांस्टेबल वीर सिंह और कांस्टेबल सतीश चंद आतंकवादियों के साथ बहादुरी से लड़े। उन्हें घातक चोटे आई, फिर भी उन्होंने एक खूंखार विदेशी आतंकवादी को मार गिराया। उन्होंने कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान दिया। हेड कांस्टेबल गुलविंदर सिंह और कांस्टेबल यशवंत कुमार सिंह ने बहादुरी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दूसरे आतंकवादी को मार गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक सजीव ऑपरेशन, जिसमें आमने-सामने से गोलीबारी होती है और जीवन को प्रत्यक्ष खतरा होता है, में शामिल होने का उनका अदम्य साहस और बिना हिचक पहल उन्हें उचित प्रशंसा के योग्य बनाती है। सब इंस्पेक्टर नंद लाल राम और कांस्टेबल सोम राज के योगदान से हमारे जवानों की जवाबी कार्रवाई की क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और साथ ही बस जैसे आसान लक्ष्य से आतंकवादियों का ध्यान भटक गया, अन्यथा इससे बड़ी संख्या में जवान हताहत हो सकते थे। उपरोक्त बहादुर वीर अनुकरणीय प्रयासों के लिए सर्वोच्च सम्मान के पात्र हैं।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री स्व. वीर सिंह, हेड कांस्टेबल, स्व. सतीश चंद, कांस्टेबल, नंदलाल राम, उप-निरीक्षक, गुलविन्दर सिंह, हेड कांस्टेबल, यशवंत कुमार सिंह, कांस्टेबल और सोम राज, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.06.2016 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 168-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जय प्रकाश सिंह
   सेकेंड इन कमांड

2. रमेश कुमार सिंह
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जम्मू और कश्मीर में जिला कुपवाड़ा के पुलिस थाना कलामाबाद के अंतर्गत ग्राम-शतगुंड बाला में दिनांक 11 अक्तूबर, 2018 को लगभग 00:30 बजे भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों की मौजूदगी होने के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर सं. 851181295 उप निरीक्षक रमा शंकर सिंह की कमान में 92वीं बटालियन की डी कम्पनी की एक प्लाटून स्पेशल ऑरेशन्स ग्रुप (एसओजी) हंदवाड़ा के साथ ग्राग शतगुंड बाला के लिए रवाना हुई। 92वीं बटालियन के सेकंड इन कमांड श्री जे.पी.सिंह की समग्र कमान के तहत सहायक कमांडेंट, श्री मोहम्मद शाहनवाज की कमान में 92वीं बटालियन का एक द्रुत कार्रवाई दल (क्यूएटी) भी उक्त गांव में पहुंचा। ग्राम शतगुंड बाला पहुंचने पर उप निरीक्षक रमाशंकर सिंह की कमान में डी/92 की प्लाटून संख्या 01 को दक्षिण-पूर्व दिशा से लक्ष्य क्षेत्र/घर की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया, एसओजी हंदवाड़ा को उत्तर-पूर्व दिशा से तथा 30 राष्ट्रीय राइफल के सैन्य दल को उत्तर-पश्चिम एवं दक्षिण-पश्चिम दिशा से लक्ष्य क्षेत्र की घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। जब संयुक्त सैन्य दलों द्वारा आरंभिक घेराबंदी की जा रही थी, आतंकवादी लक्ष्य घर से बाहर निकले और उन्होंने घेराबंदी कर रहे सैन्य दलों पर गोलीबारी आरंभ कर दी। बच निकल कर भागने के प्रयास में उन्होंने ग्रेनेड फैंकने की भी कोशिश की। सैन्य दलों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की और यह सुनिश्चित किया कि आतंकवादी घेराबंदी तोड़ने में सफल न हों जाए और अपने छुपने की जगह में वापस न चले जाए। श्री मोहम्मद शाहनवाज की कमान में क्यूएटी/92वीं बटालियन को डी/92 की प्लाटून के साथ आतंरिक घेराबंदी में स्थित कर घेराबंदी को दोगुना कर

दिया गया ताकि भाग निकलने के हर संभावित मार्ग को बंद किया जा सके। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सैन्य दलों की समग्र देखरेख का उत्तरदायित्व 92वीं बटालियन के सेकंड इन कमांड, श्री जे.पी. सिंह को सौंपा गया था।

रातभर रूक-रूक कर गोलाबारी चलती रही। तथापि, अंधेरे का फायदा उठाते हुए आतंकवादी घर से भाग निकलने में सफल हो गये थे और उन्होंने खुद को झाडियों, लकडियों के गड्ढरों और असमतल जमीन के पीछे छुपा लिया था। सैन्य दल ने आक्रामक रूख अपनाने की बजाय रात भर प्रतीक्षा करने का निर्णय लिया ताकि सुबह तड़के ही अभियान को पुन: आरंभ किया जा सके। सैन्य दल ने समुचित सावधानी के साथ रातभर घेराबंदी जारी रखी। सुबह तड़के ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हंदवाड़ा, 30 राष्ट्रीय राइफल के कमान अधिकारी ने संयुक्त निर्णय लिया कि चूंकि काफी देर से आतंकवादियों की ओर से कोई गोलाबारी नहीं हुई है, अत: उस क्षेत्र की छानबीन की जाए और आतंकवादियों का पता लगाया जाए। क्यूएटी/92वीं बटालियन को दक्षिण-पूर्व दिशा से उस क्षेत्र की छानबीन आरंभ करने और लक्ष्य घर तक पहुंचने का दायित्व सौंपा गया; इसी तरह, एसओजी हंदवाड़ा को उत्तर-पूर्व और 30 राष्ट्रीय राइफल्स को उत्तर-पश्चिम एवं दक्षिण-पश्चिम दिशाओं से घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया।

चूंकि आतंकवादियों के छुपे होने की जगह के बारे में सटीक जानकारी नहीं थी और काफी देर से कोई भी गोलाबारी नहीं हुई थी, इसलिए खोजबीन करना खतरों से खाली नहीं था। श्री जे.पी. सिंह ने सीआरपीएफ के खोजी दल के नेतृत्व की जिम्मेदारी अपने उपर ले ली। सुबह लगभग 09:00 बजे जब संयुक्त खोजी दल अपने-अपने क्षेत्रों में खोजबीन कर रहे थे और लक्ष्य घर की तरफ बढ रहे थे, आतंकवादियों जिन्होंने खुद को रात के अंधेरे में लक्ष्य घर के नजदीक पेड़ों और उपलब्ध प्राकृतिक कवर में छुपा लिया था, ने अपने पास आते हुए खोजी दल पर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। खोजीदल जमीन पर लेट गया और जो कुछ भी कवर मिला उसके पीछे छुपकर जवाबी कार्रवाई आरंभ कर दी। चूंकि, अब आतंकवादियों के छुपने की सटीक जगह के बारे में जानकारी मिल चुकी थी, इसलिए भीतरी घेराबंदी का उत्तरदायित्व संभाले हुए डी/92 की प्लाटून ने क्यूएटी/92 बटालियन के खोजी दल को कवर फॉयर उपलब्ध कराया और आतंकवादियों को उलझाए रखा। तथापि, चूंकि आतंकवादियों ने शंकुकार घने वृक्षों के मोटे तनों के पीछे पोजीशन ली हुई थी, इसलिए सैन्य दल की गोलीबारी निष्भावी हो रही थी। श्री जे.पी. सिंह ने एक कुशल सेनानायक की तरह समुचित सावधानी, रणनीतिक कौशल और चातुर्य का प्रदर्शन करते हुए अपने साथी 'संख्या 060042883' कांस्टेबल रमेश कुमार सिंह के साथ चुपचाप लक्ष्य तक पहुंचने का निर्णय लिया। दोनों ने असमतल जमीन में छोटे-छोटे प्राकृतिक कवरों का इस्तेमाल कर रेंगते हुए आतंकवादियों के छुपने की संभावित जगह तक पहुंचे। इन दोनों की गतिविधि को भांपते हुए आतंकवादियों ने इनकी ओर हथगोला फेंका और गोलीबारी आरंभ कर दी। आतंकवादियों के इस कृत्य से विचलित हुए बिना, विलक्षण बुद्धिमत्ता और अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए इन दोनों ने तुरंत अपनी पोजीशन को बदल लिया और लक्ष्य की तरफ बढते रहे। श्री जे.पी. सिंह और कांस्टेबल रमेश कुमार सुविधाजनक स्थान, जहां से वे लक्ष्य साधकर गोलीबारी कर सकते थे, पर पहुंचते ही कवर से बाहर निकले और उन्होंने इस तरह दुश्मन को चौंका दिया। अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन करते हुए दोनों ने गोलीबारी आरंभ कर दी और आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। इसी दौरान, अन्य आतंकवादी बौखलाहट में दूसरी ओर भाग चुका था, जहां उसे 30 राष्ट्रीय राइफल और एसओजी हंदवाड़ा द्वारा गोलीबारी में मार गिराया गया। तत्पश्चात, खोजी दलों ने यह पुष्टि करने के लिए प्रतीक्षा की कि वहां कोई अन्य आतंकवादी जीवित नहीं है। जब काफी देर तक कोई भी गोलीबारी नहीं हुई, पूरे इलाके की गहन खोजबीन की गई। मारे गए दो आतंकवादियों के शव के साथ एक एके-राइफल, एक इनसॉस राइफल, मैगजीन्स, इनके साथ के गोला-बारूद, हथगोले और अन्य आपराधिक सामग्री बरामद हुई।

आतंकवादियों की पहचान क++ श्रेणी के कुपवाड़ा के एचएम संगठन के जिला कमांडर मनन बशीर वाणी उर्फ हमजा भाई, पुत्र बशीर अहमद वाणी निवासी टेकीपुरा, लोलाब, जिला-कुपवाड़ा और ग श्रेणी के आतंकवादी आशिक हुसैन जरगार पुत्र गुलाम मोइनुद्दीन जरगार निवासी-तुलवाड़ी लंगाटे, पीडी-हंदवाड़ा के रूप में हुई।

इस अभियान में श्री जे.पी. सिंह, सेकैंड इन कमांड ने अपने सैन्य दल का आगे से नेतृत्व करते हुए और गंभीर स्थिति में स्वयं अपने साथियों के साथ खड़े रहने तथा पीछे न हटने का विश्वास भरते हुए परिपक्व नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। कांस्टेबल रमेश कुमार सिंह ने अपने कंपनी कमांडर का साथ देते हुए अनुकरणीय शौर्य, वीरता और कर्तव्य के प्रति अक्षुण निष्ठा का परिचय दे कर खुद को सौंपे गये दायित्व को निभाया और परिणामस्वरूप एक आतंकवादी को मार गिराया।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री जय प्रकाश सिंह, सेकैंड इन कमांड और रमेश कुमार सिंह कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.10.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 169-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत) प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम तथा रैंक

सर्व/श्री

1.	सुरेन्द्र सिंह देव डिप्टी कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
2.	स्व. श्याम नारायण सिंह यादव हेड कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11 सितम्बर, 2018 को लगभग 0300 बजे जम्मू और कश्मीर (जेएंडके) में गांव-गुलूर, पुलिस पोस्ट-लंगाटे, पुलिस स्टेशन-हंदवाडा, जिला-कुपवाड़ा में इमरान अहमद वानी सुपुत्र सुनावाला वानी के घर में भारी-भरकम हथियारों से लेस आतंकवादियों की मौजूदगी होने की विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त सूचना मिलने पर, श्री सुरेन्द्र सिंह देव, डिप्टी कमांडेट की कमान में 92 बटालियन सीआरपीएफ की क्यूएटी और इंस्पेक्टर पिंटू कुमार सिंह की कमान में 92 बटालियन की डी कंपनी की 01पलटन गुलूरा गांव की ओर बढ़ी तथा 30 आरआर और एसओजी हंदवाडा के सैन्यदलों के साथ शामिल हो गए जो कि वहां पहले से ही मौजूद थे। इसके पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हंडवाडा के साथ मिलकर आरआर और सीआरपीएफ के कमांडरों द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई गई। तदनुसार, श्री एसएस देव, डिप्टी कमांडेट के समग्र कमान के तहत डी/92 बटालियन की 01 पलटन और क्यू ए टी 92 बटालियन को दक्षिण-पूर्वी दिशा से लक्षित घर को घेरने का कार्य सौंपा गया, एसओपी हंदवाडा को उत्तर-पूर्वी दिशा से तथा 30 आरआर के सैन्य बलों को उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण दिशा के बाकी क्षेत्रों की घेराबंदी का कार्य सौंपा गया। 21 आरआर और एसओजी, जेकेपी हंडवाडा के सैन्य बलों द्वारा बाहरी घेराबंदी की गई। जब घेराबंदी की जा रही थी, तब इमरान अहमद वानी (वह 04 सितम्बर, 2017 को गांव-शंकर गुंड, सोपोर में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए आतंकवादी परवेज अमहद वानी का भाई था) के घर में छिपे एक आतंकवादी ने घेराबंदी तोड़ने के लिए हड़बड़ी में अंधाधुंध गोलीबारी चलाते हुए घर से बाहर आने की कोशिश की। सैन्य बलों द्वारा प्रभावी जवाबी कार्रवाई ने आतंकवादियों को वापस उसी घर में जाने पर मजबूर कर दिया, जिसमें वह छिपा हुआ था। इसके पश्चात्, घेराबंदी को और मजबूत करते हुए आस पड़ोस के कुछ और घरों को भी घेरे में शामिल कर लिया गया, जहां आतंकवादी घुस सकते थे।

लक्षित घर और पड़ोस के घरों में जो आम नागरिक फंसे हुए थे, उन्हें संयुक्त सैन्य बलों द्वारा स्वयं को जोखिम में डालकर एक-एक करके बाहर निकाल कर सुरक्षित जगह पर ले जाया गया। इसके पश्चात् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, हंदबाडा द्वारा जन संबोधन प्रणाली पर घोषणा करके आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने को कहा गया, परन्तु उसने कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला और उन्होंने गोलाबारी की बौछार शुरू कर दी, जिससे आतंकवादियों के आत्मसमर्पण न करने की मंशा स्पष्ट हो गई। घेराबंदी में तैनात सैन्य दल ने भी प्रभावी ढंग से जवाबी गोलीबारी की, हांलाकि यह देखा गया कि तब तक आतंकवादियों ने अपनी जगह बदल ली थी।

सुरक्षा बलों का सामना करने के सिवाय कोई विकल्प न होने पर घेराबंदी तोड़ने की मंशा में ताबड़तोड़ गोलीबारी करते हुए और ग्रेनेड फेंकते हुए उस घर से बाहर भागे। एक आतंकवादी दक्षिण-पूर्व दिशा में भागा और दूसरा उत्तरी दिशा में भागा। जो आतंकवादी दक्षिण-पूर्वी दिशा में भागा था, वह श्री एस.एस.देव की अडिग और दृढ़ कमांड के तहत डी कंपनी की पलटून और क्यूएटी-92 बटालियन द्वारा की गई घेराबंदी की ओर भागा, जिसके लिए प्रभावी जवाबी कार्रवाई की गई, जिसके फलस्वरूप उसे पीछे हटना पड़ा और निर्माणाधीन दूसरे घर के समीप पोजीशन लेनी पड़ी। आतंकवादियों ने स्वयं को लक्षित घर और निर्माणाधीन घर के बीच में सुरक्षित रूप से छिपा लिया था, जिस कारण सैन्यबल उस पर प्रभावी ढंग से गोली नहीं चला पा रहे थे। सं. 911182721 हेड कांस्टेबल श्याम नारायण सिंह यादव के साथ एस.एस. देव, डिप्टी कमांडेट ने पहल और एहतियाति कार्रवाई करते हुए दुश्मन की स्थिति का पता लगाने के लिए दुश्मन की ओर बढ़ने का निर्णय किया। यह कदम काफी जोखिम भरा था, क्योंकि आतंकवादी उनकी गतिविधियों को देख सकता था। हांलाकि उपलब्ध सुरक्षा कवर का फायदा उठाते हुए और कम से कम जगह लेते हुए वे झुककर और रेंगते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ गये। आतंकवादी ने उनकी गतिविधि को भांपते हुए उनकी ओर गोली चलाई, जिससे वे बचने में सफल हुए और जल्द से उन्होंने अपनी जगह बदल ली। वे तेजी से आतंकवादी की ओर बढ़े एवं उनकी गति, कौशल और बेहत्तर रणनीति से आतंकवादी हैरान रह गया। आतंकवादी की ओर से आक्रमण के बावजूद, श्री एस.एस. देव, डिप्टी कमांडेट और सं. 911182721 हेड कांस्टेबल श्याम नारायण सिंह यादव ने आतंकवादी को निढाल कर दिया और लक्षित प्रभावी फायरिंग से उसे ढेर कर दिया। इसके पश्चात्, अपनी स्थिति में बने रहने और सुबह की पहली किरण दिखने तक उस पर नजर रखने का निर्णय लिया गया। सुबह की पहली किरण दिखते ही मारे गए आतंकवादी के शव का पता लगा लिया गया था, जो कि श्री एस.एस. देव डिप्टी कमांडेंट और सं. 911182721 हेड कांस्टेबल श्याम नारायण सिंह यादव के बहुत निकट मिला। दूसरा आतंकवादी, जो इस दौरान उत्तरी दिशा से घेराबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहा था उसे 30 आरआर और एसओजी, हंडवाडा के सैन्य बलों द्वारा ढेर कर दिया गया।

तदन्तर, उस क्षेत्र की छानबीन की गई, जिसमें दो मारे गये आतंकवादियों के शव और दो एके राइफलें, मैगज़ीन, संबंधित गोलाबारुद और अन्य आपराधिक सामग्री बरामद की गई। मारे गए आतंकवादियों की शिनाख्त लश्कर-ए-तोएबा (एलईटी) आतंकवादी संगठन के फुरकन राशिद लोन निवासी-लांगेट, हंदवाडा और लियाकत मोहि-उ-द्दीन लोन, निवासी-हरवान, सोपोर, बारामुला के रूप में की गई।

ऑपरेशन के दौरान, श्री सुरेन्द्र सिंह देव, डिप्टी कमाडेंट (इरला सं. 6826) ने आतंकवादी को घेरने और ढेर करने में दक्ष नेतृत्व कौशल, कुशल रणनीति और सूझ बूझ का प्रदर्शन किया। उनके अतिसक्रिय कार्रवाई और आत्मविश्वास ने सं. 911182721 हेड कांस्टेबल श्याम नारायण सिंह यादव को जोखिम उठाने और अपने वरिष्ठ अधिकारी के आदेश का पालन करने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया। इसके परिणामस्वरूप, दोनो आतंकवादी को मार गिराने में कामयाब रहे। (हालांकि, गांव खानू, बाबागुंद, पुलिस थाना-करलगुंद पीडी-हंडवाडा, जिला-कुपवाडा, जम्मू और कश्मीर में दिनांक 01.03.2019 को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सं. 911182721 हेड कंस्टेबल श्याम नारायण सिंह यादव सर्वोच्च बलिदान देते हुए शहीद हो गए)।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री सुरेन्द्र सिंह देव, डिप्टी कमांडेट और स्व. श्याम नारायण सिंह यादव, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.09.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 170-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)/वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1.	लौकरकपम इबोमचा सिंह सहायक कमांडेंट	राष्ट्रपति का पुलिस पदक
2.	स्व. मो. मोज़ाहिद खान कांस्टेबल	राष्ट्रपति का पुलिस पदक (मरणोपरांत)
3.	रवि शर्मा सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार
4.	नरेश कुमार सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक का चतुर्थ बार
5.	एबी थोमस सहायक कमांडेंट	वीरता के लिए पुलिस पदक
6.	बुद्धि सिंह कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार
7.	रंजन कुमार कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
8.	देवसंत कुमार कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक
9.	संत राम सिंह कांस्टेबल	वीरता के लिए पुलिस पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

आसूचना एजेंसियों ने पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों द्वारा सुरक्षा संस्थापना पर हमले की चेतावनी दी थी और मात्र दो दिन बाद ही जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने जम्मू स्थित संजुआन आर्मी कैम्प पर हमला कर दिया। पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तोएबा के आतंकियों द्वारा दिनांक 12.02.2018 को सुबह तड़के किए गए कायरतापूर्ण हमले ने करन नगर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के मुख्यालय/23वीं बटालियन के कैम्प के शांत माहौल को बिगाड़ दिया जहां, कई कश्मीरी पंडित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ियों के साथ रह रहे थे।

23वीं बटालियन के सतर्क सन्तरी कांस्टेबल/जीडी गैत रघुनाथ, जो कि उस समय ड्यूटी पर थे, ने आतंकवादियों को ललकारा और हथियारों से लैस आतंकियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकी अंधेरे का फायदा उठाकर घटनास्थल से भाग गए। श्री एम. के. बिस्वास, 2आईसी तथा श्री जगबीर सिंह, 23वीं बटालियन के उप कमांडेंट की कमान के तहत 23वीं बटालियन की यूनिट क्यूएटी तत्काल घटनास्थल की ओर रवाना हो गई और उक्त क्षेत्र की घेराबंदी शुरू कर दी। इसी बीच नॉर्थ रेंज क्यूएटी, 49वीं बटालियन क्यूएटी और वैली क्यूएटी की सैन्य टुकडियां भी वहां पहुंच गई तथा घेरेबंदी को और सख्त कर दिया। प्रात: लगभग 7.00 बजे, श्री रतुल दास, 2 आईसी, श्री एल. इबोमचासिंह, सहायक कमांडेंट, तथा श्री रवि शर्मा की अगुवाई में वैली क्यूएटी की सर्च-पार्टी ने सभी घरों की तलाशी लेना शुरू कर दिया। उस क्षेत्र के चारों ओर कई रिहायशी पॉकेट्स हैं और बल यह नहीं चाहते थे कि इस ऑपरेशन से आस-पास किसी और को कोई क्षति पहुंचे। अपने शानदार रणनीतिक कौशल तथा पेशेवर कुशलता का परिचय देते हुए एम. के. बिस्वास और जगबीर सिंह ने यूनिट क्यूएटी के साथ बुलेट प्रूफ वाहनों तथा अपने पास उपलब्ध अन्य उपकरणों की सहायता से आम नागरिकों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों के परिवारों को वहां से सुरक्षित निकाला। सर्च-पार्टी ने खाली पड़े हुए और निर्माणाधीन भवनों की तलाशी का कार्य पूरा किया, लेकिन वहां आतंकियों के होने के कोई संकेत नहीं मिले। इसके बाद अधिकारियों के मन में यह संदेह पैदा हुआ कि कहीं आतंकी उप महानिरीक्षक नॉर्थ श्रीनगर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्यालय के नजदीक स्थित बहुमंजिला निर्माणाधीन भवन में तो नहीं छिपें हैं क्योंकि वहां छिपकर वे दूसरे हमले की योजना बना सकते हैं। उन्होंने उस भवन के अन्दर टीएसएम बमों के उपयोग का विकल्प चुना और वैली क्यूएटी के श्री एल. इबोमचा अपने साथी कांस्टेबल/जीडी देवसंत कुमार के साथ, श्री रवि शर्मा अपने साथी कांस्टेबल/जीडी सन्तराम कुमार के साथ और श्री एबी थोमस अपने साथी कांस्टेबल/जीडी बुद्धि सिंह के साथ जान जोखिम में डालकर उस भवन के समीप पहुंच गए और अलग-अलग दिशाओं से भवन के अन्दर टीएसएम बमों से गोलीबारी करनी आरम्भ कर दी। यह योजना फलीभूत हुई और इस कार्रवाई का मुकाबला करने में नाकाम दो आतंकी अंधाधुंध गोलियां बरसाते हुए सामरिक दृष्टि से किसी सुरक्षित ठिकाने की ओर भागने लगे। अदम्य साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए सभी अधिकारियों ने साथियों के साथ भवन के नजदीक पोजीशन लेकर आतंकियों की गोलीबारी का मुहतोड़ जबाव दिया और निर्माणाधीन भवन में दोनों आतंकियों को अलग-थलग करने में कामयाब हुए।

इसी बीच, श्री रतुल दास, 2आईसी, 73 बटालियन, श्री एम. के. बिस्वास, 2आईसी और श्री जगबीर सिंह, उप कमांडेंट (अब 2आईसी), 23 बटालियन भी क्रमशः वैली क्यूएटी और यूनिट क्यूएटी की सैन्य टुकड़ियों के साथ बिना समय गंवाए और गोलियों की सनसनाहट के बीच अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए शामिल हो गए। तदुपरांत, उत्कृष्ट पेशेवर कुशलता और असाधारण नेतृत्व कौशल का परिचय देते हुए उन्होंने तत्परतापूर्वक स्थिति का आकलन किया। उन्होंने सैन्य दलों का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें गोलीबारी जारी रखते हुए एक स्थान बदलकर दूसरे स्थान जाने को कहा। उनकी प्रेरणादायी उपस्थिति और समर्थन ने सैन्य दलों के मनोबल को ऊंचा बनाए रखा।

शुरूआती जवाबी गोलीबारी में 49वीं बटालियन के कांस्टेबल/जीडी, मो. मोज़ाहिद खान को गोलियां लगी। घायल होने के बावजूद मो. मोजाहिद खान ने पोजीशन ले ली और बहुत ही मुस्तैदी से आतंकियों से लोहा लेते रहे। उसी समय एल. इबोमचासिंह अपने साथी कांस्टेबल देवसंत कुमार के साथ एक प्रशिक्षित सैनिक के रूप में अदम्य पराक्रम, धैर्य, संकल्प तथा दिलेरी दिखाते हुए वाहन से बाहर निकले तथा मो. मोज़ाहिद खान को सुरक्षित निकालने के लिए रवि शर्मा और एबी थोमस की पार्टी द्वारा प्रदान की जा रही कवर फायरिंग के बीच रेंगते हुए भवन की ओर बढ़ने लगे। मो. मोज़ाहिद खान ने घातक चोटों के बावजूद बहुत ही बहादुरी के साथ जवाबी गोलीबारी जारी रखी। बर्फबारी और कीचड़ युक्त जमीन होने के कारण बीपी बंकर को घटना स्थल तक पहुंचना मुश्किल हो रहा था। एल. इबोमचासिंह तथा कांस्टेबल देवसंत कुमार दोनों अंधाधुंध गोलीबारी के बीच अपने डर पर काबू रखते हुए घायल मो. मोज़ाहिद खान की ओर रेंगते हुए आगे बढ़े और अदभूत सूझ-बूझ तथा अभिनव तरकीबों का प्रदर्शन करते हुए उसे वहां से घसीटते हुए निकाला। इसके बाद उन्हें तत्काल यूनिट के एमआई रूप में स्थानांतरित किया गया लेकिन अपनी घातक चोटों के कारण उन्होंने इससे पहले ही दम तोड़ दिया।

उस दिन तेज हवाएं चल रही थीं और बर्फबारी के साथ-साथ गर्जना युक्त तूफान के कारण दिखाई देना मुश्किल हो गया था, जिससे चुनौती और बढ़ गई। इस अप्रत्याशित मौसम के कारण आतंकियों को अपनी पोजीशन बदलने में मदद मिल गई। इसी बीच, रतुल दास के मार्गदर्शन में वैली क्यूएटी की टीम ने एलएमजी की गोलीबारी के साथ लक्षित भवन के दाहिनी ओर से आतंकियों को निशाने पर रखा, जबकि एम. के. बिस्वास और जगबीर सिंह की दूसरी टीम ने एलएमजी के साथ-साथ छोटे हथियारों से गोलीबारी करके लक्षित भवन

के बायीं ओर से आतंकियों को व्यस्त रखा। चूंकि, विपरीत मौसम, ऑपरेशन को चलाने में मुसीबतें खड़ी कर रहा था, इसलिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एल. इबोमचासिंह ने रतुल दास, रवि शर्मा, एबी थोमस, एम.के. बिस्वास और जगबीर सिंह के साथ परामर्श करके और उनके कवर फायर के साथ अपनी जान की परवाह न करते हुए सीजीआरएल गोलीबारी की संभावना का पता लगाने के लिए कार्रवाई स्थल का चुपके से निरीक्षण किया। खतरे को भांपते हुए आतंकियों ने एल. इबोमचासिंह की पार्टी पर गोलियों की बौछार कर दी। हालांकि, जीवन और मौत के इस संघर्ष के बीच एल. इबोमचासिंह की सूझबूझ और उनके साहसी प्रयासों का लाभ मिला और उन्होंने अपने साथी के साथ शत्रुओं पर सीजीआरएल गोलीबारी से लक्ष्य साधने के लिए एक जगह खोज निकाली। आतंकियों के स्थिर और सामरिक दृष्टि से अनुकूल पोजीशन पर होने के बावजूद आरएल कमांडर कांस्टेबल रंजन कुमार अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए उसी क्षेत्र से गोलीबारी करने के लिए तैयार हो गये। इस दौरान शानदार रणनीतिक सूझबूझ और पेशेवर कुशलता का परिचय देते हुए एल. इबोमचासिंह, रवि शर्मा और रतुल दास ने बुलेट प्रूफ वाहन की मदद से सभी बाधाओं को दूर करने के लिए आरएल कमांडर कांस्टेबल रंजन कुमार को सुरक्षा कवर प्रदान किया। इसके बाद, पीछे से बैक-अप तथा रवि शर्मा, एबी थोमस, बुद्धि सिंह, संत राम कुमार, एम. के. बिस्वास और जगबीर सिंह द्वारा सटीक कवर-फायर प्रदान करने के साथ आर एल गोलीबारी की ताबड़तोड़ बौछार की गई, ताकि आतंकी आरएल ग्रुप को निशाना न बना सकें। आतंकियों द्वारा सुरक्षित पोजीशन ले लेने के कारण यह ऑपरेशन बहुत चुनौती भरा हो गया तथा धुंधलका छा जाने के कारण संघर्षरत टीम के पास समय भी बहुत कम बचा था, इसलिए कमांडरों ने अगले दिन सुबह होने तक प्रतीक्षा करने का निर्णय लिया। इसके बाद, उक्त पूरे भवन को वाहन तथा फोकस लाइटों के प्रयोग से सख्त निगरानी में रखा गया और टीमों ने गोलीबारी करते हुए आतंकियों को व्यस्त रखा।

लक्षित भवन के पश्चिमी भाग को ध्वस्त करने के लिए दिनांक 13.02.2018 को तड़के सुबह भवन में प्रवेश करने का रास्ता बनाने हेतु एक आईईडी लगाने के लिए एमपीवी की मदद से लक्षित भवन के पश्चिमी छोर से होकर भवन के समीप जाने की योजना बनायी गई। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एल. इबोमचासिंह ने अपनी पार्टी को दो भागों में बांट दिया। पहली टीम की कमान एल. इबोमचासिंह ने स्वयं संभाली और दूसरी टीम की कमान रवि शर्मा को दी। वे दोनों रतुल दास और एबी थोमस द्वारा दी जा रही सटीक कवर फायर के साथ सनसनाती गोलियों के बीच खतरा मोल लेते हुए भवन के नजदीक पहुंचे। एल. इबोमचासिंह जैसे ही लक्षित भवन में प्रवेश करने वाले थे, पहले आतंकी, जिसने उसी तरफ पोजीशन ले रखी थी, ने एल. इबोमचासिंह और उनके साथी कांस्टेबल देवसंत कुमार पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। गोलियों की बौछार से अपने जवानों की जान को बचाने के लिए गंभीर और प्रत्यक्ष खतरे के बावजूद एल. इबोमचासिंह और रवि शर्मा की पार्टी ने जान की बाजी लगाते हुए लड़ाई को जारी रखा तथा एक असाधारण, निर्भीक और साहसी रणनीतिक दांव खेलते हुए बहादुर सैन्य टुकड़ियों ने गोलियों की परवाह किए बिना पहले आतंकी पर निशाना साधा और उसे ढेर कर दिया।

चूंकि, दूसरा आतंकी सुरक्षा बलों को धोखा देने के लिए लगातार अपनी पोजीशन बदल रहा था इसलिए आतंकी की इस चाल को विफल करने के लिए यूएवी (फैन्टम एवं ब्लैक हारनेट) वाहनों की सेवाएं ली गईं तथा द्रोण द्वारा ली गई तस्वीरों के आधार पर रतुल दास, एम. के. बिस्वास, जगबीर सिंह और एबी थोमस द्वारा प्रदान की जा रही सटीक कवर फायर के साथ, कांस्टेबल रंजन कुमार ने आतंकी के छिपने की जगह पर एलएमजी और सीजीआरएल से कई राउण्ड फायर किए।

"भाग्य, बहादुरों का साथ देता है" ऐसी कहावत है और बहादुर कमांडरों के साथ श्री नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट (पीएमजी द्वितीय-बार) शामिल हो गये, जिन्होंने हमेशा ऐसे ऑपरेशनों के दौरान अपने कर्तव्यों के प्रति निर्भीक प्रतिबद्धता का परिचय दिया। उक्त क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए और अपने संयम पर नियंत्रण में रखकर साहसी सैन्य टुकडियों ने दृढ़ निश्चय करके दूसरे आतंकी को ढेर करने के लिए कमरे में प्रवेश करने का निर्णय लिया। जवानों के लिए यह कोई आसान कार्य नहीं था, क्योंकि दूसरा आतंकी सुरक्षित मोर्चाबंदी की ओट में था और वह अलग-अलग जगहों से अचूक ए.के. 47 राइफल सहित कई प्रकार के आधुनिक हथियारों से फायरिंग कर रहा था। इसे देखते हुए कमरे में प्रवेश करने के अति चुनौतीपूर्ण कार्य को अंजाम देने के लिए एसओजी, श्रीनगर के साथ नरेश कुमार, एल. इबोमचासिंह और रवि शर्मा को शामिल करके एक संयुक्त टीम बनायी गई। इस टीम को सदस्यों की तीन जोड़ियों में विभाजित कर दिया गया। पहले साथी जोड़े में नरेश कुमार और साथी बुद्धि सिंह, दूसरे साथी जोड़े में एल. इबोमचासिंह और देवसंत कुमार तथा तीसरे साथी जोड़े में रवि शर्मा और संत राम कुमार शामिल किये गये। नरेश कुमार ने अपने साथी बुद्धि सिंह के साथ अनुकरणीय नेतृत्व प्रदर्शित करते हुए आतंकी को बायीं ओर से घेरने का निर्णय लिया तथा एल. इबोमचासिंह और रवि शर्मा के साथी जोड़ियों ने पीछे की ओर से प्रवेश करने का निर्णय लिया। उक्त आतंकी ने सामरिक ढंग से एक सुरक्षित पोजीशन ले ली, जहां से वह सुरक्षा बलों की हरकतों पर नजर रख सकता था। सोच-समझकर एक जोखिम उठाना था और नरेश कुमार अपने साथी के साथ बैलिस्टिक कवच के पीछे से कवर लेते हुए सावधानीपूर्वक गलियारे की ओर आगे बढ़े। आगे बढ़ती पार्टी से घबराकर आतंकी ने टीमों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी और एक हथगोला भी उन पर फैंका, लेकिन चुस्ती और फुर्ती का परिचय देकर जवानों ने स्वयं को बचा लिया। टीमों ने तत्काल सुरक्षित पोजीशन ली, क्योंकि आतंकी की पोजीशन का पता लग चुका था। अब आगे बढ़े बिना आतंकी को ढेर करना असंभव था। अत: वे हथगोले फेंकते हुए और बीच-बीच में गोलियां चलाते हुए आगे बढ़े। एक-दूसरे पर गोलीबारी करते हुए उनके और आतंकी के बीच कुछ देर तक चूहे और बिल्ली का खेल चलता रहा। गोलीबारी के बीच नरेश कुमार और उनका साथी बुद्धि सिंह उस आतंकी, जो लगातार अपनी पोजीशन

बदल रहा था, को मार गिराने की कोशिश में आगे बढ़ते रहे। जैसे ही नरेश कुमार, एल. इबोमचा और रवि शर्मा थोड़ा और समीप पहुंचे, तो वे अपने कवर क्षेत्र से बाहर आ गए और अपनी जान पर खतरे का सोच-समझकर जोखिम लेते हुए ये युवा कमांडर गोलियों की परवाह किए बिना दूसरे आतंकी के बिल्कुल नजदीक आ गए और उसे ढेर कर दिया।

उक्त भवन की संयुक्त रूप से तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप दो विदेशी आतंकियों के शव बरामद हुए, जो लश्कर-ए-तोएबा नामक उग्रवादी संगठन से संबद्ध थे। तलाशी के दौरान 02 ए.के. 47 राइफलें, 04 मैगजीनें, 20 राउण्ड 7.62X29 मि.मी. का गोलाबारूद, 02 चीनी हथगोले, 02 पाउच, 01 वायर कटर, 02 लाइटर, 1500/-रुपये की नकदी, 1.5 किलोग्राम सूखे मेवे भी बरामद हुए।

यह, विपरीत परिस्थितियों में उन्हें सौंपे गए कार्य में उनके अतुलनीय पराक्रम, त्याग और समर्पण को सम्मानित करने तथा जीवन को खतरे में डालकर उनके द्वारा किए गए असाधारण और प्रेरक नेतृत्व, महान संकल्प तथा परिरक्षा के इस सर्वोच्च कार्य, जिसने न केवल उन्हें व्यापक प्रशंसा का पात्र बनाया अपितु अपने समकक्षों और अधीनस्थों को अधिकतम उपलब्धि के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित किया, को सम्मानित करने का अवसर है। उनका अदम्य साहस, निस्वार्थ बलिदान, उत्कृष्ट पराक्रम, असाधारण दिलेरी, दृढ़ प्रतिज्ञ निष्ठा और गंभीर विपरीत परिस्थिति में उच्च कोटि का समर्पण और कर्तव्य के प्रति उनकी वचनबद्धता सम्मान के योग्य है।

इस ऑपरेशन में सर्व/श्री लौकरकपम इबोमचा सिंह, सहायक कमांडेंट, स्व. मो. मोजाहिद खान, कांस्टेबल, रवि शर्मा, सहायक कमांडेंट, नरेश कुमार, सहायक कमांडेंट, एबी थोमस, सहायक कमांडेंट, बुद्धि सिंह, कांस्टेबल, रंजन कुमार, कांस्टेबल, देवसंत कुमार, कांस्टेबल और संत राम सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक की मंजूरी को शासित करने वाली नियमावली के नियम 4(i) के अंतर्गत वीरता के लिए प्रदान किये जाते हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.02.2018 से दिया जाएगा।

पी. प्रवीण सिद्धार्थ
विशेष कार्य अधिकारी

सं. 171-प्रेज/2019—राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित अधिकारियों को वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं:—

अधिकारियों के नाम एवं रैंक

सर्व/श्री

1. राजेश कुमार कुशवाहा
   हेड कांस्टेबल

2. अभिषेक कुमार सिंह
   कांस्टेबल

3. सूर्य देव दास
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20 सितंबर, 2013 को 1100 बजे, समलर वन क्षेत्र के शोखबाबा गांव में मो. लतीफ खान, पुत्र मो. शफी खान के घर में आतंकवादियों के छिपे होने की एक विश्वसनीय सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बांदीपोरा से प्राप्त हुई। त्वरित कार्रवाई करते हुए, सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन के सेकंड इन कमान (ऑपरेशन), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बांदीपोरा और 14 आरआर के कमान अधिकारी ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए योजना बनाई और एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। तदनुसार, तीसरी बटालियन का त्वरित कार्रवाई दल (क्यूएटी) लक्षित गांव में पहुंचा। योजनानुसार, तीसरी बटालियन की क्यूएटी ने लक्षित मकान के पश्चिमी भाग से दक्षिणी भाग तक घेराबंदी की। आरआर और एसओजी, जम्मू कश्मीर पुलिस के जवानों ने बचे हुए क्षेत्र की घेराबंदी की। जवानों द्वारा लक्षित मकान के चारों ओर आंतरिक घेराबंदी करते समय, आतंकवादियों को उनकी उपस्थिति की भनक लग गई। आतंकवादियों ने घेराबंदी करने में बाधा पहुंचाने और सुरक्षित बच निकलने के लिए जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बावजूद, जवानों ने उपयुक्त तरीके से जवाबी कार्रवाई की और घेराबंदी जारी रखी। इस ऑपरेशन में, दोनों ओर से गोलीबारी जारी रहने के फलस्वरूप कुछ ही घंटों के अंदर दो आतंकी मारे गए।

